हरिभूमि

कई जगह दृश्यता शून्य रही

छोटे तालाब में ऐसा रहा कोहरा

1 प्रदेश में सबसे ठंडा रहा ग्वालियर
2 आज भी होगी 30 जिलों में बारिश

# जाड़े में 'जकड़ा' सूरज

## तीसरे दिन भी बारिश-कोहरा, 46 जिलों में आंधी-बारिश

धूप दिन भर गायब रही ऐसे में प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का अहसास रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले तीन दिनों से प्रदेश के जिलों में मावठे का दौर जारी है। धूप नहीं निकलने की वजह से प्रदेश के 24 से अधिक जिलों में दिन में भी कड़ाके की सर्दी का अहसास रहा। इधर, भोपाल में सुबह चार बजे से करीब पौन घंटे तक तेज बारिश हुई साथ ही कोहरा भी रहा। विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर रही। गुरुवार रात प्रदेश में सबसे ठंडा ग्वालियर रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री रिकार्ड किया गया है, जबकि पचमढ़ी में यह 11.4 डिग्री रहा।

### 24 जिलों में बारिश-आंधी

प्रदेश के 24 जिलों में पिछले 24 घंटे में आंधी और बारिश का दौर चला। शुक्रवार सुबह तक गुना, सीहोर, विदिशा, भोपाल, रायसेन, देवास, इंदौर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, निवाड़ी, छतरपुर, सागर, दमोह, कटनी, पन्ना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सतना में आंधी और बारिश हुई। जबकि शनिवार को भोपाल, शहडोल, सागर संभाग के साथ डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, नीमच, इंदौर, शाजापुर, आगर-मालवा, गुना, अशोकनगर में बारिश हो सकती है।



भोपाल में सुबह चार बजे से करीब पौन घंटे तक तेज बारिश हुई साथ ही कोहरा भी रहा। विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर रही।

### न्यूनतम तापमान

पचमढ़ी से भी ठंडा ग्वालियर

ग्वालियर : 7.9 डिग्री

पचमढ़ी : 11.4 डिग्री




### खबर संक्षेप

#### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारत दूसरे स्थान पर

**मुंबई।** आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारत 117 प्वांइट लेकर पहले स्थान से फिसलकर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया 118 प्वांइट के साथ पहले स्थान पर है। ताजा टेस्ट रैंकिंग में तीसरे नंबर पर इंग्लैंड है उसके पास कुल 115 अंक हैं जबकि चौथे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम के 106 प्वांइट हैं। न्यूजीलैंड की टीम पांचवें स्थान पर मौजूद है।

#### गर्भवती महिला को दी गर्भपात की इजाजत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक महिला को 29 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दी क्योंकि वह अपने पति की मृत्यु के बाद ट्रॉमा से पीड़ित थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति दी जानी चाहिए क्योंकि उसकी मानसिक स्थिरता खराब हो सकती है।



#### सीबीएसई 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा की तारीख बदली

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट में बदलाव किए हैं। कक्षा 12वीं की परीक्षाएं अब 15 फरवरी से 02 अप्रैल, 2024 तक और कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 13 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। छात्र दोबारा जारी की हुई डेटशीट कार्यक्रम सीबीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

रीवा में सीएम डॉ. यादव बोले- अब रीवा के विकास का समय आ गया है

# सरकार अब वल्लभ भवन से संभाग और जिले तथा घर-घर तक विकास ले जाएगी



विंध्य का समग्र विकास होगा, रीवा कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा के लोगों से कहा कि अब रीवा के विकास का समय आ गया है। रीवा के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे।

वैसे भी रीवा की इस समय चारों अंगुलिया घी में हैं। चूंकि उप मुख्यमंत्री आपका है, और मुख्यमंत्री भी आपके रीवा का ही दामाद है। हमारी दोनों मंत्री बहनें मंत्री राधा सिंह व प्रतिमा बागड़ी भी रीवा अंचल की हैं। अब तो रीवा का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विंध्य क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

डॉ. यादव ने किया रीवा में 337 करोड़ 90 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय के लिए नहीं आएगी धन की कोई कमी



### आम जनता के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह जनता की सरकार है। गरीबों की सरकार है। जनता के बीच से ही यह सरकार चुनी गई है। इसलिए, जनता का सम्मान करना शासन और प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व है। संभागीय बैठकों में शासन के निर्णय का पालन हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन आभार यात्रा के माध्यम से जो स्वागत हुआ है उससे अभिभूत होकर संकल्प लिया है कि विंध्य के प्रत्येक क्षेत्र में विकास किया जाएगा। उन्होने बताया कि 16 जनवरी को रीवा में विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को पूरा किया जाएगा।

#### मानव संसाधन पर अधिक निर्भर रहने वाले उद्योगों की स्थापना की जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक बेरोजगार को रोजगार मिले। उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव हो। इसके लिए आने वाले समय में मानव संसाधन पर अधिक निर्भर रहने वाले उद्योगों की स्थापना की जाएगी। खनिज संसाधन की उपलब्धता वाले जिलों में विशेष सब्सिडी देकर उद्योग विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपना सारा जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित किया था। इसलिए सिर्फ रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता पूर्ति नहीं होगी, बल्कि सनातन संस्कृति और धर्म को भी संरक्षित और संवर्धित किया जाएगा।



*43 स्कूटी, 5 मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल एवं 16 तिपहिया साइकिलें बांटी*

*जन अभिलाषा का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों की सुविधा के लिए रीवा की कृषक उपज मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की नई तस्वीर बनाने और भारत को विश्व में नंबर एक देश बनाने की दिशा में प्रयास करने का सभी का संकल्प है। इसे हर कीमत पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप हितलाभ वितरित किए।*

## कौशलेंद्र फिर बने भोपाल कलेक्टर आशीष को इंदौर की जिम्मेदारी मिली

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) में सचिव संजय गुप्ता को वहां से हटाकर श्रम आयुक्त इंदौर बनाया गया



आशीष सिंह



कौशलेंद्र विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने शुक्रवार को 7 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए। इसमें दो बड़े जिलों के कलेक्टर हैं। भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह को इंदौर जिले की कमान दी गई है।

जबकि कौशलेंद्र विक्रम सिंह को फिर से भोपाल कलेक्टर बनाया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें भोपाल में पदस्थ किया गया था, किंतु महज कुछ देर में ही उन्हें बदल दिया गया था। रीवा व शहडोल के संभागायुक्त अनिल सुचारी को हटाकर मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। उन्हें जीएडी में सचिव बनाया गया है।

#### इलैया राजा को पर्यटन निगम का एमडी बनाया

राज्य शासन ने इंदौर कलेक्टर इलैया राजा टी को हटाकर पर्यटन विकास निगम का एमडी बनाया गया है। जबकि श्रम आयुक्त इंदौर एवं आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश (अतिरिक्त प्रभार) भोपाल श्रीकांत बनोठ के पास अब सिर्फ विकअ सह आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल का चार्ज रहेगा।

#### रीवा के संभागायुक्त सुचारी को हटाया, डाड को कमान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को रीवा में थे। रीवा में वे कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने रीवा संभाग की समीक्षा की है। इसी दौरान संभागायुक्त सुचारी को हटाने का आदेश जारी हो गया। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) में सचिव संजय गुप्ता को वहां से हटाकर श्रम आयुक्त इंदौर बनाया गया है। जबकि आयुक्त चिकिसा शिक्षा व सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग गोपाल चंद्र डाड को रीवा संभागायुक्त बनाया गया है। उन्हें शहडोल संभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। डाड के पास आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा संचालक घुमंतू और अर्धघुमंतू जनजाति अतिरिक्त प्रभार भी था।

जीएमसी के जूनियर डॉक्टरों की नाराजगी पड़ी पोस्टिंग पर भारी

## जूडा की हड़ताल को देख 24 घंटे में डॉ. अरुणा कुमार को हटाया गया

डॉ. अरुणा को वापस मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टोरेट भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जूनियर डॉक्टरों (जूडा) के विरोध को देख स्वास्थ्य विभाग ने गांधी मेडिकल कॉलेज के गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट में एक दिन पहले पदस्थ की गईं डॉ. अरुणा कुमार को 24 घंटे में ही हटा दिया है। डॉ. अरुणा को वापस मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टरेट भेजा गया है। डॉ. अरुणा की जीएमसी में पोस्टिंग से नाराज जूनियर डॉक्टर गुरुवार रात से हड़ताल पर चले गए थे। शुक्रवार सुबह स्वास्थ्य विभाग ने डॉ. अरुणा कुमार को पुनः विभागाध्यक्ष बनाए जाने का आदेश निरस्त कर दिया।





*उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने लिया एक्शन*

*उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने डॉ. अरुणा कुमार, प्राध्यापक, स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग की सेवाओं के संबंध में जारी आदेश को निरस्त करने के निर्देश दिए।*

## फिट इंदौर... फिट इंडिया का संदेश



#### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जिम में बहाया पसीना

**इंदौर।** मप्र के नगरीय प्रशासन आवास व संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने फिट इंदौर, फिट इंडिया के प्रति सभी को व्यायाम करके प्रेरित किया। उनके साथ ही इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी थे। विजयवर्गीय का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने यह वीडियो अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह व्यायाम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ ही वह डंबल्स उठाते हुए भी नजर आ रहे हैं।

29 जनवरी को पीएम मोदी करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'

## अब तक 1 करोड़ से ज्यादा ने कराए रजिस्ट्रेशन विद्यार्थी से लेकर शिक्षक व पेरेंट्स भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

परीक्षा पे चर्चा 2024 का शेड्यूल जारी हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुचर्चित कार्यक्रम का यह 7वां संस्करण है। रिपोर्ट्स की मानें तो अभी तक 1 करोड़ से ज्यादा स्टूडेंट्स, शिक्षक और पेरेंट्स मॉयगॉव डॉट इन पर पीपीसी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के जरिए पीएम मोदी छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों से संवाद करते हैं । इसमें वह बच्चों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर मार्क्स स्कोर करने के



टिप्स के साथ ही स्ट्रेस कम करने की ट्रिक्स भी बताते हैं। कुछ स्टूडेंट्स को पीएम नरेंद्र मोदी से अपने सवाल पूछने का अवसर भी मिलता है। परीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम, आईटीपीओ प्रगति मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

#### परीक्षा पे चर्चा 2024 में क्या होगा?

इस खास कार्यक्रम में हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के 2 छात्र, 1 शिक्षक, कला उत्सव और वीर गाथा के विजेताओं को स्पेशल गेस्ट के तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए स्टूडेंट्स का एग्जाम स्ट्रेस कम करने की कोशिश की जाती है। इसमें शिक्षकों व अभिभावकों के साथ ही कक्षा छठी से 12वीं तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने वाले लगभग 2,050 उम्मीदवारों को मॉय गॉव पोर्टल पर उनके उत्तरों के आधार पर चुना जाएगा।

1986 में उज्जैन में बजरंग दल के शिविर में तब 22 साल के इस युवक ने उछाला था यह नारा

## 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे'... का नारा दिया था राजगढ़ के सत्यनारायण मौर्य ने, जो आंदोलन का प्रतीक बना

सुनील गोले ▶▶ राजगढ़

दशकों पुराने राम जन्म भूमि आंदोलन का सबसे चर्चित नारा रहा है, राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे...लेकिन ये नारा किसी साधु-संत या फिर किसी नेता का दिया हुआ नहीं है। बल्कि ये नारा है राजगढ़ के 22 साल के एक लड़के का जो अयोध्या से करीब एक हजार किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में मौजूद था और भीड़ के बीच अचानक से उसने वो लाइन बोल दी, जो राम जन्म भूमि आंदोलन का प्रतीक बन गई। 1 फरवरी, 1986 वो तारीख थी जब फैजाबाद के जिला जज केएम पांडेय के आदेश पर बाबरी मस्जिद-जन्म स्थान पर जड़ा करीब 37 साल पुराना ताला खुल गया। अपनी राजनीतिक ज़मीन को मज़बूत करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ये फैसला किया था, लेकिन ताला खुलने से मुस्लिम समुदाय नाराज हो गया।




◆ मौर्य इन दिनों मॉरिशस, फिजी, टौबेगो, त्रिनिदाद जैसे देशों में विज्ञान प्रदर्शनियां लगाते हैं। इंदौर में रहते हैं।

#### श्री रामलला का टेंट भी मौर्य ने ही बनाया था



मौर्य ने 'हरिभूमि' को बताया कि रामलला के लिए छत तो अचानक बना नहीं सकते थे। बैनरों के कई कपड़े मेरे पास थे। बैनरों के उन्हीं कपड़ों से 10 बाई 10 का एक टेंट बना दिया। बाद में टेंट के आसपास ईंट की एक बाउंड्री बनाई गई।

# हाड़ कंपाने वाली सर्दी में भी 105 गांवों के किसान धरना दे रहे



## डटे किसान फिलहाल उठने को तैयार नहीं

**नोएडा।** सेक्टर-24 में स्थित एनटीपीसी मुख्यालय पर संपूर्ण तालाबंदी से पहले शुक्रवार को धरनारत किसानों ने हवन किया। इस दौरान भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि एनटीपीसी मुख्यालय पर तालाबंदी की जाएगी और अगर किसानों की मांगें पूरी नहीं हुई तो दिल्ली स्थित सीएमडी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। धरने में नोएडा के 105 गांव के किसान शामिल हैं। किसानों के इस प्रदर्शन को देखते हुए नोएडा की यातायात पुलिस ने सेक्टर-24 की ओर जाने वाले रूट को भी डॉयवर्ट कर दिया था।

### मुआवजा नौकरी और सुविधाएं मांगी

इस हवन में बड़ी संख्या में पुरूष और महिलाएं शामिल रहे। किसानों की संख्या काफी बड़ी थी। उनकी मांग है कि सभी को समान मुआवजा दिया जाए। प्रभावितों को नौकरी दी जाए, साथ ही सभी को अन्य के सामान सुविधाएं भी जी जाएं।

### एनटीपीसी पर तालाबंदी से पहले किया हवन

नोएडा में एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित किसान अपनी मांगों को लेकर पिछले 19 दिनों से एनटीपीसी कार्यालय के बाहर धरना दे रहे हैं। किसानों ने ऐलान किया था कि नोएडा स्थित एनटीपीसी मुख्यालय की संपूर्ण तालेबंदी की जाएगी। किसानों की इस घोषणा के बाद जिला प्रशासन और पुलिस सतर्क हो गए थे और शुक्रवार को एनटीपीसी पर तालाबंदी से पहले बड़ी संख्या में किसानों ने धरनास्थल पर हवन किया।

---


## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में गिरफ्तार पुजारी को जमानत



**बेंगलुरु।** बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद दंगों में कथित भागीदारी के आरोप में गिरफ्तार श्रीकांत पुजारी को कर्नाटक के हुबली की एक अदालत ने जमानत दे दी।

### ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट पर आज फैसला संभव



**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट के सार्वजनिक करने के मामले में शुक्रवार को भी आदेश नहीं आया। वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत शनिवार को आदेश दे सकती है। मामले में गुरुवार को सुनवाई टल गई। आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि तय की थी।

### स्वाति का इस्तीफा, अब राज्यसभा में जाएंगी



**नई दिल्ली।** आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। 19 को चुनाव के लिए आप ने 3 सीटों पर नामों का ऐलान कर दिया है। मौजूदा सदस्य संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दोबारा से राज्यसभा भेजने की घोषणा की है।

### सीएम शर्मा के पास गृह दीया को वित्त विभाग



**जपुर।** राज्यपाल के अनुमोदन के बाद राजस्थान की भाजपा सरकार में सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने सभी मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। शर्मा को कार्मिक विभाग आबकारी विभाग गृह विभाग योजना विभाग सामान्य प्रशासन विभाग नीति निर्धारण प्रकोष्ठ सूचना एवं जनसंपर्क उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को वित्त विभाग पर्यटन विभाग एवं पुरातत्व आदि विभाग दिया गया है।

### जेल से राज्यसभा का नामांकन करेंगे संजय



**नई दिल्ली।** जेल में बंद आप नेता संजय सिंह जेल से ही राज्यसभा का नामांकन भरेंगे। उनका कार्यकाल 27 जनवरी को खत्म हो रहा है। कोर्ट ने जेल सुपरिटेंडेंट को जरूरी निर्देश दिए हैं। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी घोटाले से संबंधित मनी लॉन्डरिंग मामले में गिरफ्तार संजय को राज्यसभा के लिए पुनः नामांकन के फॉर्म और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर की अनुमति दे दी है।

---

### मंत्रालय के अधीन अनुसंधान और नवीन कार्यक्रमों के विकास को सक्षम बनाया जाएगा

**पीएम मोदी ने की अध्यक्षता**

# कैबिनेट ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 'व्यापक' योजना को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की व्यापक योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना 2021-26 की अवधि के दौरान 4,797 करोड़ रुपए की कुल लागत पर लागू की जाएगी।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की इस योजना के विभिन्न घटक एक-दूसरे पर निर्भर हैं। इन्हें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत संबंधित संस्थानों के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से एकीकृत तरीके से चलाया जाता है। केवल इतना ही नहीं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की यह योजना विभिन्न संस्थानों में एकीकृत बहु-विषयक पृथ्वी विज्ञान अनुसंधान और नवीन कार्यक्रमों के विकास को सक्षम बनाएगी। यह एकीकृत अनुसंधान एवं विकास प्रयास मौसम और जलवायु, महासागर, क्रायोस्फीयर, भूकंपीय विज्ञान और सेवाओं की बड़ी चुनौतियों का समाधान करने और उनके स्थायी दोहन के लिए जीवित और निर्जीव संसाधनों का पता लगाने में भी मदद करेगी।इस योजना में चल रही पांच उप योजनाएं शामिल हैं।

#### योजना के प्रमुख उद्देश्य

- इस योजना का प्रमुख उद्देश्य पृथ्वी विज्ञान प्रणाली के अवमूल्यन में सुधार करने और देश के लिए विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने के लिए पृथ्वी प्रणाली के सभी पांच घटकों को समग्र रूप से संबोधित करेगी।
- पृथ्वी प्रणाली और परिवर्तन के महत्वपूर्ण संकेतों को रिकॉर्ड करने के लिए वायुमंडल, महासागर, भूमंडल, क्रायोस्फीयर और ठोस पृथ्वी के दीर्घकालिक अवलोकनों का संवर्द्धन और रखरखाव
- मौसम, महासागर और जलवायु खतरों को समझने और भविष्यवाणी करने और जलवायु परिवर्तन के विज्ञान को समझने के लिए मॉडलिंग सिस्टम का विकास
- नई घटनाओं और संसाधनों की खोज की दिशा में पृथ्वी के ध्रुवीय और उच्च समुद्री क्षेत्रों की खोज- सामाजिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्री संसाधनों की खोज और टिकाऊ दोहन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास
- पृथ्वी प्रणाली विज्ञान से प्राप्त ज्ञान और अंतर्दृष्टि का सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ के लिए सेवाओं में अनुवाद

#### ये हैं प्रमुख योजनाएं

1. वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएं (एक्रॉस)
2. समुद्री सेवाएं, मॉडलिंग, अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी (ओ-स्मार्ट)
3. ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान
4. भूकंप विज्ञान और भू-विज्ञान (एसजीआई)
5. अनुसंधान, शिक्षा और प्रशिक्षण आउटरीच (रीचआउट)

#### विज्ञान और सेवाओं की बड़ी चुनौतियों का समाधान करने का लक्ष्य





तीर्थनगरी का महत्व बढ़ेगा
**स्वीकृति दी**

### अब अयोध्या एयरपोर्ट का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' होगा

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम मोदी की अध्यक्षता में अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने एवं महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम के नामकरण को स्वीकृति दे दी है। हवाई अड्डे का नामकरण महर्षि वाल्मिकी के प्रति श्रद्धांजलि है। गौरतलब हे कि यह अयोध्या की आर्थिक संभावनाओं को विस्तार देने तथा वैश्विक पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों के लिए नए द्वार खोलने के लिए महत्वपूर्ण है। हवाई अड्डे का नामकरण महर्षि वाल्मिकी के प्रति श्रद्धांजलि है।

#### पहचान में जुड़ा बड़ा 'नाम'

हवाई अड्डे का नाम 'महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम' महर्षि वाल्मिकी को श्रद्धांजलि देता है, ऋषि ने महाकाव्य रामायण की रचना की, जिससे हवाई अड्डे की पहचान में एक सांस्कृतिक स्पर्श जुड़ गया।

#### अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार अयोध्या की आर्थिक क्षमता और वैश्विक तीर्थ स्थल के रूप में इसके महत्व को समझने, विदेशी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए दरवाजे खोलने के लिए अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है।

#### सांस्कृतिक जड़ों के साथ यह प्रमुख आर्थिक केंद्र और तीर्थ स्थल

अपनी गहरी सांस्कृतिक जड़ों के साथ अयोध्या रणनीतिक रूप से एक प्रमुख आर्थिक केंद्र और तीर्थ स्थल बनने की स्थिति में है। अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और व्यवसायों को आकर्षित करने की हवाई अड्डे की क्षमता शहर की ऐतिहासिक प्रमुखता के अनुरूप है।

---



**हाईकोर्ट का आदेश रद्द, लगाई फटकार**

### आतंकवाद से जुड़े मसले को 'हल्के' में नहीं लेना चाहिए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आतंकवाद से जुड़े मामले को हल्के में नहीं लेना चाहिए। शीर्ष अदालत ने आतंकवाद निरोधक कानून यानी गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में आरोपी को स्वतः जमानत दिए जाने के उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की है।जस्टिस विक्रम नाथ और राजेश बिंदल की पीठ ने दिल्ली पुलिस की अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा आरोपी को स्वतः जमानत (डिफॉल्ट बेल) दिए जाने का फैसले में खामिया व्याप्त है। पीठ ने कहा कि यूएपीए की धारा 43डी(2)(बी) के तहत दी गई शर्तें/कारण (जो लोक अभियोजक की अर्जी पर अदालत को जांच के लिए 180 दिन तक समय बढ़ाने की विवेकाधीन शक्ति प्रदान करता है) मामले में संतोषजनक है।

#### उच्च न्यायालय का भरोसा करना गलत था

अदालत ने कहा है कि यूएपीए के तहत विशिष्ट प्रावधान और निर्णयों के विपरीत, आरोपी को डिफॉल्ट जमानत देने के लिए आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) के तहत एक फैसले पर उच्च न्यायालय द्वारा भरोसा करना गलत था। मामले में पहलू अपराध की प्रकृति है, जिसमें आतंकवादी गतिविधियां शामिल हैं।

**खालिस्तानी समर्थक की हिरासत का मामला**

दिल्ली पुलिस ने खालिस्तानी समर्थक होने के आरोप में आरोपी लवप्रीत के खिलाफ यूएपीए की धारा 13, 18, 20 के अलावा आईपीसी की धारा 201/120-बी और व अन्य कानून के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया था। इस के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

---

**उपराष्ट्रपति धनखड़ ने की एनसीसी कैडेट्स की सराहना**

### युवाओं के लिए एनसीसी आदर्श और राष्ट्रीय एकीकरण को दे रहा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी सांस्कृतिक, धार्मिक और भौगोलिक आधार पर एकीकरण को बढ़वा देते हुए राष्ट्रीय जागरूकता अभियानों के राजदूत के रूप में युवाओं का विकास सुनिश्चित करता है।

एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा एनसीसी युवाओं की गतिशीलता का प्रतीक हैं और यह अनुशासन को दर्शाती हैं। आप भारत के विकास और उत्थान में अहम हैं जो मानवता के छठे हिस्से का घर है।

#### यह संगठन समय की पाबंदी



एनसीसी की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन समय की पाबंदी, लचीलापन, वफादारी और कड़ मेहनत पैदा करता है जो आपको सक्रिय, सक्रिय नागरिक और देश के मूल्यवान मानव संसाधन के रूप में आकार देता है।

### कोरोना से 24 घंटे में 12 की मौत केरल में सबसे ज्यादा मामले

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में संक्रमण के 761 नए मामले सामने आए हैं।गुरुवार को 760 मामले सामने आए थे।



इस दौरान 12 लोगों की संक्रमण से जान भी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना के सक्रिय मामलों में कमी आई है। सक्रिय मामले घटकर अब 4,423 रह गए हैं। गुरुवार को देशभर में कुल 4,334 एक्टिव केस थे। केरल में अभी सबसे ज्यादा सक्रिय मरीजों की संख्या 1,249 है। कर्नाटक में 1,240, महाराष्ट्र में 914, तमिलनाडु में 190 और छत्तीसगढ़ व आंध्र प्रदेश में यह संख्या 128 है।

### 'नो योर आर्मी' में यूं नजर आए सीएम योगी



*लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 'नो योर आर्मी' कार्यक्रम में सेना की तैयारियों और हथियारों के बारे में जानकारी ली। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य सेना के टैंक, तोपखाने और बंदूकों सहित भारतीय सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाले आधुनिक हथियारो का प्रदर्शन और जानकारी देना है। भारतीय सेना को हृदय से बधाई!*

---

**'ज्ञान' थीम पर मोदी सरकार के नए ऐलान की संभावनाएं**

# बजट में 4 'जातियों' पर रहेगी सरकार की 'नजर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आगामी आम बजट में केंद्र सरकार का फोकस 4 'जातियों' पर हो सकता है। बताया जा रहा है कि बजट से पहले और



बजट के दौरान गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए सरकार खास ऐलान कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करने वाली हैं, जिसमें उम्मीद की जी रही है कि ज्ञान थीम पर सरकार कर नई घोषणाएं करेगी। यहां 'ज्ञान' का मतलब जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी है।

#### ये घोषणाएं संभव

- बजट में युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए कई ऐलान होने की उम्मीद है
- लाडली बहना के तर्ज पर केंद्र और नई योजनाओं की घोषणा कर सकता है
- योजना के माध्यम से सरकार ने 'ज्ञान' की परिभाषा देश के सामने जाहिर की है

#### किसान सम्मान निधि की राशि भी बढ़ेगी



सूत्रों ने केंद्र सरकार के आगामी बजट में किसानों के लिए दो अलग-अलग प्रस्ताव भी है, जिसमें अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत रकम बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। इसमें किसानों को मिलने वाली राशि 6 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए तक करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही किसानों के लिए सस्ती ब्याज दर के स्कीम के तहत ब्याज दरें घटाने का विकल्प भी है।

#### गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाएगा

महिलाओं के लिए लाडली बहना के तर्ज पर केंद्र सरकार और नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है। इसके अलावा आम बजट में गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाने पर जोर, युवाओं के लिए नई पेंशन स्कीम में रिटर्न की गारंटी जैसे प्रस्ताव और युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़ाने पर फोकस होगा।

---

**चुनाव आयोग का जयराम को जवाब**

# ईवीएम में कोई खामी नहीं कांग्रेस के पत्र में नया नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने विपक्षी दलों की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखकर ईवीएम और वीवीपैट पर स्पष्टीकरण के लिए 'इंडिया' प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए समय मांगा था।




आयोग ने रमेश द्वारा विपक्षी दलों की ओर से भेजे गए पत्र का जवाब दिया है। आयोग ने ईवीएम और वीवी पैट पर कांग्रेस की तमाम चिंताओं को किया खारिज कर दिया है। आयोग ने कहा कि पत्र में कुछ नया नहीं है।

#### कोर्ट भी दे चुका फैसला

इस मुद्दे पर चुनाव आयोग पहले ही अपना स्टैंड बता चुका है। आयोग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर पहले ही फैसला सुना चुका है। हालांकि आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ईवीएम और वीपीपीईटी के मुद्दे पर अपना जवाब दाखिल कर चुकी है।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन पोर्टल पर संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना सक्रिय हुई

लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला ने 4 जनवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया था।

नौसेना ने जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा, 15 सदस्यीय भारतीय चालक दल सुरक्षित

# अरब सागर में लाइबेरियाई जहाज के हाईजैक की कोशिश, भारतीय नौसेना ने दिया जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरब सागर में नौसेना ने एक बार फिर खुद को साबित किया। दरअसल, सोमालिया के पास लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला नॉरफॉक को हाइजैक करने का प्रयास किया गया है, लेकिन भारतीय नौसेना के माकूल जवाब के बाद यह घटना होने से बच गई है।नौसेना ने जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा है। दरअसल, लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला ने नवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया था।


### भारतीय विमान ने शुक्रवार सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी

सोमालिया के पास व्यापारिक जहाज एमवी लीला का अपहरण होने के संकेत मिलने के बाद भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात प्लेटफार्मों ने अरब सागर में इस समुद्री घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया दी। भारतीय नौसेना ने तत्काल एक समुद्री गश्ती विमान (एमपीए) लॉन्च किया और जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजने के लिए डायवर्ट कर दिया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन में किन्नरों ने 40 यात्रियों को लूटा




**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में चलती ट्रेन में यात्रियों के साथ लूटपाट और मारपीट का मामला सामने आया है। पुणे-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन में कुछ अपराधियों ने यात्रियों के साथ मारपीट कर उनके सामान लूट लिए। लूटपाट करने वाले सभी लोग किन्नरों के वेश में थे। इनकी संख्या करीब 6 थी। जो करीब 40 यात्रियों के साथ लूटपाट और मारपीट की।

### स्कूल वैन चालक को आया हार्ट अटैक, मौत



**भोपाल।** तलैया थाना क्षेत्र के रेतघाट में इलाके में स्कूल वैन के चालक को हार्ट अटैक आ गया। अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई। घटना के समय वैन में कोई बच्चा सवार नहीं था, सीने में दर्द होते ही उसने सड़क किनारे वैन लगा दी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम सुनील साहू (27) है।

### गुना कलेक्टर अमनबीर सिंह की तबीयत बिगड़ी



**भोपाल।** गुना कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस को तबीयत खराब होने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार सुबह वोमेटिंग की शिकायत हुई थी। जिसके बाद अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। बैंस गुरुवार को सीएम की बैठक में शामिल होने ग्वालियर गए थे, जहां से देर रात लौटे। सुबह सर्किट हाउस में उनकी तबीयत खराब हो गई।

**इधर निशाना** ईडी टीम राशन वितरण घोटाले में टीएमसी नेता के ठिकानों पर छापा मारने गई थी

# बंगाल में ईडी टीम पर हमला, दो अफसरों के सिर फूटे, गाड़ी पर पत्थरबाजी की गई



टीएमसी नेता की गिरफ्तारी के लिए अब कोर्ट जाएगी ईडी। बंगाल भाजपा ने हमले की एनआईए जांच के लिए गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने हमले को भयानक बताया। राज्यपाल ने घटना के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका को भी तलब किया। बोस ने राज्य सरकार को साफ चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वह सख्त कार्रवाई करे या फिर नतीजा भुगतने के लिए तैयार हो जाए।



केंद्रीय जांच एजेंसी ने हमले के दौरान स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए

टीम को ऑटो रिक्शा और दोपहिया वाहनों पर सवार होकर वहां से निकलना पड़ा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भीड़ ने ईडी की टीम पर तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के करीब 250 समर्थकों द्वारा हमला किया गया। इस हमले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई सदस्य घायल हो गए।

घायल अफसरों को अस्पताल ले जाया गया। यह घटना उत्तर 24 परगना जिले से सामने आई है, जहां अधिकारी, अर्धसैनिक बलों के साथ, एक राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में स्थानों पर छापेमारी करने गए थे।

### ईडी टीम टीएमसी नेता के आवास पर पहुंची थी



अब ईडी टीएमसी नेता एसके शाहजहां के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के लिए अदालत का रुख करने जा रही है। ईडी सूत्र का दावा है कि टीएमसी नेता इतने प्रभावशाली हैं कि उनकी टीम और अधिकारियों पर उनके समर्थकों ने हमला किया है। ये हमला उस दौरान हुआ जब वे छापेमारी करने के लिए उनके आवास पर पहुंचे थे। भीड़ के हमले के बाद टीम को बिना छापेमारी किये ही मौके से भागना पड़ा।

#### पश्चिम बंगाल 'बनाना रिपब्लिक' नहीं



सीवी आनंद बोस ने कहा कि यदि सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है तो संविधान अपना काम करेगा। पश्चिम बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं है। ऐसे में सरकार को लोकतंत्र में बर्बरता और गुंडागर्दी रोकनी चाहिए।

**उधर खजाना** हरियाणा में आईएनएलडी के पूर्व विधायक के घर ईडी का छापा

# पांच करोड़ नकद, सोने के बिस्कुट, विदेशी शराब और कई विदेशी हथियार बरामद



यमुनानगर में अवैध खनन से जुड़ा है मामला

भारत और विदेशों में संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद


### 20 परिसरों पर छापेमारी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यमुनानगर, सोनीपत, मोहाली, फरीदाबाद, चंडीगढ़ और करनाल में दोनों नेताओं और संबंधित इकाइयों के लगभग 20 परिसरों पर छापेमारी की गई।

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगियों के खिलाफ छापेमारी के दौरान विदेश निर्मित हथियार, 5 किलो सोना, लगभग 300 कारतूस, पांच करोड़ रुपए नकद और 100 से अधिक शराब की बोतलें बरामद की हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने हरियाणा के यमुनानगर जिले में कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गुरुवार को पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और सोनीपत से कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार के खिलाफ छापेमारी शुरू की थी। दिलबाग सिंह यमुनानगर से इनेलो के विधायक रह चुके हैं।





#### अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गई थी प्राथमिकी

धन शोधन का ये मामला हरियाणा पुलिस द्वारा पिछले दिनों यमुनानगर और आसपास के जिलों में हुए अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गई हरियाणा पुलिस की कई प्राथमिकियों से सामने आया है। ये प्राथमिकियां पट्टा समाप्ति और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी हुए पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गई थीं। केंद्रीय एजेंसी राजस्व और करों के संग्रह को आसान बनाने और खनन क्षेत्रों में कर चोरी को रोकने के लिए 2020 में हरियाणा सरकार द्वारा लाई गई ऑनलाइन योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है।

सतना के झुकेही के पास हादसा

## खड़े ट्रक में घुसी पिकअप गाड़ी तीन की मौत, नौ लोग घायल



ड्राइवर क्लीनर सहित तीन लोगों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

सतना और कटनी जिले की बॉर्डर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमे पिकअप सवार 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई तो अन्य 8 लोगों को इलाज के लिए कटनी जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। हादसे की वजह घना कोहरा और नियम विरुद्ध तरीके से आ रहे टैंकर बताया गया। जिसके कारण ये हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस पूरे हादसे की जांच शुरू कर दी है।

महेंद्र सिंह धोनी को दोस्त ने लगाया चूना

## रांची के कोर्ट में दर्ज करवाया केस, 15 करोड़ का नुकसान



मिहिर दिवाकर धोनी के करीबी दोस्त रहे हैं

एजेंसी ▶▶ रांची

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विशवॉश के खिलाफ रांची कोर्ट में आपराधिक मामला दर्ज कराया है। मिहिर दिवाकर धोनी के करीबी दोस्त रहे हैं, वहीं वो उनके बिजनेस पार्टनर भी रहे हैं। मिहिर ने धोनी के साथ कई फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। दरअसल, मिहिर दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए 2017 में महेंद्र सिंह धोनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

विधायक प्रीतम ने बेटे को भिजवाया जेल

## भाजपा विधायक बोले अपराधी की कोई जाति और धर्म नहीं



बेटे से मतलब न रखने का ऐलान भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

पिछोर विधानसभा सीट से विधायक ने अपने ही बेटे को पुलिस के हवाले कर दिया। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में प्रीतम लोधी ने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इन चुनावों में उन्हें जीत मिली थी। उनकी जीत के बाद काफी चर्चा में रहे थे। बेटे को पुलिस को सौंपने के बाद विधायक एक बार फिर से चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि हाल ही में पिछोर विधायक प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश लोधी ने अपने विरोधी कुन्ना सिर्फ जान से करने का प्रयास किया था।

मंत्री अहिरवार का वीडियो वायरल

## कहा- पूर्व मुख्यमंत्री सिर्फ गोद लेते थे, भाजपा: ये 'नाथ' ही थे



कांग्रेस इस बयान को शिवराज सिंह से जोड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार का एक वीडियो सुर्खियों में है। इस पर कांग्रेस और भाजपा दोनों आमने-सामने आ गए हैं। वीडियो में मंत्री अहिरवार एक सवाल के जवाब में कहते नजर आ रहे हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री ने तो न जाने किस-किस को गोद लिया था। वे सिर्फ गोद लेते थे, करते कुछ नहीं थे। भाजपा ने कहा कि राज्यमंत्री दिलीप ने यह बात कमलनाथ के लिए कही थी। कांग्रेस इस बयान को शिवराज सिंह से जोड़ रही है। कांग्रेस के पीयूष बबेले का आरोप है कि मंत्री शिवराज सिंह को अपशब्द कह रहे हैं।

गुना में फिर बस हादसा, फिटनेस जांच पर उठे सवाल

## टायर फटने से खेत में पलटी बस दर्जनभर से ज्यादा यात्री घायल

◆ बस बेहद कमजोर और रिमोल्डेड टायरों पर चलाई जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

बजरंगगढ़ में हुए भीषण बस हादसे के नौ दिन बाद ही एक और निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई, लेकिन एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। कमजोर टायरों पर चल रही बस का



टायर फट जाने के कारण यह हादसा हुआ है। ये घटना जिला मुख्यालय के समीप सिरसी-मारकीमऊ की है। जो गुना आ रही थी।

#### स्थानीय लोगों ने घायलों को निकाला

बस के खेत में बस के पलटते ही चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे जिन्होंने बस में फसे यात्रियों को किसी तरह बाहर निकाला। घटना की सूचना लगते ही मौके पर पुलिस और एंबुलेंस भी पहुंची । घटना में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया है। बस की हालत कंडम बताई गई है जिसकी 2021 में पीयूसी खत्म हो थी।

भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

इस वर्ष भारत में आर्थिक वृद्धि 6.2 प्रतिशत पर मजबूत रहने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा मजबूत सार्वजनिक निवेश द्वारा समर्थित है

# यूएन ने कहा-2024 में 6.2% की दर से बढ़ने का है अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अनुसार मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूती से भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) 2024 रिपोर्ट गुरुवार को जारी की गई। इसमें कहा गया कि दक्षिण एशिया का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024 में 5.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इससे भारत में मजबूत विस्तार का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा जो दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के बीच भारत में वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 के 6.3 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है।

#### 2025 में भारत की जीडीपी बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने का अनुमान




रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 2025 में जीडीपी बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने का अनुमान है. इस वर्ष भारत में आर्थिक वृद्धि 6.2 प्रतिशत पर 'मजबूत' रहने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा मजबूत सार्वजनिक निवेश द्वारा समर्थित है। डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक एंड सोशल अफेयर्स के प्रमुख हामिद रशीद ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने न केवल इस वर्ष बल्कि पिछले कुछ वर्षों में अपने समकक्षों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि लगातार छह प्रतिशत से अधिक बनी हुई है और हमारा मानना है कि यह 2024 और 2025 में भी जारी रहेगा। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और बहुराष्ट्रीय निवेशों के दम पर भारत में 2023 में निवेश मजबूत रहा, जबकि चीन में निवेश संपत्ति क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुआ।

# वीआईपी रोड के साथ बनेगा 8 लाइन एलिवेटेड लेक कॉरिडोर व वेस्ट बायपास

## भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में रिंग रोड बनेंगे

## पांच वर्षों में मध्यप्रदेश में एक लाख किलोमीटर सड़क बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में वीआईपी रोड के बराबर 8 लाइन एलिवेटेड लेक कॉरिडोर बनाया जाएगा। पश्चिमी भोपाल बाईपास का निर्माण किया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं पर 3000 करोड़ का निवेश होगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं उज्जैन में रिंग रोड का निर्माण होगा।

### 10 हजार करोड़ के निवेश से रोड मेंटेनेंस एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम किया जाएगा शुरू

10 हजार करोड़ के निवेश से रोड मेंटेनेंस एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। प्रदेश में 500 फ्लाईओवर एवं रेल ओवर ब्रिज का नेटवर्क विकसित किया जाएगा। बताया गया कि विभाग द्वारा नई तकनीक एफडीआई (फुल डेप्थ रीसाइकलिंग ट्रेन) तकनीकी से सड़क निर्माण कराए जाने की भी योजना है जिसके अंतर्गत मौजूदा रोड को बिना हटाए उसके ऊपर ही कई मशीनों के द्वारा रीसाइक्लिंग सामग्री का उपयोग कर रोड निर्माण किया जाता है।





- 3000 हजार करोड़ रुपए का होगा निवेश
- 500 फ्लाईओवर एवं रेल ओवर ब्रिज का नेटवर्क होगा तैयार

### पीडब्ल्यूडी विभाग की पहली बैठक में तय हुआ रोडमैप



पीडब्ल्यूडी विभाग की पहली बैठक गुरुवार को हुई। इसमें रोडमैप तय किया गया। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। कार्यों के लिए समयबद्ध कार्य योजना बनाएं और समय सीमा में उन्हें पूर्ण करें। गुणवत्ता के लिए क्वालिटी ऑडिट किया जाए और टाइमलाइन का पूरा ध्यान रखा जाए। बड़ी योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए पृथक सैल गठित किया जाए।

**कूनो का दौरा करेंगे मंत्री** — वन मंत्री नागर सिंह ने पीएम मोदी के सपने को साकार करने का लिया प्रण

# मप्र को टाइगर के बाद अब चीता स्टेट बनाने वन मंत्री का संकल्प

दिनेश शुक्ला ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन सरकार के नवनियुक्त वन, पर्यावरण और अनूसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुसार मध्यप्रदेश को



टाईगर के बाद अब प्रदेश सरकार ने चीता स्टेट बनाने की तरफ कदम बढ़ा दिया है। बुधवार को प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में आशा नाम की चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है। जिसके बाद मध्यप्रदेश ने चीता स्टेट की तरफ एक और कदम बढ़ा दिया है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के श्योपुर और मुरैना जिले में पड़ने वाले कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाए गए चीतों को छोड़ा था। कूनो को 2018 में नेशनल पार्क का दर्जा हासिल हुआ है।

### चीता स्टेट बनने से पर्यटकों की संख्या, रोजगार बढ़ेंगे


*वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने जल्द ही कूनो नेशनल पार्क का दौरा करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को वह साकार करने का प्रण लेते हैं और चीता स्टेट कैसे बने इसको लेकर भरसक प्रयास करेंगे। वही वन मंत्री ने कहा कि चीता स्टेट बनने से पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी, साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि चीतों की सुरक्षा का लेकर वह व्यक्तिगत तौर पर संज्ञान लेंगे, साथ ही कूनो राष्ट्रीय उद्यान का दौरा भी करेंगे।*

### मप्र में डबल इंजन सरकार

वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और डॉ. मोहन यादव का प्रयास है कि प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ जनता तक डबल इंजन की सरकार की सभी योजनाएं राज्य के अंतिम पायदान तक पहुंचे, यह उनका प्रयास रहेगा। नागर सिंह चौहान ने कहा कि डॉ. मोहन यादव ने उन्हें वन, पर्यावरण और अनूसूचित जाति कल्याण विभाग का दायित्व दिया है, वह इस जिम्मेदारी को पीएम मोदी की मंशा अनुसार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## खबर संक्षेप

### कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जज की नियुक्ति को दी मंजूरी



**बिलासपुर।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एक नए जज की नियुक्ति को लेकर मंजूरी दे दी है। बेंच कोटे से न्यायिक सेवा के हाईकोर्ट के रजिस्टार जनरल अरविंद कुमार वर्मा नए जज होंगे। नियुक्ति का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया गया है। हाईकोर्ट में अब जजों की संख्या 16 हो जाएगी। हाईकोर्ट में जजों के कुल स्वीकृत पद 22 हैं।

### राज्य नवाचार आयोग के अध्यक्ष विवेक ढांड ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग के अध्यक्ष विवेक ढांड ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भूपेश बघेल सरकार के



गठन के दौरान उन्होंने पद भार ग्रहण किया था। उन्होंने इस्तीफा छत्तीसगढ़ मुख्य सचिव अमिताभ जैन को सौंपा है। नवाचार आयोग के अध्यक्ष विवेक ढांड के 3 फरवरी 2023 को आयोग गठन के दौरान नियुक्ति हुई थी। उन्होंने इस्तीफे देने की वजह व्यक्तिगत कारण बताया है। इसके साथ ही इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का आग्रह किया है।

### भाजयुमो नेता को सड़क पर बेल्ट से पीटा, कांग्रेस नेता सहित चार गिरफ्तार



**रायपुर।** भाजयुमो के पदाधिकारी से मारपीट के आरोप में टिकरापारा थाना पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने भाजयुमो नेता को सड़क पर घसीटकर लात-घूंसों और बेल्ट से पीटा था। थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे के मुताबिक डूंडा निवासी सौरभ यादव भाजयुमो के सिविल लाइन मंडल में मंत्री हैं। एक जनवरी की रात एक बजे वे लौट रहे थे। रास्ते में दो युवकों ने उनसे गाली-गलौज की। सौरभ ने गाली देने से मना किया तो विवाद हो गया।

## ग्वालियर में हुई संभागीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

# सीएम डॉ. यादव बोले- जरूरतमंदों को रोजगार देना मध्यप्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**विकास पर फोकस...**
नजदीक बसे गांवों की नेशनल हाईवे से कनेक्टिविटी अनिवार्य

## पर्यटन, उद्योग सहित सभी सेक्टर में रोजगार देने की कार्ययोजना बनेगी

## आगामी गर्मी में कहीं पर भी पेयजल की समस्या नहीं आने देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जरूरतमंदों को रोजगार देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए पर्यटन, वन, खनिज, उद्योग व सेवा क्षेत्र सहित सभी सेक्टर को शामिल कर रोजगार देने की कार्ययोजना बनाएं। कार्ययोजना ऐसी हो जिससे हर सेक्टर से जरूरतमंदों को रोजगार मिले, इसकी जिलेवार तैयारी करें।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को ग्वालियर में आयोजित हुई संभागीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा भी बैठक में की। बैठक में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद थे।

**खास बातें**

- दतिया जिले में रतनगढ़ बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना की रूकावट दूर करने के निर्देश
- ग्वालियर में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर बल





### 'स्वीकृत कार्यों को धरातल पर लाएं, कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं'

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समीक्षा बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार ने जो काम स्वीकृत किए हैं, उनमें से अधूरे काम अभियान बतौर पूर्ण कराएं। साथ ही जो कार्य शुरू नहीं हो सके हैं, उन्हें जल्द से जल्द धरातल पर लाएं। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। राष्ट्रीय राजमार्गों के नजदीक बसे गांवों को नेशनल हाईवे से कनेक्टिविटी अनिवार्य रूप से मिले। आगामी गर्मी के मौसम में कहीं पर भी पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। दतिया जिले में मूर्तरूप ले रही रतनगढ़ बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना को पूरा करने में आ रही रूकावट जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए।*

### विकास कार्यों की सूचना दें: सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि विकास कार्यों की सूचना जनप्रतिनिधियों को भी दी जाए। उन्होंने ग्वालियर शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर बल दिया। बैठक में मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मौजूद थे।

### आड़े नहीं आएगी मतभिन्नता

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों से कहा कि मतभिन्नता को विकास कार्यों के बीच आड़े नहीं आने दिया जाएगा। सरकार दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी के सुझावों को सम्मान देगी और अच्छे सुझावों पर अमल भी किया जाएगा।*

### ग्वालियर में पर्यटन संभावनाएं

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां किला सहित अन्य ऐतिहासिक इमारतें, जलाशय व अकूत वन संपदा उपलब्ध है। इसलिए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये रोजगारपरक योजना तैयार करें। हर जिले में उद्यम स्थापित कर सकते हैं।

**किसी बेसहारा की खुले में नहीं बीतेगी रात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में कहा कि सर्दी के मौसम में किसी भी व्यक्ति को खुले में रात गुजारने के लिये मजबूर न होना पड़े। फुटपाथ पर रात गुजारने वालों एवं अन्य जरूरतमंदों को रैन बसेरों में आश्रय दिलाएं। इस काम में सामाजिक संस्थाओं को भी सहभागी बनाएँ। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों की व्यवस्थाएँ सुदृढ़ रहें। ठंड से किसी के भी जीवन में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए।

# 413 नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने कार्ययोजनाएं तैयार की जाएंगी

- *जबलपुर से लौटे कैलाश- प्रदेश में विकास की योजनाएं बनाने के दिए निर्देश*
- *पर्यटन और कनेक्टिविटी बढ़ाने पर रहेगा फोकस, निकायों में टैक्सों की वसूली का टारगेट दिया*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जबलपुर लौटे। वह भेड़ाघाट में घूमने गए थे। गुरुवार को उन्होंने बैठक लेकर कहा कि स्थानीय निकाय की आर्थिक मजबूती के लिए वहां पर्यटकों की सुविधा के लिए अनेक कार्य कराए जा सकते हैं। इसके लिए विभागों से समन्वय बनाकर कार्य-योजना तैयार की जाए।

### निकायों से जुड़े अमले को नियमित वेतन दें

*मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के 413 नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कार्य-योजना बनाए जाने की जरूरत है। नगरीय निकायों से जुड़े अमले को नियमित वेतन मिलता रहे। इसके लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाएं। विजयवर्गीय ने कहा कि शहरी क्षेत्र में युवाओं में शैक्षणिक मदद करने के मकसद से ई-लाइब्रेरी शुरू की जा सकती है। उन्होंने नगरीय निकायों में विभिन्न प्रकार के टैक्सों की वसूली शत-प्रतिशत रूप से किए जाने की बात भी कही।*

# आईएएस के बाद अब राप्रसे के अफसरों का हुआ तबादला, 29 अधिकारी बदले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कलेक्टर के बाद डिप्टी कलेक्टर्स का तबादला किया गया है। सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 29 अधिकारियों को इधर से उधर किया है। यह अधिकारी अलग-अलग जिलों में जॉइंट कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। जिन्हें अब दूसरे जिलों में भेजा गया है। इस आदेश के मुताबिक, रायपुर के ज्वाइंट कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा को सूरजपुर और अतुल विश्वकर्मा को बलरामपुर का ज्वाइंट कलेक्टर बनाया गया है।

### 2 दिन पहले 88 का हुआ था ट्रांसफर

छत्तीसगढ़ में बुधवार की देर रात बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई थी। प्रदेश सरकार ने 88 आईएएस अफसरों की जिम्मेदारी में बदलाव





किया गया। इनमें 19 जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं। वहीं मयंक श्रीवास्तव जनसंपर्क संभालने वाले दूसरे आईपीएस बनाए गए हैं। सुब्रत साहू को अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग में पदस्थ किया गया। गौरव कुमार सिंह को रायपुर कलेक्टर बनाया गया है। नगरीय निकाय के अफसरों की भी जिम्मेदारियों में भी बदलाव किया गया है। रायपुर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी की जगह अब 2018 बैच के आईएएस अफसर अविनाश मिश्रा निगम कमिश्नर बनाए गए।

# स्वास्थ्य मंत्री के बंगले से टीवी, एसी, सोफा और मॉड्यूलर किचन का सामान गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सिविल लाइन स्थित सरकारी बंगला आवंटित हुआ है। बंगले में पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया निवासरत थे। कुछ दिन पहले ही पूर्व मंत्री ने बंगला खाली किया है। बंगले से एसी, सोफा, टेलीविजन, मॉड्यूलर किचन का सामान गायब है।

शिफ्ट होने से पहले स्वास्थ्य मंत्री ने निरीक्षण किया तो बंगले की स्थिति देखकर हैरान रह गए। बंगले में जहां-जहां एसी लगे थे, वो जगह खाली थी। जिन कमरों में बड़ी एलईडी लाइटें लगी थीं वो जगह भी खाली है। इतना ही नहीं किचन में भी खासी तोड़फोड़ के निशान थे। मॉड्यूलर किचन सिस्टम भी गायब था।



### सामान की रिकवरी होगी

स्वास्थ्य मंत्री ने मामले की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का कहना है कि बंगले से जितना भी सामान गायब हुआ है, उसकी रिकवरी कराई जाएगी। जरूरत पड़ी तो कुर्की तक कराएंगे। पुलिस में भी इसकी शिकायत की जाएगी।



■ स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने लगाए आरोप

## देश में एक हजार ट्रेनें चलाने रेलवे ने दिया आदेश

# अयोध्या के लिए चलेगी दो स्पेशल ट्रेन भाठापारा, उसलापुर, पेंड्रा में होगा स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। रेलवे मंत्रालय ने देश भर में 1 हजार ट्रेनें चलाने का आदेश जारी किया है। एसईसीआर से कितनी ट्रेनें चलेंगी यह तो वर्तमान में स्पष्ट नहीं है, लेकिन सूत्रों के हवाले से माने तो दुर्ग से अयोध्या तक दो ट्रेन चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन दुर्ग से शुरू होगी और रायपुर, भाठापारा, उसलापुर, पेंड्रा व अनूपपुर होते हुए अयोध्या जाएगी। इसके लिए रूट प्लान भी तैयार हो चुका है।

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन समारोह में भगवान राम के ननिहाल से कितने लोग अयोध्या जाने वाले है और एसईसीआर से यात्री अयोध्या तक कैसे सफर करेंगे यह रेलवे के अधिकारी स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं। कुछ अधिकारियों की माने तो रेलवे मंत्रायल ने घोषणा की है। वहीं कुछ अधिकारियों



की माने तो दुर्ग से अयोध्या धाम के लिए 2 ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया गया है।

दुर्ग से ट्रेन शुरू होगी व रायपुर, भाठापारा, उसलापुर, पेंड्रा व अनूपपुर होते हुए अयोध्या जाएगी। ट्रेन में रेलवे के अलावा आईआरसीटीसी को भी खान पान की सुविधा के लिए निर्देश दिया गया है। दुर्ग से आयोध्या तक चलने वाली ट्रेन का नम्बर व दिन कब तक रेलवे अधिकारी क्लियर करेंगे इसे लेकर डिमांड का इंतजार किया जा रहा है।

## 53 विभाग की वेबसाइट और पोर्टल का ऑडिट: गृह विभाग 5 साल से अपडेट नहीं, जीएडी को अटैकर्स से खतरा

# वेबसाइटों पर सीएम और मंत्रियों की तस्वीर नहीं, पुराने नाम बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुशासन और डिजिटलाइजेशन के दावे की हकीकत है कि मध्य प्रदेश के 53 विभागों की वेबसाइट और पोर्टल अपडेट नहीं है। सरकारी वेबसाइट और पोर्टल के ऑडिट में यह अहम जानकारी सामने आई है। हैरत की बात है कि कुछ दिनों पहले गृह विभाग के तीन एडीजी अफसरों के साथ बैठक की थी। यह बैठक मुख्य रूप से साइबर सिक्योरिटी और आडिट के लिए बुलाई गई थी। सरकारी पोर्टल और वेबसाइड का सिक्योरिटी ऑडिट करना फैसला किया गया है। पड़ताल में जानकारी सामने आई है कि खुद गृह विभाग की वेबसाइट में कोई भी नई जनहित की जानकारी या सूचना अपलोड नहीं की गई है। गृह विभाग ने साल 2018 के बाद से कोई भी जानकारी साझा नहीं की है। इसके अलावा सीएम मोहन यादव की तस्वीर नहीं है। सिर्फ एसीएस, पीएस और सचिव की तस्वीरें ही हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट अटैकर्स के चलते बंद पड़ी हुई है।



health.mp.gov.in/en/ministers

Hon'ble Chief Minister & Chairman, State Health Society

Shri Shivraj Singh Chouhan

Hon'ble Minister

Dr. Prabhuram Choudhary

B-25, 74 Bungalow Bhopal

### जनवरी 2023 के बाद कोई भी सूचना नहीं

खनिज साधन विभाग की वेबसाइट खुली ही नहीं। सहकारिता विभाग की वेबसाइट पर सीएम और मंत्री की तस्वीर जरूर लगी है। साल जनवरी 2023 के बाद कोई भी सूचना नहीं अपलोड की गई है। नगरीय विकास और आवास विभाग की बेवसाइट काम फिलहाल जारी है। इसलिए कुछ दिनों के लिए बंद किया गया है।

### डिजिटल इंडिया मिशन के तहत करोड़ों रुपए वेबसाइट बनाने पर हुए खर्च

## हेल्थ में अभी भी शिवराज और प्रभुराम का नाम

स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट में अभी पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की जानकारी है। इसके अलावा मंत्री भी प्रभुराम चौधरी हैं। जबकि सीएम मोहन यादव हैं और विभाग के मंत्री राजेंद्र शुक्ला है। दिसंबर 2023 के बाद भी सूचना वेबसाइट पर नहीं है। नर्मदा घाटी विकास, सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग की साइट बंद है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का जिक्र नहीं है।

### टेक्निकल टीम पर लाखों खर्च

*सूत्रों ने बताया कि सरकार हर साल विभागों के डिजिटल मोड रखने के लिए टेक्निल टीम पर लाखों रुपए सैलरी पर खर्च करती है। इसके अलावा मेंटनेंस के नाम पर सालाना करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के साथ ही ऑपरेटिंग सिस्टम पर खर्च किए जाते हैं। फिर भी वेबसाइट और पोर्टल में जनता से जुड़ी जानकारी अपलोड नहीं की जा रही है। इसके अलावा उन्हें रियल टाइम पर अपडेट नहीं किया जाता है।*

### मत्स्य विभाग में तुलसी बरकरार

मंत्री तुलसीराम सिलावट को पिछली सरकार में मत्स्य विभाग दिया गया था, लेकिन इस बार सिर्फ जल संसाधन विभाग ही दिया गया है। मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी सीएम मोहन यादव ने मंत्री नारायण सिंह पंवार को दी है।

### कांग्रेस नेता कमलापत आर्य भाजपा में शामिल



*कांग्रेस की रीति-नीति और कथनी-करनी में अंतर: आर्य*

**भोपाल।** भाण्डेर के पूर्व विधायक व कांग्रेस प्रदेश महामंत्री कमलापत आर्य ने गुरूवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा प्रदेश और पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भाजपा कार्यालय में डॉ. आर्य को पार्टी की सदस्यता दिलाई। आर्य ने कहा कि कांग्रेस की रीति और नीति में अंतर है।

हाई कोर्ट ने आयुक्त लोक शिक्षण को दिए निर्देश

# प्राथमिक शिक्षक पद पर नियुक्ति संबंधी शिकायत 90 दिन में दूर करें

जबलपुर।

हाई कोर्ट ने आयुक्त लोक शिक्षण को निर्देश दिया है कि प्राथमिक शिक्षक पद पर नियुक्ति संबंधी शिकायत 90 दिन में दूर की जाए। न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता नागौद, सतना निवासी नितिन गौतम की ओर से अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पूर्व में याचिकाकर्ता का प्राथमिक शिक्षक पद पर नियुक्ति आदेश सक्षम प्राधिकारी ने जारी किया था। इसके पूर्व समस्त दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया गया था। डीएड की डिग्री मुक्त विश्वविद्यालय, कर्नाटक की थी। नियुक्ति के समय इस संबंध में टीप लिखी गई थी। इसके बावजूद बाद में इसी आधार पर नियुक्ति का निर्णय वापस ले लिया गया। लिहाजा, अभ्यावेदन दिया गया। बिना किसी ठोस कारण के चार माह से



अभ्यावेदन को लंबित रखा गया है। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा। हाई कोर्ट ने सभी बिंदुओं पर गौर करने के बाद आयुक्त लोक शिक्षण को निर्देश दिए कि सत्यापित प्रति के साथ अभ्यावेदन मिलने पर 90 दिन के भीतर स्पीकिंत आर्डर पारित किया जाए।

### नाबालिग से दुष्कर्म पर 20 वर्ष का कारावास

विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित जबलपुर निवासी विष्णु चौधरी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ 20 वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पीड़िता की मां ने 23 अगस्त, 2021 को बरेला थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया था कि सुबह 10-11 बजे वह पति के साथ ननद के यहां राखी बंधवाने गई थी। घर पर बेटी अकेली थी। किरायेदार के रूप में रहने वाले आरोपित को देखरेख के लिए कहा था। जब लौटकर देखा तो बेटी उदास बैठी थी। उसने कहा कि मम्मी देर से क्यों आईं, कब से इंतजार कर रही हूं। वह यह कहकर रोने लगी। उसने बताया कि विष्णु ने कमरे में आकर गलत काम किया। साथ ही धमकाया कि किसी को बताया तो जान से मार दूंगा।

## असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति देने के हाईकोर्ट ने दिये निर्देश

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक मामले में वरिष्ठता के आधार पर असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति देने के निर्देश दिए। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने आदिवासी कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमोशन पर निर्णय लेने के पहले याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर भी प्रदान करें। कोर्ट ने कहा कि यह प्रक्रिया 90 दिन में पूरी करें।जबलपुर निवासी अहफज्जुरहीम खान की ओर से अधिवक्ता पराग तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर प्रमोशन का हकदार है और उसे यह पदोन्नति वर्ष 1990 से मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता के पास 5 वर्ष का फीडर का भी अनुभव है। इससे पहले भी हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की पदोन्नति पर विचार कर निर्णय लेने कहा था। विभाग द्वारा सभी पत्राचारों में याचिकाकर्ता के पक्ष में निर्णय दिया था, इसके बावजूद उसे पदोन्नति नहीं दी गई। वहीं शासन की ओर से बताया गया कि असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति के लिए केवल एक पद रिक्त है, जबकि वरिष्ठता सूची में याचिकाकर्ता का नाम छठवें स्थान पर है। कोर्ट ने सूची का अवलोकन करने पर पाया कि पहले क्रमांक पर जिस कर्मचारी का नाम है, वह सेवानिवृत्त हो चुका है, जबकि दूसरे से पांचवें नबंर के कर्मियों को पदोन्नति दी जा चुकी है। कोर्ट ने कहा कि अब याचिकाकर्ता वरिष्ठता सूची में सबसे वरिष्ठ स्थान पर है, इसलिए सूची पर विचार कर उसके आधार पर उसे प्रमोशन मिलना चाहिए।.

# भूमि सीलिंग के मामलों का निराकरण करेंगे

## राजस्व मंत्री करन सिंह वर्मा ने आश्वासन दिया

**जबलपुर**। जबलपुर में भूमि सीलिंग के मामलों का निराकरण किया जाएगा, इस हेतु संबंधित संगठनों से भी चर्चा की जाएगी। यह आश्वासन सीलिंग पीड़ित किसान समिति को राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने दिनांक 3 दिसंबर को दिया है उल्लेखनीय है कि करण सिंह वर्मा कैबिनेट बैठक के लिए जबलपुर में आए थे। राजस्व मंत्री ने बताया कि राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक जबलपुर में शीर्घ ही आयोजित है। इस बैठक में शामिल होने के लिए वे पुनः जबलपुर में आयेंगे तथा सीलिंग के मुद्दे पर भी चर्चा की जाएगी। राजस्व मंत्री के मुलाकात में डॉ.पीजी नाजपांडे, राजेश गिदरोनिया, कैलाश पटेल, जवाहर जायसवाल, राजेश सेंगर आदि उपस्थित थे। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि जबलपुर में सीलिंग प्रभावित कॉलोनियों के संबंध में 19 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री ने कलेक्टर सुमन को निराकरण करने बाबद निर्देश दिए थे, किन्तु आज 4 माह हो गए, फिर भी मामलें लटके पड़े है। अतः राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से इस पर चर्चा की जाएगी, क्योंकि राजस्व विभाग ने कालोनियों के जमीनों के खसरों में सीलिंग एंट्री की है।



# तहसील केंद्रों पर किसानों का धरना प्रदर्शन शुरू

## धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं से उपजा तीव्र रोष

जबलपुर।

भारतीय किसान संघ द्वारा जिला प्रशासन को दिए गए 48 घंटों के अल्टीमेटम दिए जाने के बाद धान खरीदी व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर किसानों ने तहसील स्तर पर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया हैं। भारतीय किसान संघ ने कहा कि जबतक समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। किसानों ने धरना स्थल पर ही खाना पकाना शुरु कर दिया और नारे बाजी के साथ देर रात तक अनशन प्रदर्शन जारी रहा। भारतीय किसान संघ का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केंद्रो पर बारदान परिवहन व भंडारण की घोर अव्यवस्था है। सर्वेयरों की मनमानी वेयर हाउस स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्या को प्रशासन दुरुस्त नहीं कर पाया। जिसके बाद किसानों में पाटन व मझौली तहसील केंद्रों पर दोपहर 1 बजे से धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया। किसानों का कहना हैं कि उनकी धान खरीदी न होने के कारण खुले में पड़ी है और पिछले दिनों हुई बारिश के बाद उसमें अंकुरण होने लगा हैं। खुले में हजारों क्विटंल धान पड़ी हुई हैं।



भारतीय किसान संघ तहसील के अध्यक्ष रामकुमार सोनी ने बताया कि कई स्तर की बातचीत जिला प्रशासन के साथ हो चुकी है उसके बाद भी कोई हल नहीं निकला। इस बीच किसानों ने अपर कलेक्टर के साथ हुई बैठक में 48 घंटो का अल्टीमेंटम दिया था कि 48 घंटे के अंदर व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रारंभ होने पर एक बार फिर पाटन एसडीएम मौके पर पहुंचे और एक दो दिन में तुलाई कराने का आश्वासन दिया। किसानों ने तुरंत धान शिफ्ट करने की मांग की। लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। उनका कहना है कि लंबे समय से प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है लेकिन प्रशासन ने अभी तक सिर्फ आश्वासन ही दिए है। उधर दूसरी ओर भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया कि धरना प्रदर्शन शुरु हो चुका हे। यह मांग पूरी होने तक जारी रहेगा। आने वालें सभी तहसीलों मे यह प्रदर्शन चालू होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिए गए, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे किसान हलाकान और परेशान है। अब किसान सड़क पर उतर गया हैं।

# कैबिनेट में क्यों नहीं दिखी गीता, रामायण की झलक

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने मुख्यमंत्री पर साधा निशाना



**जबलपुर**। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री जीतू पटवारी ने यहा कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भाजपा का घोषणा पत्र लहराकर कहा था कि यह घोषणा पत्र हमारे लिए गीता, रामायण के सामान है। फिर कैबिनेट की बैठक में उसका पालन क्यों नहीं दिखा। उन्हेंने कहा कि देश की जनता महंगाई से जूझ रही हैं। देश में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक असमानता बढ़ रही हैं। इसी को लेकर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही हे। जबलपुर में अल्प प्रवास में आए श्री पटवारी यहां पूर्व विधायक विनय सक्सेना के निवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होने कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव के नतीजों को भुलकार नई ऊर्जा और नई ताकत के साथ लोकसभा के चुनाव मैदान में उतरेगी। 6,7,8 जनवरी को कांग्रेस की होने वाली बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार की जाएगी। इस दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री पटवारी राम मंदिर निर्माण का कांग्रेस समर्थन करती है लेकिन उसके साथ ही सर्व धर्म सम्भाव का भी सम्मान करती है। श्री पटवारी ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 31 सौ रुपए क्विंटल समर्थन मूल्य में धान खरीदने का वादा किया था, लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपए देने की बात कही थी। साढ़े 4 सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की गई थी। लेकिन इन वादों पर अभी अमल नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश पहले से ही कर्ज में था। आरबीआई पत्र से खुलासा हुआ है कि सरकार जनवरी से मार्च तक 28 हजार 500 करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है।

### विमानतल पर भव्य स्वागत

सुबह 8 बजे डुमना विमानतल पर पहुंचे जीतू पटवारी का पूर्व विधायक विनय सक्सेना, वरिष्ठ नेता आलोक चंसोरिया, नगर निगम पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर, पूर्व पार्षद तेज कुमार भगत, युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शशांक दुबे, पूर्व पार्षद पंकज पांडे, कांग्रेस नेता गुड्डू नवी, सहित ब्लॉक अध्यक्ष मंडलम सेक्टर के पदाधिकारी ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। उन्हें रैली के शक्ल में विनय सक्सेना के ब्यौहार बाग स्थित निवास स्थान लाया गया।

### अध्यक्ष बनने के बाद पहला दौरा

स्वागत, सत्कार और पत्रकारों से चर्चा के बाद श्री पटवारी सड़क मार्ग से सतना के लिए रवाना हो गए। श्री पटवारी पनागर, सिहोरा, कटनी बायपास से होते हुए सतना के लिए रवाना हो गए। जहां वे विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा के दिवंगत पिता पूर्व सांसद सुखलाल कुशवाहा के जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। fविधानसभा चुनाव और प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन के बाद पटवारी का यह पहला जबलपुर और सतना दौरा है।

## बलराम यादव जीआरपी थाना प्रभारी बने



**जबलपुर**। कटनी जीआरपी थाना प्रभारी रह चुके बलराम यादव को जबलपुर जीआरपी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर जीआरपी थाना में थाना प्रभारी के पद से शशि धुर्वे को हटा दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तात्कालीन जबलपुर जीआरपी थाना प्रभारी शशि धुर्वे को हटाये जाने की मुख्य वजह अपराध के मामले में थाने का परफार्मेन्स ठीक न होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शशि धुर्वे अब जीआरपी कंट्रोल रूम में अपनी सेवाएं देंगी।

# जन्मदिन के आयोजन में क्रिकेट की गेंद का खलल

## दो पक्ष भिड़ेः बलवा, कई घायल

**जबलपुर**। हनुमानताल थाना अतंर्गत टेढ़ी नीम इलाके में क्रिकेट खेलने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाइश दी लेकिन इसके बाद भी वे लोग नहीं माने और आपस में लड़ गए। बताया गया है कि एक पक्ष क्रिकेट खेल रहा था तो दूसरा पक्ष मैदान में जन्मदिन मना रहा था। क्रिकेट की बॉल जन्मदिन कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गई इसी बात को लेकर झड़प मारपीट में बदल गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार टेढ़ी नीम में मो. साहिल, शहनवाज, आमिर व अन्य क्रिकेट खेल रहे थे और थोड़ी ही दूर सूरज चौधरी, प्रकाश चौधरी व अन्य किसी का जन्मदिन मना रहे थे। खेलते-खेलते दो-तीन बार बॉल जन्मदिन मनाने वाले स्थान पर चली गई। इस बात को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए लेकिन किसी ने पुलिस को फोन कर दिया, जिसके बाद मामला शांत हो गया। थोड़ी ही देर में एक बार फिर दोनों तरफ से दर्जनों लोग आए और एक-दूसरे पर पत्थर-डंडे व अन्य चीजों से हमला कर दिया। जिससे दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आईं। हालांकि दूसरी बार भी पुलिस बिना देर किए मौके पर पहुंच गई और झगड़ा शांत कराते हुए घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा।

## टीके विद्यार्थी बने जबलपुर रेंज के डीआईजी



**जबलपुर**। जबलपुर में पुलिस अधीक्षक रहे टीके विद्यार्थी को प्रमोशन के बाद जबलपुर रेंज का नया डीआईजी पदस्थ किया गया है। यहां गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया था। जहां से उनकी नियुक्ति सीआईडी भोपाल में की गई थी। हाल ही में 31 दिसम्बर को उन्हें डीआईजी पद पर पदोन्नत किया गया। जिसके बाद जबलपुर रेंज में उनकी पद स्थापना के आदेश जारी कर दिये गये।

बीकॉम, बीए व बीएससी में स्पेशलाइजेशन खत्म, फिर भी दे रहे मान्यता और संबद्धता

# टैक्स प्रोसिजर-फॉरेन ट्रेड सहित 45 विषय हो चुके खत्म

जबलपुर।

उच्च शिक्षा विभाग ने नई शिक्षा नीति लागू करने के साथ सभी परंपरागत यूजी कोर्स में स्पेशलाइजेशन की डिग्री खत्म कर दी हो, लेकिन अब भी विभाग स्पेशलाइजेशन कोर्स की एनओसी और देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी संबद्धता जारी कर रही है। जबकि 7 सितंबर 2022 को इसका औपचारिक निर्णय भी लागू किया जा चुका है। छात्र ग्रेजुएशन में चार साल का कोर्स पढ़ेंगे, उन्हें पीजी, यानी पोस्ट ग्रेजुएशन एक साल का ही करना होगा। यूजी के तीसरे वर्ष का स्कोर 7.5 होने पर ही चौथे वर्ष में प्रवेश मिलेगा। चौथे वर्ष में रिसर्च मेथोडोलॉजी पढना होगी। उन्हें रिसर्च डिग्री मिलेगी, जबकि दूसरा विकल्प ऑनर्स का है। जो छात्र रिसर्च नहीं चुनेंगे, उन्हें चौथे वर्ष में ऑनर्स की डिग्री मिलेगी। फस्ट ईयर में पढ़ाई



छोडने पर सर्टिफिकेट, सेकंड ईयर में डिप्लोमा और थर्ड ईयर में सिर्फ प्लेन डिग्री मिलेगी।

बावजूद इसके कॉलेज बीकॉम, बीए व बीएससी के साथ ही बीबीए जैसे कोर्स के स्पेशलाइजेशन की भी संबद्धता ला रहे हैं। इंदौर में ही 45 से ज्यादा कॉलेजों को अलग-अलग स्पेशलाइजेशन कोर्स की संबद्धता 2023 सत्र के लिए डीएवीवी ने जारी की है। नए सत्र-2024 के लिए भी यूनिवर्सिटी ने इन कॉलेजों की यह प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए कुछ कॉलेज उच्च शिक्षा विभाग की एनओसी भी ले आए हैं। इस मामले में कुछ छात्रों ने यूनिवर्सिटी और उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर पूछा है कि जब स्पेशलाइजेशन खत्म हो गए हैं तो कॉलेज और यूनिवर्सिटी यह दावा क्यों कर रहे हैं। दरअसल इसके पीछे सारा खेल फीस का है। क्योंकि स्पेशलाइजेशन कोर्स की फीस कॉलेज लगभग दोगुना वसूलते हैं। यूनिवर्सिटी भी कॉलेजों से स्पेशलाइजेशन कोर्स का संबद्धता शुल्क प्लेन कोर्स की तुलना में ढाई गुना लेती है। हर 30 सीट पर यह शुल्क लगता है।

### प्लेन व स्पेशलाइजेशन की फीस में फर्क

9000 है बीकॉम प्लेन की औसत फीस

14000 है बीकॉमटैक्स प्रोसिजर, कम्प्यूटर एप्ली. एडवरटाइजिंग की फीस

6000 है बीए प्लेन की औसत फीस

13000 है बीए इकोनॉमिक्स ऑनर्स की औसत फीस

सड़क पानी बिजली की समस्याओं से जूझ रहे लोग

# नव विकसित पालीवाल कॉलोनी में मूलभूत सुविधा का अभाव



**सिहोरा।** नगर के पॉश एरिया में नव विकसित कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं है। यहां के लोग सड़क,नाली,पानी,बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार मांग करने के बाद भी कालोनी के लोगों को कच्चे रास्ते और सड़क पर जमा गंदे पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि शहर में कई कालोनी अवैध हैं। जहां पर नगर पालिका परिषद द्वारा अवैध कालोनी का बहाना कर सड़क नाली तक नहीं बनाई जाती है। हालांकि अवैध कालोनियों के कालोनाइजरों की कई बार शिकायत की गई, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### प्लॉट में जमा हो रहा है गंदा पानी

कॉलोनी में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से खाली प्लाटों में पानी छोड़ रखा है। नपा को यहां पर जलनिकासी की व्यवस्था करनी चाहिए।

### न सड़क और न ही पानी निकासी की व्यवस्था

गौरतलब है कि कालोनी का विकास कुछ सीमित इलाके में ही सिमट गया है। सड़कों की कमी यहां के लोगों की मुख्य समस्या है। कालोनी अंदरूनी हिस्सों में सड़क नहीं के बराबर है। वैसे इस मोहल्ले की आबादी काफी अधिक है। लेकिन आबादी के हिसाब से विकास कार्य में इसका ध्यान नहीं रखा गया है। यहीं कारण है कि यहां समस्याएं हर ओर आसानी से दिख जाती है। लोग जन समस्याओं को लेकर नगर पालिका अधिकारियों को कई दफा अवगत भी करा चुके हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को नागरिकों ने चर्चा करते हुए बताया कि बारिश के सीजन में अगर थोड़ी सी बरसात होते ही इस कालोनी में स्थित कई संकरी सड़कें पानी में डूब जाती हैं। क्योंकि यहां पर जल निकासी के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है।एंव गंदे पानी की निकासी न होने के कारण सड़कों पर गंदे पानी के बहने से मुख्य मार्ग ही कीचड़ युक्त हो जाता है।

### विकास के लिए तरस रही

शहर के बीचोंबीच से रेलवे स्टेशन मार्ग के किनारे स्थित वार्ड क्रमांक 13 पालीवाल कालोनी शहरी इलाके में होकर भी विकास कार्य में पूर्ण रूप से पिछड़ गया है। कहने को तो यह शहरी इलाके का अंग है लेकिन यहां की सुविधाओं को देखकर ऐसा लगता है कि यहां के लोग ग्रामीण इलाके में बसे है। ना ही ढंग की सड़क और ना ही जल निकासी की सुविधा।इस कालोनी में कई घरों में आज भी जाने के लिए सड़क तक नहीं बनी हैं। जहां सड़क बनी भी है वहां नाले के अभाव में नाले का गंदा पानी सड़क पर बहता है। जिससे इस रास्ते से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। वहीं रात में प्रकाश व्यवस्था के लिए खंभों पर स्ट्रीट लाइट तक नहीं लगी हैं। खास बात यह है कि इस संबंध में नगर पालिका जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी वे व्यवस्था में सुधार के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।




# किसानों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू

**मझौली।** भारतीय किसान संघ मझौली के द्वारा शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। धान खरीदी केंद्रों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। संघ के द्वारा बताया गया कि मझौली में स्थित मां रेवा वेयरहाउस, धनाडी केदार वेयरहाउस, बिदली ओम साइन वेयरहाउस, लोहारी भाग्यश्री वेयरहाउस, रानीताल माता श्री वेयरहाउस, रानीताल महादेव वेयर हाउस, बनखेड़ी योग माया वेयर हाउस, बटरंगी इन सभी बियर हाउस में हजारों की कुंटल में किसानों की धान पड़ी हुई है इन सभी किसान भाइयों की मांग है कि वेयर हाउस में किसानों की धान पड़ी हुई है वहीं पर समिति के द्वारा खरीदी एवं तुलाई की जाए। धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, रंजीत पटेल, राजेश अटल पटेल, लव कुश, मुकेश, राजवीर आदि किसानों ने मांग की।

# एसएस कालेज में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा में हस्तशिल्प कला के अंतर्गत हस्तशिप कलाकृतियां एवं रोजगार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न हस्तशिल्प कलाकृतियों के निर्माण एवं उन्हें बाजार में व्यवसाय के रूप में प्रदर्शित कर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाए, संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत हस्तशिल्प कला की रोजगार की उपयोगिता बताते हुए किया गया साथ ही भारतीय संस्कृति से संबंधित विभिन्न कलाकृतियों को रोजगार करने की दृष्टि से किस प्रकार बाजार में प्रदर्शित किया जाए एवं आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाए इस विषय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। इसी क्रम में इतिहास विषय के विभाग अध्यक्ष डॉ. एस. के. मेहरौलिया द्वारा हस्तशिल्प कला के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से संबंधित उद्बोधन दिया गया कार्यशाला के अंतर्गत डॉ अर्चना नामदेव एवं अनिल राजपूत द्वारा विभिन्न हस्तशिल्प कला जैसे पेंटिंग क्ले मॉडलिंग सुपारी कला,पेपर में रंगाई छपाई एवं ब्लॉक प्रिंटिंग से संबंधित नमूने तैयार करके दिखाए गए एवं विद्यार्थियों को विभिन्न कलाविधीयो से अवगत कराया गया ।कार्यक्रम का संचालन विषय प्रभारी डॉक्टर नामदेव द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अनिल राजपूत के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापको सहित बी.ए, बी.एस-सी ,बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के 82 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का सिहोरा में किया गया भव्य स्वागत

# सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया अभिवादन



**सिहोरा।** सडक मार्ग से सतना जाते समय खितौला तिराहे पर पार्षद राजेश चौबे के संयोजन में कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं ने फूल-माला एवं आतिशबाजी कर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का भव्य आत्मीय स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा की किसानों को धान का मुल्य 3100 देने के वायदे के साथ लाडली बहनों को 3 हजार रुपये एवं 450 रूपए का सिलेंडर देने का वायदा कर भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाई लेकिन इसके साथ ही अनेक वायदे किए पर सरकार में आते ही भूल गए जिससे प्रदेशवासी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। आगे कहा की मध्यप्रदेश में समस्त कार्यकर्ताओं के सहयोग से कांग्रेस को और मजबूत बनाया जायेगा तथा आने वाले लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता दुगने उत्साह के साथ मैदान में उतरेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी,कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष डाक्टर नीलेश जैन,ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल,जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर, रमेश पटेल, राहुल पांडे, चंद्रजीत पटेल, विनय पटेल, चंपू पटेल, सुशील पांडे,राजा पटेल,चंद्रभान उरमलिया,मुकेश तिवारी, कृष्ण कुमार कुररिया, अजय चक्रवर्ती, मोहित पटेल, तेजी पटेल,आकाश बिरहा, दिलीप जैन, अमोल चौरसिया, रसिया, आलोक पांडे, प्रकाश कुररिया, सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गायत्री महायज्ञ में विराट दीप यज्ञ का आयोजन

**सिहोरा।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री मंदिर गढ़िया मोहल्ला में चल रहे गायत्री महायज्ञ में 10 परियों में यज्ञ संपन्न हुआ जिसमें 400 लोग लाभान्वित हुए एवं आहुतियां प्रदान की तथा विभिन्न संस्कार संपन्न हुए।शाम को पावन प्रज्ञा पुराण कथा में अविनाश महाराज ने प्रथम सुख निरोगी काया का वर्णन किया गया। जनपद पंचायत मझौली से योगाचार्य योगेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में 26 बालिकाओं ने निरोगी रहने के योग का प्रदर्शन यज्ञ पंडाल में किया जिसको हजारों की संख्या में दर्शकों ने देखकर योग करने की प्रेरणा प्राप्त की। पावन प्रज्ञा पुराण के पश्चात 2100 दीपक को प्रज्वलित कर दीप यज्ञ संपन्न किया गया एवं संदेश दिया गया कि दीप से दीप जला करके व्यक्ति से व्यक्ति में सुधार आए-सुधरे व्यक्ति और परिवार तभी बनेगा राष्ट्र महान।

# वार्ड 6 के पार्षद एवं पंडरिया कला, झांसी के सरपंच पद हेतु उपचुनाव सम्पन्न

**सिहोरा।** सिहोरा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 6 एंव जनपद पंचायत सिहोरा की ग्रांम पंचायत पंडरिया कला तथा ग्रांम पंचायत झांसी के लिए आज उपचुनाव संपन्न हुए। सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज ईवीएम में कैद हो गया। मतगणना आगामी 9 जनवरी को तहसील कार्यालय में सम्पन्न होगी वार्ड क्रमांक 6 में 1521 मतदाताओं में से 1005 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 6 भाग क्रमांक एक में 63.48 प्रतिशत एवं भाग क्रमांक 2 में 68.25 प्रतिशत अर्थात लगभग 66.07 प्रतिशत मतदान हुआ।



### ग्राम पंचायत झांसी एवं पंडरिया कला में मतदान

सिहोरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्रांम पंचायत पंडरिया कला के सरपंच पद के उप चुनाव में मतदान केन्द्र क्रमांक 90 में कुल मतदाता 465 मत पड़े 428,92 प्रतिशत,मतदान केंद्र क्रमांक 91 मतदाता 310 मत पड़े 295,95 प्रतिशत, मतदान केंद्र क्रमांक 92 हरदी में मतदाता 519 मत पड़े 474,91 प्रतिशत।इसी तरह ग्रांम पंचायत झांसी के सरपंच पद के उप चुनाव में मतदान केंद्र क्रमांक 196 मतदाता 622 मत पड़े 465,74 प्रतिशत, मतदान केंद्र क्रमांक 197 मतदाता 526 मत पड़े 364,69 प्रतिशत रहा दोनों ही ग्रांम पंचायतों में मतदान शांतिपूर्ण रहा।

## सड़क दुर्घटना में 3 मजदूर घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत पिपरिया मोड़ के पास परियट मेन रोड में मजदूरी कर घर लौट रहे तीन मजदूरों को एक कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक युवक व दो महिलाओं को हाथ, पैर व शरीर में चोटें आ गई। तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उर्दुवाकला परियट निवासी 27 वर्षीय कमलेश यादव, 47 वर्षीय श्रीमति मालती रजक, 24 वर्षीय शिवानी ठाकुर और 32 वर्षीय अजय यादव गत दिवस मजदूरी करके अपने-अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही शाम लगभग 4.30 बजे पिपरिया मोड़ के पास परियट मेन रोड पनागर पहुंचे, तभी पनागर तरफ से कार क्रमांक एमपी 20 टीए 1395 के चालक ने कमलेश यादव, मालती रजक और शिवानी ठाकुर को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। अजय यादव ने तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## श्री विष्णु वराह कप: नरसिंहपुर ने 5 विकेट से नागोद को हराया




**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के श्री विष्णु वराह कप 2024 में शुक्रवार को तीसरा लीग मुकाबला नागोद और नरसिंहपुर के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नागोद की टीम ने 20 ओवरों में 7 विकेट पर 172 रन बनाए। जिसमें अमरजीत 32 रन, अंबिकेश 46 रन, मयूर 32 रन और कप्तान गुड्डू ने ताबड़तोड़ 22 रन बनाए। नरसिंहपुर टीम की ओर से अनुराग ने तीन विकेट और अथर्व ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरसिंहपुर की टीम ने एक तेज शुरुआत करते हुए इस लक्ष्य को 18.4 ओवर में 173 रन 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया और 5 विकेट की जीत अपने नाम दर्ज की। नरसिंहपुर की टीम की तरफ से सौरभ 28 रन, मोहित 25 रन और सर्वाधिक रन अंकुर सिंह ने ताबड़तोड़ 26 गेंद पर 40 रन बनाकर अपना योगदान टीम के लिए दिया। वहीं नागोद की टीम की ओर से अंकित परिहार तीन विकेट और कृष्णम 2 विकेट को छोड़कर सारे गेंदबाज महंगे साबित हुए। अनुराग मालवी को उनकी शानदार गेंदबाजी के कारण मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आज का चौथा लीग मुकाबला मुंबई की टीम और प्रयागराज की टीम के मध्य खेला जाएगा।

# पति, सास, ससुर पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**जबलपुर।** मझगवां थाना अंतर्गत दुबे मोहल्ला मझगवां में एक महिला ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियें के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुबे मोहल्ला मझगवां निवासी 27 वर्षीय श्रीमति नैन्सी शर्मा की शादी 14 मार्च 2023 को कुठला जिला कटनी निवासी राहुल प्यासी के साथ हुई थी। शादी में उसके माता पिता ने अपनी हैसियत अनुसार नगद 2 लाख एवं अन्य सामान दान दहेज दिए थे। शादी के दो दिन बाद पति राहुल प्यासी, सास सुमन प्यासी और ससुर संतकुमार प्यासी खाना नहीं बनाते बनता है कहते हुए तुम्हारे पिता ने शादी में कार एवं 50 हजार रुपए नहीं दिए की बात पर आए दिन मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करने लगे। मायके में 12-13 दिन रहने के दौरान भी सास ससुर दहेज के लिए प्रताड़ित करते। गत 4 अक्टूबर को तबियत खराब होने पर पति, सास और ससुर ने उसका इलाज नहीं कराया। बीमारी की सूचना मोबाइल द्वारा अपने बड़े भाई नागेंद्र शर्मा को दी तो पति ने मोबाइल छुड़ा लिया और मारने की धमकी दी। डर के कारण वह अपने कमरे में छिप गई उसी रात लगभग 2 बजे उसका भाई नागेंद्र शर्मा ससुराल आया और उसे मझगवां लेकर आ गया तथा उसका इलाज कराया। उसने माता पिता को पूरा घटनाक्रम बताया। पुलिस ने आरोपी सास, ससुर और पति के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 498 ए, 34 तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने अवैध शराब और अवैध हथियार के तस्करों और जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 37 पाव देशी, अंग्रेजी, 72 लीटर कच्ची शराब और दो चाकू जब्त किए है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 जा.फौ. के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 65 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 7 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, इसी प्रकार 15 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 11 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 37 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 72 लीटर कच्ची शराब, जब्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 2 चाकू जब्त किये गये।

**श्री हरवंश प्रसाद मिश्रा** - सिहोरा, ग्रांम घाट सिमरिया निवासी श्री हरवंश प्रसाद मिश्रा का 70 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार ग्रह ग्रांम के मुक्तिधाम में किया गया। वे संजीव, संदीप बच्चू मिश्रा के पिता थे।



**श्रीमती सरस्वती सिंह-** विजय नगर निवासी श्री आनंद सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती सिंह (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शंकर लाल चंद्रवंशी-** नरसिंह नगर रांझी निवासी श्री शंकर लाल चंद्रवंशी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिनेश दाहिया-** साहू मोहल्ला सिद्धबाबा निवासी श्री दिनेश दाहिया का निधन हो गया।

निधन

अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल-** दीक्षितपुरा मन्नूलाल ट्रस्ट अस्पताल के पीछे निवासी श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव-** कृष्णा टाउन सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुरेश बेन-** व्हीकल इस्टेट रोड निवासी श्री सुरेश बेन (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव-** शुभम रेसीडेंसी तिलहरी निवासी श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### सरकार ईसीजीसी का दायरा बढ़ाने को इच्छुक

**मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार ईसीजीसी का दायरा बढ़ाने को इच्छुक है। उन्होंने रत्न एवं आभूषण उद्योग के शीर्ष नेतृत्व से क्षेत्र के निर्यातकों की मदद के लिए एक समिति बनाने को कहा। गोयल ने कहा, 'हमने पूरे कारोबार के लिए ईसीजीसी कवर देना शुरू कर दिया है... हम विस्तार करने के इच्छुक हैं।

### वोल्वो कार इंडिया की बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी




**मुंबई।** स्वीडिश कार निर्माता वोल्वो कार्स की कैलेंडर वर्ष 2023 में भारत में कुल बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 2,423 इकाई हो गई। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, वोल्वो कार इंडिया ने 2022 कैलेंडर वर्ष में घरेलू बाजार में 1,851 कार की बिक्री की थी। बयान के अनुसार, ऑल-इलेक्ट्रिक एक्ससी40 रिचार्ज ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया।

### मैक्रोटेक की तिमाही बिक्री में 12 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स की चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बिक्री बुकिंग 12 प्रतिशत बढ़कर 3,410 करोड़ रुपये हो गई। आवासीय संपत्तियों की बेहतर मांग के दम पर यह वृद्धि हुई है। कंपनी की 2022 में समान अवधि में बिक्री बुकिंग 3,040 करोड़ रुपये रही थी।

### सुजलॉन को एवररेन्यू से मिला पवन ऊर्जा का ठेका



**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को एवररेन्यू एनर्जी से 225 मेगावाट पवन ऊर्जा का ठेका मिला है। सुजलॉन तमिलनाडु में त्रिची जिले के वेंगईमंडलम और तूतिकोरिन जिले के ओट्टापिडारम में एवररेन्यू एनर्जी की साइट पर एचएलटी टावर और 75 पवन टरबाइन जनरेटर स्थापित करेगा।

### रिलायंस नेवल का प्रबंधन अब स्वान एनर्जी के पास




**मुंबई।** तेल एवं गैस, कपड़ा, रियल्टी जैसे क्षेत्रों में काम कर रही स्वान एनर्जी ने रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग का औपचारिक रूप से प्रबंधन नियंत्रण अपने जिम्मे ले लिया है। कंपनी ऋण शोधन अक्षमता एवं दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी।

### सोने में 100 रुपए की गिरावट चांदी 76,900 पर अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 76,900 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित बनी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'शुक्रवार को सोने में गिरावट जारी रही।

# टाटा ने भारत की सबसे छोटी इलेक्ट्रिक एसयूवी 'टाटा पंच' की अनवील

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को अपनी टाटा पंच ईवी को अनवील कर दिया। कंपनी का दावा है कि यह कार फुल चार्ज पर 300 से 400 किलोमीटर चलेगी। रेंज बैटरी पैक पर निर्भर करेगी। पंच ईवी की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। इसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक किया जा सकता है। टाटा पंच ईवी का मुकाबला सिट्रोएन ईसी3 से होगा। इसे नेक्सॉन ईवी और टियागो ईवी के बीच पोजीशन किया जाएगा। यानी, कीमतें 10 लाख-13 लाख रुपए, एक्स-शोरूम के बीच हो सकती हैं।

- कार की कीमत 10 से 13 लाख के बीच हो सकती है

## कंपनी का दावा फूल चार्ज पर चलेगी 300 से 400 किलोमीटर

### इंटीरियर, फीचर्स

पंच ईवी के डैशबोर्ड की हाइलाइट नई 10.25-इंच की इंफोटेनमेंट स्क्रीन है। इसमें10.25 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और बड़े दो-स्पोक स्टीयरिंग व्हील भी है। हालांकि, लोअर वैरिएंट में 7.0 इंच की इंफोटेनमेंट स्क्रीन और डिजिटल क्लस्टर मिलेगा। नेक्सॉन ईवी में मिलने वाला रोटरी ड्राइव सिलेक्टर केवल लॉन्ग रेंज वेरिएंट में उपलब्ध होगा।

### 360 डिग्री कैमरा होगा

इसके अलावा पंच ईवी में 360-डिग्री कैमरा, लेदरेट सीटें, ऑटो होल्ड के साथ इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, कनेक्टेड कार टेक, एक वायरलेस चार्जर, वेंटीलेटेड फ्रंट सीटें, क्रूज कंट्रोल और नया आर्केड ईवी ऐप सुइट मिलेगा। ऑप्शन के तौर पर सनरूफ भी उपलब्ध है।




*पोर्टफोलियो में चौथी ऑल इलेक्ट्रिक कार : यह भारत की सबसे छोटी इलेक्ट्रिक एसयूवी होने के साथ टाटा के पोर्टफोलियो में चौथी ऑल इलेक्ट्रिक कार है। नेक्सन के बाद टाटा की यह दूसरी इलेक्ट्रिक एसयूवी भी है। यहा टाटा का पहला मॉडल है जिसे जनरेशन 2 ईवी आर्किटेक्चर पर डेवलप किया गया है।*
*सेफ्टी : वहीं सेफ्टी के लिए इसमें 6 एयरबैग, एबीएस और ईएससी सभी वैरिएंट में मिलेंगे। ब्लाइंड व्यू मॉनिटर, सभी सीटों के लिए तीन-पॉइंट सीट बेल्ट, आयसोफिक्स माउंट और एसओएस फंक्शन मिलता है।*

### दो वेरिएंट में मिलेगी टाटा पंच ईवी

टाटा पंच ईवी को दो वेरिएंट में उतारा गया हैं - स्टैंडर्ड और लॉन्ग रेंज। स्टैंडर्ड में 25 केडब्ल्यूएच और लॉन्ग रेंज में 35केडब्ल्यूएच बैटरी पैक होने की उम्मीद है। स्टैंडर्ड में केवल 3.3केडब्ल्यू एसी चार्जर मिलता है, जबकि लॉन्ग रेंज में 7.2केडब्ल्यू एसी चार्जर के साथ 150केडब्ल्यू डीसी फास्ट चार्जिंग भी मिलती है।

### पांच रंगों में होगी उपलब्ध

स्टैंडर्ड पंच ईवी 5 ट्रिम्स में उपलब्ध है - स्मार्ट, स्मार्ट प्लस, एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड प्लस। इसे 5 डुअल-टोन कलर ऑप्शन में उतारा गया है। वहीं लॉन्ग रेंज में तीन ट्रिम मिलते हैं - एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड प्लस। इसमें 4 डुअल-टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने राष्ट्रीय आय के लिए जारी किया अनुमान

# भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*चालू वित्त वर्ष में खनन एवं उत्खनन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के बढ़िया प्रदर्शन की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रह सकती है जबकि एक साल पहले यह 7.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी एक सरकारी अनुमान में यह संभावना जताई गई।*

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष के 1.3 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। इसी तरह खनन क्षेत्र की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 8.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2022-23 में 4.1 प्रतिशत थी।

### पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 8.9 फीसदी होगी

वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.1 प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने एक बयान में कहा, 'वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) यानी 2011-12 की स्थिर कीमतों पर जीडीपी के वर्ष 2023-24 में 171.79 लाख करोड़ रुपये पहुंच जाने का अनुमान है जबकि वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का अस्थायी 160.06 लाख करोड़ रुपये है।'

### आरबीआई के अनुमान से अधिक है

बयान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 7.3 प्रतिशत रहेगी जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एनएसओ का यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से अधिक है।

### आरबीआई ने भी जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाया

रिजर्व बैंक ने पिछले महीने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में 2023-24 के लिए देश की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 296.58 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जबकि 31 मई, 2023 को जारी वर्ष 2022-23 के अस्थायी अनुमानों के मुताबिक जीडीपी 272.41 लाख करोड़ रुपये थी।

### सेवाओं की वृद्धि दर 7.7 फीसदी होगी

निर्माण क्षेत्र के चालू वित्त वर्ष में 10.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जो एक साल पहले 10 प्रतिशत रहा। इसी तरह लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2022-23 के 7.2 प्रतिशत से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में बुनियादी कीमतों पर सकल मूल्य-वर्द्धन (जीवीए) 6.9 प्रतिशत की दर से होने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में सात प्रतिशत रहा।



### कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर घटने का अनुमान

चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर के घटकर 1.8 प्रतिशत आ जाने का अनुमान जताया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर चार प्रतिशत रही है। इसी तरह व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण सेवाओं की वृद्धि दर के पिछले वित्त वर्ष के 14 प्रतिशत से घटकर 6.3 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है।

- खनन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में बढ़िया प्रदर्शन
- विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन बढ़कर 6.5 फीसदी होने का अनुमान
- खनन क्षेत्र की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 8.1 प्रतिशत रहने का संभावना

### अर्थव्यवस्था का आकार 296.58 लाख करोड़ का होगा

एनएसओ के मुताबिक, वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी की वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2022-23 में यह 16.1 प्रतिशत थी। एनएसओ का कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2023-24 के अंत में 296.58 लाख करोड़ रुपये यानी 3.57 लाख करोड़ डॉलर (83 रुपये प्रति डॉलर के भाव से) हो जाने का अनुमान है।

# आरबीआई ने वाणिज्यिक पत्रों के लिए किए नियम सख्त

एजेंसी ⏭ मुंबई




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक वर्ष तक की अवधि वाले वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) को जारी करने के नियम सख्त कर दिए हैं। एक अप्रैल से लागू होने वाले आरबीआई के नए मानकों में छह प्रमुख बदलावों को जगह दी गई है।

आरबीआई ने कहा कि ऐसे अल्पकालिक वाणिज्यिक पत्र की अवधि सात दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है, जबकि एनसीडी की अवधि 90 दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है। संशोधित मानकों के तहत, एक अप्रैल से जारी किए जाने वाले वाणिज्यिक पत्रों और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों का न्यूनतम मूल्य पांच लाख रुपये और उसके बाद पांच लाख रुपये के गुणक में होगा। आरबीआई की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी नए नियमों के मुताबिक, इन दोनों ऋण के साधनों को विकल्पों के साथ जारी नहीं किया जा सकता है जबकि इनका निपटान 'टी प्लस चार' कार्य दिवसों यानी लेन-देन वाले दिन को छोड़कर चौथे दिन करना होगा।

- नए मानकों में छह प्रमुख बदलावों को जगह
- सीपी की अवधि सात दिन से कम व एक वर्ष से अधिक नहीं होगी

वाणिज्यक पत्र और एनसीडी केवल डिमैट स्वरूप में ही जारी किए जाएंगे और बाजार नियामक सेबी के पास पंजीकृत डिपॉजिटरी के पास रखे जाएंगे। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने जारीकर्ता के लिए इन ऋण साधनों के जरिये जुटाए गए धन के अंतिम उपयोग की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया है।

### सीपी अंकित मूल्य पर छूट के साथ जारी होंगे

वाणिज्यिक पत्र अंकित मूल्य पर छूट के साथ जारी किए जाएंगे जबकि एनसीडी अंकित मूल्य पर छूट पर या निश्चित या फ्लोटिंग रेट कूपन के साथ जारी किए जाएंगे। आरबीआई के नए मानदंड मुद्रा बाजार से संबंधित विभिन्न निर्देशों की समीक्षा के बाद जारी किए गए हैं।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 623.2 अरब डॉलर

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.76 अरब डॉलर बढ़कर 623.2 अरब डॉलर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर हो गया था। उल्लेखनीय है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने पूंजी भंडार का उपयोग बाजार में जरूरी हस्तक्षेप के लिए किया। इससे मुद्राभंडार प्रभावित हुआ।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.87 अरब डॉलर बढ़कर 551.61 अरब डॉलर हो गया। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक के अनुसार स्वर्ण भंडार का मूल्य 85.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.33 अरब डॉलर हो गया।



- समाप्त सप्ताह में 2.76 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी

### आईएमएफ के पास रखा देश का भंडार घटा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.36 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 20 लाख डॉलर घटकर 4.89 अरब डॉलर रहा।

## ऑडी की बिक्री 2023 में 89 प्रतिशत बढ़ी...



**रायपुर।** जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी की 2023 में भारत में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 89 प्रतिशत बढ़कर 7,931 इकाई रही। कंपनी ने 2022 में 4,187 इकाइयों की बिक्री की थी। गत वर्ष 2023 में बिक्री में वृद्धि की मुख्य वजह क्यू 3 स्पोर्टबैक, क्यू 8 ई-ट्रॉन और क्यू 8 स्पोर्टबैक ई-ट्रॉन को बाजार में पेश किया जाना, साथ ही ए 4, ए 6 तथा क्यू 5 की निरंतर मांग रही। इसके अलावा, क्यू7, क्यू8, ए8 एल, एस5 स्पोर्टबैक, आरएस5 स्पोर्टबैक, आरएस क्यू8, ई-ट्रॉन जीटी और आरएस ई-ट्रॉन जीटी जैसे टॉप-एंड मॉडल की मजबूत मांग बनी रही। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने यहां कहा, '2023 हमारे लिए एक और सफल वर्ष रहा। हमारे विभिन्न खंड में मजबूत मांग बनी हुई है।' ढिल्लों ने कहा, ' हमें विश्वास है कि यह वृद्धि 2024 में भी जारी रहेगी।'

# बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 179 अंक चढ़ा

- बाजार में विदेशी पूंजी प्रवाह दूसरे दिना जारी रही

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 179 अंक चढ़कर बंद हुआ। मुख्य रूप से विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच आईटी, पूंजीगत वस्तुओं और प्रौद्योगिकी शेयरों में तेजी से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर में कारोबार के दौरान थोड़ी देर फिसला। लेकिन उसके बाद इसमें तेजी से सुधार हुआ और यह अंत में 178.58 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,026.15 अंक पर बंद हुआ।



- आईटी, पूंजीगत वस्तुओं व प्रौद्योगिकी शेयरों में तेजी

### इनमें रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और विप्रो के शेयर लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

# यूरोप की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर हुई 2.9 प्रतिशत

एजेंसी ⏭ फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)

यूरोप की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 2.9 प्रतिशत हो गई। लगातार सात महीने की गिरावट के बाद फिर से इसमें उछाल आया है। खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी और जर्मनी और फ्रांस में ऊर्जा सब्सिडी समाप्त होने से मुद्रास्फीति बढ़ी है। मुद्रास्फीति बढ़ने से यूरोपीय सेंट्रल बैंक के हाल-फिलहाल ब्याज दर में कटौती करने की संभावना नहीं है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 2.9 प्रतिशत हो गई। यह नवंबर में दर्ज की गई 2.4 प्रतिशत वार्षिक मुद्रास्फीति से अधिक है। हालांकि अक्टूबर 2022 में सर्वाधिक 10.6 प्रतिशत से काफी कम है। ईसीबी अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड ने आगाह किया कि आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। यूरो मुद्रा का उपयोग करने वाले 20 यूरोपीय देशों के केंद्रीय बैंक ने अपनी नीतिगत ब्याज दर को रिकॉर्ड चार प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत के लक्ष्य तक नीचे लाने के लिए जब तक आवश्यक होगा तब तक इसे वहीं कायम रखा जाएगा।



- लगातार सात माह की गिरावट के बाद आया उछाल
- जर्मनी व फ्रांस में ऊर्जा सब्सिडी समाप्त होने से मुद्रास्फीति बढ़ी

### ब्याज दर पर जल्दबाजी में न ले फैसला

ब्रजेस्की ने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि नीतिगत दर में कटौती को लेकर जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं होगा।

# गेल ने विटॉल के साथ एलएनजी आयात समझौते पर किए हस्ताक्षर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी है गेल इंडिया
- नीदरलैंड की विटॉल से प्रतिवर्ष

भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड ने वर्ष 2026 से अगले 10 साल के लिए नीदरलैंड्स की ऊर्जा कंपनी विटॉल से प्रति वर्ष लगभग 10 लाख टन एलएनजी की खरीद के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

गेल इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'इस सौदे के तहत विटॉल अपने वैश्विक एलएनजी पोर्टफोलियो से भारत में गेल को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति करेगी।' इस सौदे पर सिंगापुर में हस्ताक्षर किए गए। एलएनजी सतह के नीचे से निकाली जाने वाली प्राकृतिक गैस है जिसे बिना दबाव वाले भंडारण या परिवहन की आसानी और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ठंडा किया जाता है। गेल इस गैस को क्रायोजेनिक जहाजों के जरिये आयात करेगी और इसे उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने से पहले इसे वापस गैसीय अवस्था में बदला जाएगा। इसके उपयोगकर्ताओं में बिजली उत्पादक संयंत्र, फसल पोषक तत्वों के उत्पादन के लिए उर्वरक इकाइयां या वाहनों में सीएनजी के रूप में इस्तेमाल और घरेलू रसोई में पाइप लगाने के लिए सिटी गैस ऑपरेटर शामिल हो सकते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी ने कहा कि उसने और विटॉल एशिया पीटीई लिमिटेड ने एक दीर्घकालिक एलएनजी सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं।

### भारत जरूरतों का आधा हिस्सा पूरा करता है

भारत प्राकृतिक गैस की अपनी जरूरतों का लगभग आधा हिस्सा आयात से पूरा करता है। इस मौके पर विटॉल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रसेल हार्डी ने कहा, भारत एक अहम और बढ़ता हुआ एलएनजी बाजार है।

## सरकार घटिया वस्तुओं के आयात पर लगा रही अंकुश

# बिजली के सामान के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने घटिया वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाने तथा इन वस्तुओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'स्विच-सॉकेट-आउटलेट' और 'केबल ट्रंकिंग' जैसे बिजली के सामान के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड जारी किए हैं।

इस संबंध में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा इस एक जनवरी 2024 को विद्युत सहायक उपकरण (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2023 जारी किया गया। वस्तुओं का उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि उन पर भारतीय मानक ब्यूरो का चिह्न न हो।

- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने आदेश जारी किया गया

### पहली बार अपराध करने पर दो साल तक कैद

बीआईएस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पहली बार अपराध करने पर दो साल तक की कैद या कम से कम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। उपयोगकर्ताओं और निर्माताओं के बीच गुणवत्ता संवेदनशीलता विकसित करने के लिए विभाग द्वारा क्यूसीओ के विकास सहित विभिन्न पहल की जा रही हैं।



*आयात पर अंकुश लग पाएंगा : गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं और उत्पाद नियमावली बनाने के साथ ये पहल देश में एक गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करेगी। अनिवार्य क्यूसीओ घटिया उत्पादों के आयात पर अंकुश लगाने, अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं को रोकने और उपभोक्ताओं के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा तथा कल्याण सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।*
*पहले स्मार्ट मीटर, पंखे से लिए आदेश जारी : इससे पहले स्मार्ट मीटर, वेल्डिंग रॉड और इलेक्ट्रोड, कुकवेयर तथा बर्तन, आग बुझाने वाले यंत्र, बिजली के छत पंखे और घरेलू गैस स्टोव सहित कई वस्तुओं के लिए ऐसे आदेश जारी किए गए हैं।*

### आदेश अनुपालन में छूट दी गई

डीपीआईआईटी ने कहा कि यह आदेश अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह महीने बाद लागू होगा। इसमें कहा गया, 'इस आदेश में कुछ भी, निर्यात के लिए घरेलू स्तर पर निर्मित वस्तुओं लागू नहीं होगा।' लघु, कुटीर एवं मझौले (एमएसएमई) क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आदेश के अनुपालन में छूट दी गई है।

### छोटे उद्योगों को मिलेगा नौ माह का समय

छोटे उद्योगों को नौ महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है, जबकि सूक्ष्म उद्यमों को 12 महीने का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। डीपीआईआईटी बीआईएस और हितधारकों के परामर्श से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) को अधिसूचित करने के लिए प्रमुख उत्पादों की पहचान कर रहा है।

## चिंतन

# समुद्र में सुरक्षा चुनौतियों से पार पाना ही होगा

समंदर में सुरक्षा की नई चुनौतियां भारत के सामने उभरी हैं। अभी तक हिंद व प्रशांत सागरीय क्षेत्र में भारत को चीनी बाधाओं से जूझना पड़ रहा था, लेकिन अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भी भारत को अपने मालवाहक जहाजों की सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। अब अरब सागर में सोमालिया के पास भारतीय जहाज को हाईजैक कर लिया गया है। समुद्री लुटेरे ने इसे अंजाम दिया है। अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन यह काम सोमालियाई समुद्री लुटेरे की बजाय लाइबेरिया के प्रतिबंधित आतंकी गुट हुती विद्रोहियों का लगता है। अभी कुछ दिन पहले ही भारतीय मालवाहक जहाज पर अरब सागर में ड्रोन से हमला किया गया था। उसमें भी हुती का नाम आया था। 19 नवंबर को भी हुती विद्रोहियों ने लाल सागर से एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाइजैक कर लिया था। इजराइल व हमास के बीच जारी जंग के बाद से भारत हुती के निशाने पर है। भारत बेशक समुद्र में अपनी सुरक्षा करने में सक्षम है, लेकिन नए खतरों से मजबूती से निपटना जरूरी है। समुद्र में भारतीय जहाजों को महफूज रखना आवश्यक है। भारत उभरती हुई आर्थिक व सामरिक ताकत है, भारत का 70 फीसदी से अधिक कारोबार समुद्री रास्तों से होता है। तेल का आयात व निर्यात भी भारत समुद्री रास्तों से करता है। इसके अलावा कई देशों को दवा व अनाज की सहायता भी भारत समंदर से ही भेजता है। इसलिए मुट्ठी भर आतंकी ताकतों की ओर से उत्पन्न किए जा रहे खतरों से कड़ाई से निपटना होगा। अरब और लाल सागर में इन दिनों मर्चेंट वेसल पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। 1990 में सोमालिया में शुरू सिविल वार के बाद से लोग समुद्री लुटेरे बने हुए हैं। समुद्री सुरक्षा से जुड़ी भारत की एजेंसियां, आतंकवाद के ख़तरे पर बहुत ज़्यादा ज़ोर देती हैं। इसके चलते वो इंसानों की तस्करी, अवैध रूप से मछली मारने, जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए संकटों, लूट, डकैती और समुद्री प्रदूषण जैसी ग़ैर पारंपरिक चुनौतियों पर बहुत कम ज़ोर देती हैं। समुद्री सुरक्षा की कोई सार्वभौमिक परिभाषा नहीं है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री पर्यावरण, आर्थिक विकास और मानव सुरक्षा सहित समुद्री क्षेत्र के मुद्दों को समाहित करता है। समुद्र में लूट, डकैती, फिरौती, आतंकी हमले, हाईजैक, पर्यावरण को नुकसान, मानव तस्करी आदि के रूप में खतरे विद्यमान हैं। प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, समुद्री क्षेत्र में भौतिक खतरों के स्थान पर तकनीकी खतरों ने भी ले लिया है। भारत के लिए समुद्री सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है, हमारी तटरेखा 7,000 किमी. से अधिक है। वर्तमान में भारत की तटीय सुरक्षा त्रिस्तरीय संरचना द्वारा नियंत्रित है। भारतीय नौसेना अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर गश्त करती है, जबकि भारतीय तटरक्षक बल को 200 समुद्री मील (यानी विशेष आर्थिक क्षेत्र) तक गश्त और निगरानी करना अनिवार्य है। राज्य तटीय/समुद्री पुलिस उथले तटीय क्षेत्रों में गश्त करती है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि), 1982 के अनुसार, सभी देशों के अधिकारों का सम्मान करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को बार-बार दोहराया है। भारत को समुद्री बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना होगा। चीन समेत तमाम बाधाओं से पार पाना होगा। ग्लोबल साउथ में भारत को एक नौसैन्य ताकत बनना होगा।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# इस वर्ष ई-कॉमर्स पकड़ेगी रफ्तार

**भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित्त मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इस साल ईकॉमर्स तेजी से बढ़ेगा।**

यकीनन पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई ऑनलाइन खरीदी और ई-कॉमर्स में वृद्धि के मद्देनजर भारत सबसे आगे है। कोई दो-ढ़ाई दशक पहले भारत में जो ऑनलाइन खरीदी उच्च वर्ग तक सीमित थी, आज उससे आम आदमी भी लाभांवित हो रहा है। ऑनलाइन उत्पादों के कैटलॉग चेक करके मन पसंद वस्तुओं की एक क्लिक पर वापसी की सुविधा के साथ घर के दरवाजे पर डिलिवरी का चमकीला लाभप्रद बाजार ई-कॉमर्स की देन है। अब नए वर्ष 2024 में केंद्र सरकार भारत में ई-कॉमर्स बाजार के करोड़ों ग्राहकों के अधिक उपभोक्ता हितों का ध्यान रखते हुए ई-कॉमर्स को बढ़ाते हुए दिखाई देगी।

भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित्त मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यद्यपि ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है लेकिन यह देश के कुल बाजार का 5-6 फीसदी ही है। अभी भी देश का 94-95 फीसदी बाजार ऑफलाइन ही है, जबकि अमेरिका में 23-24 फीसदी और चीन में करीब 35 फीसदी से अधिक ऑनलाइन कारोबार है। इससे देश में ई-कॉमर्स के बढ़ने की बड़े स्तर पर संभावनाएँ हैं।
अभी हाल ही में सरकार के द्वारा लिए दो अहम निर्णयों से ई कॉमर्स को रफ्तार मिलेगी। इन निर्णयों में एक निर्णय निर्यात को बढ़ाने वाली निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीआईपी) का फायदा ई-कॉमर्स निर्यातक इकाइयों को भी मिलेगा। इसके तहत निर्यातकों को लागत पर आने वाले गैर क्रेडिट योग्य केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शुल्क वापस लिए जाते हैं। सरकार का दूसरा बड़ा निर्णय यह है कि वह देश में ई-कॉमर्स की भारी देश के करोडों उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा ई-कॉमर्स कंपनियों एवं देश के उद्योग-कारोबार से संबंधित विभिन्न पक्षों के बीच समन्वय हेतु व्यापक विचार-विमर्श से ई-कॉमर्स नीति को शीघ्र ही मूर्तरूप देने की डगर पर आगे बढ़ रही है।

इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन से निर्मित हुई ऑनलाइन खरीदारी देश के कोने-कोने में करोड़ों उपभोक्ताओं की आदत और व्यवहार का अभिन्न अंग बन गई है। देश में डिजिटलीकरण, स्मार्ट फोन की बढ़ती पहुँच, कम डेटा कीमतें, ऑनलाइन बुनियादी ढांचे की तेज वृद्धि,लोगों की बढ़ती क्रय शक्ति डिजिटल भुगतान, हाइपर-लोकल लॉजिस्टिक्स, प्रौद्योगिकी-सक्षम नवाचार से संबंधित ग्राहक जुड़ाव, डिजिटल विज्ञापन,सरकार के द्वारा



संबंधी लाइसेंस प्रक्रिया का युक्तिकरण, डिजिटल कॉमर्स के लिए एक खुले नेटवर्क की स्थापना, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और इनोवेशन फंड जैसे कार्यक्रमों से भी ई-कॉमर्स तेजी से विस्तारित हुआ है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजरों की संख्या 2022 में करीब 75.9 करोड़ थी, जो 2025 तक करीब 90 करोड़ होने का अनुमान है। इंटरनेट का उपयोग शहरों से ज्यादा गांवों में होने लगा है। वर्ष 2022 में भारत में 20 करोड़ से अधिक लोगों ने ऑनलाइन्न कुछ न कुछ खरीदा है। ई-कॉमर्स ने भारत में व्यापार और उपभोग का मिजाज बदला दिया है। बड़े शहरों की तुलना में टियर-2 व टियर-3 मझौले व छोटे शहरों में ई-कॉमर्स अधिक बढ़ा है। ई-कॉमर्स से होने वाले कुल कारोबार में टियर-1 (बड़े शहर) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 में 44.3 प्रतिशत रही। टियर-2 शहरों में यह हिस्सेदारी 37.1 प्रतिशत तो टियर-3 में 18.6 प्रतिशत की रही। किराना बाजार को छोड़ दिया जाए तो अन्य प्रकार की वस्तुओं की करीब 25 प्रतिशत बिक्री अब ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से होने लगी है। इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा घरों की सजावट, हेल्थ व फार्मा जैसे सेक्टर में ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से अधिक खरीदारी हो रही है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर एफएमसीजी, कृषि, फैशन व गारमेंट्स, सौंदर्य प्रसाधन से जुड़े उत्पादों की बिक्री में तेजी आई है।
जिस तरह देश में घरेलू स्तर पर ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है, उसी तरह भारत का ई-कॉमर्स निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के द्वारा हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक अगले 6 से 7 साल में भारत का ई-कॉमर्स निर्यात बढ़कर 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो अभी करीब महज 1.2 अरब डॉलर है। डीजीएफटी ने ई-कॉमर्स निर्यात आसान बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स सेवा प्लेटफॉर्म प्रदाता, अंतरराष्ट्रीय भुगतान व्यवस्था नियामक एजेंसियां जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, राजस्व विभाग के बीच अच्छे समन्वय और तालमेल का काम किया है, उससे ई-कॉमर्स निर्यात तेजी से बढ़ रहे हैं।
भारत में ई-कॉमर्स सेक्टर में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़े हैं। पिछले पांच साल में ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र में ई-कॉमर्स में करीब 23 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। ई-कॉमर्स में विदेशी निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मॉडल में स्वचालित मार्ग के तहत एफडीआई की सीमा को 100 फीसदीकी अनुमति है। बिजनेस टू बिजनेस (बी-2 बी) ई-कॉमर्स तथा खाद्य खुदरा कंपनियों के द्वारा सरकारी अनुमित मार्ग के तहत भी 100 फीसदी विदेशी निवेश की अनुमति हैं। ई-कॉमर्स वित्तपोषण, प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण के साधन प्रदान करके भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सीधे लाभान्वित कर रहा है। ऐसे में भारतीय ई-कॉमर्स सेक्टर बढ़ रहा है।
सरकार करोड़ों ई-कॉमर्स उपभोक्ताओं और ई-कॉमर्स कंपनियों और देश के उद्योग-कारोबार के बीच समन्वय स्थापित करने के मद्देनजर नई ई-कॉमर्स नीति को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देगी। नई ई-कॉमर्स नीति के तहत सरकार का दायित्व है कि ई-कॉमर्स से देश की विकास आकांक्षाएं पूरी हों तथा बाजार भी विफलता और विसंगति से बचा रहे। नई ई-कॉमर्स नीति में ई-कॉमर्स बाजार में उपभोक्ताओं के हितों और उत्पादों की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए भी प्रभावी पहल सुनिश्चित करनी होगी। मजबूत कानूनी ढांचे व उपभोक्ता संरक्षण उपायों को भी ध्यान में रखना होगा। सरकार द्वारा नई ई-कॉमर्स नीति के तहत ऐसी बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनियों पर नियंत्रण करना होगा जिन्होंने भारत को अपने उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बना दिया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
डॉ. रमेश ठाकुर



# मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार का प्रवेश!

भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल चौतरफा घिर गए हैं। अब नए मुसिबत उनके गले पड़ गई है। 'मोहल्ला क्लीनिक' योजना पर लगे फर्जीवाडे. के आरोप ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कट्टर ईमानदार वाली छवि पर एक बार फिर बड़ा प्रहार कर दिया है। मोहल्ला क्लीनिक उनकी ऐसी योजना है जिसे उन्होंने अभी तक अपने चुनाव जीत वाले मंत्र के तौर पर इस्तेमाल किया है। मोहल्ला क्लीनिक उनका बड़ा 'वोटबैंक' साबित हुई है। इसलिए अन्य योजनाओं के मुकाबले उनकी ये सबसे अग्रणी योजना रही है। इसे उन्होंने चुनावी 'मॉडल' के रूप में प्रचारित किया और उसका नाम लेकर ही उन्होंने लोगों से वोट भी मांगा, लेकिन अब इसमें भी भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है। 2023-24 के लिए दिल्ली सरकार ने 80 हजार करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था, जिसमें मोहल्ला क्लीनिक के लिए करीब एक तिहाई बजट अलग आवंटित रखा। पर, इस भारी भरकम रकम पर ऐसा बंदरबांट होगा, जिसकी शायद दिल्ली वासियों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी।

गौरतलब है, अन्य राज्यों के मुकाबले दिल्ली में टैक्स देने वालों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन उन्हें क्या पता उनके टैक्स के पैसों पर यूं डाका डाला जाएगा। आरोप निश्चित रूप से बेहद गंभीर हैं। हालांकि, मोहल्ला क्लीनिक में गड़बड़झाला है इस बात की भनक खुद केजरीवाल हो चुकी थी, तभी उन्होंने पिछले वर्ष अगस्त में ही इसकी जांच करवाने के आदेश दे दिए थे। जांच में पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट में जमकर फर्जीवाड़ा पाया। ये रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें न देकर सीधे उप-राज्यपाल को थमा दी। एलजी के हाथ में पहुंचने के मतलब है कि सीधे बिना घी-तेल डाले 'आग' लग जाना। हुआ भी कमोबेश वैसा ही? केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंत्रणा करने के बाद एलजी ने बिना देर किए तुरंत सीबीआई से जांच करवाने की सिफारिश कर दी। जांच की परतें जब एक-एक करके खुलेंगी, तो कई बेनकाब होंगे। हालांकि, मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पल्ला झाल लिया है, पर इतनी आसानी से वह भी नहीं बच पाएंगे। मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार एक्सपेज होने के बाद दिल्ली के लोग बस यही कह रहे हैं कि जब आरोप साबित हो जाएं, तो स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर ऐसी कठोर सजा मुकर्रर की जाए, जो सभी के लिए नजीर साबित हो।

चुनावी फायदे के तौर पर देखें तो 'आम आदमी पार्टी' ने 'मोहल्ला क्लीनिक' को कभी योजना नहीं माना, उन्होंने हमेशा चुनावी 'मॉडल' के रूप में इसे प्रस्तुत किया, ये योजना उनके लिए अप्रत्याशित 'वोटबैंक' ही रही जिसके जरिए ही आम आदमी पार्टी ने कई चुनावों में अपनी गंगा पार करी। पर, अब ये चुनावी नौका समुद्र के बीच मझधार में फंसती दिखने लगी है। निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव से पहले चिकित्सा विभाग में भ्रष्टाचार के ये आरोप आम आदमी पार्टी की विश्वसनीयता पर गहरा चोट मारेंगे। भाजपा के अलावा कांग्रेस भी हमलावर हो जाएगी। 'इंडिया गठबंधन' को भी तगड़ा धक्का लग सकता है। विरोधी दल जानते हैं कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए मोहल्ला क्लीनिक येजना अरविंद केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहलों में से एक रही है। जिसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगने का मतलब है विपक्ष को बैठे-बिठाए बड़ा मुद्दा हाथ लगना। भाजपा अब केजरीवाल की रही-सही इमेज को डेमेज करने में शायद ही कोई कसर छोड़े। आरोप लगने के बाद दिल्ली में भाजपा की समूची टीम आप पर हमलावर हो गई है। चुनाव के ऐन वक्त लगा ये झटका केजरी को जल्द उबरने न दे।
महोल्ला क्लीनिक पर भ्रष्टाचार का जो आरोप लगा है, उसकी पृष्ठभूमि को गौर करें तो दिल्ली विजिलेंस डिपार्टमेंट ने जब अपनी प्रारंभिक जांच पड़ताल की और निरीक्षण के लिए राजधानी में बने मोहल्ला क्लीनिक पहुंचे, तो किसी भी क्लीनिक में उन्हें कोई डॉक्टर इलाज करता नहीं मिला। जो मिले, वो चिकित्सक नहीं, बल्कि चतुर्थ श्रेणी के स्टॉफ के लोग थे। कई जगहों पर तो अनुभवहीन स्टाफ मरीजों को दवा और टेस्ट लिखते दिखाई दिए। जब उनसे पूछा गया कि आप चिकित्सक हो, तो वो भाग खड़े हुए। दरअसल, ये सब दिल्ली सरकार के नाक के नीचे हुआ। गडबड़झाले की खबर जानते हुए भी दिल्ली सरकार अंजान बनी रही। जबकि, इस योजना के शुरूआती दिनों को याद करें, तो एक सुखद तस्वीर आंखों के सामने उभरती है। तब, दिल्ली के लोग वास्तव में इन क्लीनिक में जाया करते थे। हल्की-फुल्की सभी बीमारी की दवाइयों के लिए लोग पहुंचते थे। अब स्थिति बदल चुकी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित
दर्शन

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा।

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
प्रेरणा

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

## सटाका




## आज की पाती


### उद्योग जगत पर राजनीति न हो

हाल ही में अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें अदाणी समूह को राहत मिली है। अब इस मामले पर भी कुछ लोग यह कहेंगे कि सुप्रीम कोर्ट मोदी सरकार के हाथ की कठपुतली है, लेकिन कुछ भी हो, सुप्रीम कोर्ट या अन्य सभी संस्थाओं को बिना किसी दबाव के ही फैसले लेने चाहिए। अमरीका की सट्टेबाज कंपनी हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप पर हेराफेरी के जो आरोप लगाए हैं, उसने बैकों और अन्य संस्थाओं को कटघरे में बेशक खड़ा कर दिया है, लेकिन यह ग्रुप देश का बहुत बड़ा ग्रुप है, जिसकी वजह से लाखों-करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी चलती है।

-महेश चौबे, महासमुंद

## ट्रेंड

### दिल को छू लेने वाला



भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है। राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल, पायल देव और मनोज मुंतशिर का स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### दोस्ती बहुत पुरानी



मेरी और मनीष की दोस्ती बहुत पुरानी है। हमारा स्नेह और भरोसा बहुत मज़बूत है। जनता के लिए काम करने का ये जुनून भी बहुत पुराना है। साज़िश रचने वाले लाख कोशिश कर लें.. ये भरोसा, ये स्नेह और ये दोस्ती कभी नहीं टूटेगी।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### शोभा नहीं देता



क्या मंत्री गिरराज सिंह देवेंद्र तिवारी जी के ईमेल का ज़िक्र कर रहे थे? गिरराज सिंह आप ज़िम्मेदार पद पर हैं ऐंसी बातें करना आप को शोभा नहीं देता। मैं उत्तर प्रदेश की पुलिस को बधाई देता हैं जिन्होनें देवेंद्र तिवारी को पकड़ लिया।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### चीन से आगे




सड़कों के मामले में हम चीन से आगे हैं। अधिक दिलचस्प बात यह है कि हम अमेरिका से कुछ दूरी पर हैं। मुझे यकीन है नितिन गडकारी आज से कुछ ही समय बाद अमेरिका से आगे निकलने का लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# विवादित समुद्री सीमा पर उ. कोरिया का सैन्य अभ्यास



दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया ने दोनों देशों के बीच विवादित समुद्री सीमा पर तोप अभ्यास किया, जो 2018 के सैन्य समझौते का उल्लंघन है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को विवादित पश्चिमी समुद्री सीमा के उत्तर में समुद्र में 200 गोले दागे। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के इस अभ्यास को उकसावे की कार्रवाई बताया हालांकि उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। दक्षिण कोरियाई द्वीप येओनपयोंग में रहने वाले लोगों का कहना है कि दक्षिण कोरियाई सेना ने उन्हें जगह खाली करने के लिए कहा है क्योंकि वह शुक्रवार शाम या रात में इसी तरह के अभ्यास को शुरू करने की योजना बना रही है। वहीं उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अधिकारियों को मिसाइलों के लिए मोबाइल लॉन्च वाहनों का उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि किम ने दुश्मनों के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के मद्देनजर यह आदेश दिया है और वह इस बात पर जोर दे रहे हैं कि दूसरे देशों के लिए उनके हमलों का पता लगाना मुश्किल हो। किम के आदेश की यह खबर व्हाइट हाउस के एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है।

## ऑफ बीट

# मकड़ियों से जितना आप डरते हैं वह आपसे डरती है



जोरो मकड़ी में मृत होने का नाटक करने की प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिकों के बीच इस चाल को थानाटोसिस के नाम से जाना जाता है। मकड़ियों के लिए किसी संभावित खतरे की प्रतिक्रिया में ऐसा करना आम बात है। मकड़ियों की दस प्रजातियों के 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश मकड़ियाँ हवा के कुछ तेज़ झोंकों की प्रतिक्रिया में लगभग एक मिनट के लिए जड़ हो जाती हैं। जोरो मकड़ियाँ एक घंटे से अधिक समय तक निश्चल पड़ी रहीं। यह शिकारियों या संभावित साथियों, जैसे नरभक्षी पिसौरा मिराबिलिस (यूरोपीय नर्सरी वेब स्पाइडर) मादाओं द्वारा खाए जाने की संभावना को कम कर देता है। इसकी कीमत उड़ने वाले कीड़े के रूप में एक दावत से चूकने जैसी हो सकती है। लेकिन मृत होने का नाटक करना संभवतः सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियों की तुलना में शिकारी से सुरक्षित रहने का अधिक ऊर्जा कुशल तरीका है। उदाहरण के लिए, फोल्कस सेलर मकड़ियाँ अपने जालों में इधर-उधर घूमकर शिकारियों को भ्रमित करने और उन्हें रोकने की कोशिश में कहीं अधिक ऊर्जा खर्च करती हैं। मकड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आक्रामक प्रतिक्रियाओं में अन्य जानवरों को डराने के लिए अपने पैर उठाना और अपने नुकीले दांतों को हिलाना शामिल है।


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# नई आफत जापान की शान बना 'कानसाई इंटरनेशनल हवाई अड्डा' डूब रहा



- **लागत:** 20 अरब डॉलर भारी भरकम रकम से बना था एयरपोर्ट
- **स्थान:** जापान के ग्रेटर ओसाका में आर्टिफिशियल द्वीप पर समुद्र तट से 2 मील की दूरी पर स्थित एयरपोर्ट
- **शुभारंभ:** कानसाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का 4 सितंबर 1994 में हुआ था उद्घाटन
- **कनेक्टिविटी:** यह एयरपोर्ट ओसाका द्वीप को पूरी दुनिया से जोड़ता है
- **वजह :** इमारतों के बोझ से दब रहा, ट्रैफिक का भारी दबाव
- **एरिया:** रनवे 4000 मीटर लंबा, जो ज्यादातर हवाई अड्डों की तुलना में दोगुना
- **स्थिति गंभीर:** लाखों लीटर पानी निकाला, लेकिन प्रकृति के आगे बेबस
- **सुधार नाकाफी:** एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए 80 जहाजों से लाए पत्थर से बनाई 40 मीटर ऊंची सतह
- **विशेषज्ञों की चिंता:** समुद्र के जल का स्तर बढ़ने के चलते यह डूबने की कगार पर

## खबर संक्षेप



### यूक्रेन को भारत ने कभी नहीं भेजे हथियार

**नई दिल्ली।** भारत द्वारा यूक्रेन को तोप के गोले भेजने की खबर पर विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने कभी भी यूक्रेन को कोई तोप के गोले नहीं भेजे है, इनका निर्यात भी नहीं किया गया है।

### कुत्ते ने खा लिए 3.32 लाख, मालिक को अटैक



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया में सीसल नामक डॉग ने 4000 डॉलर यानी 3.32 लाख रुपए किचन में एक लिफाफे में रखे निगल लिए। यह देखकर मकान मालिक को अटैक सा आ गया। बाद में संभालने की कोशिश की।

### चीन ने दक्षिण कोरिया में बरसाए 200 बम



**बीजिंग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के साथ लगने वाली समुद्री सीमा में 200 से अधिक गोले बरसाकर हड़कंप मचा दिया है। आनन-फानन में समुद्री सीमा के आसपास बसे इलाकों को खाली कराए गए।

## दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की मिलेगी सुविधा

# यूएई में बनेगा 'भारत पार्क', विदेश में भारतीय सामानों को देगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिंथेटिक और रेयॉन टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय सामानों के लिए एक शोरूम और गोदाम स्थापित किए जाएंगे। नियोजित भारत पार्क दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और दक्षिण कोरिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर चिंता व्यक्त करते



हुए कहा कि भारत में लाभों का उपयोग बेहद कम है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो देशभर में 21 परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 40 करोड़ रुपएखर्च करेगा।

**खास बातें**
- भारतीय सामानों के लिए बनेंगे शोरूम और गोदाम
- जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण कोरिया के साथ मुक्त व्यापार
- 21 परीक्षण प्रयोगशालाएं होंगी स्थापित

*केंद्रीय वाणिज्य और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नियोजित भारत पार्क दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की सुविधा प्रदान करेगा।*

## भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर नेपाल यात्रा पर

# नेपाल-भारत के बीच 10 हजार मेगावाट बिजली व्यापार समझौता

### 59 पुनर्निर्माण परियोजनाओं का किया उद्घाटन



**कंपनियां खरीद सकेंगी बिजली**

*अब भारत की सरकारी और निजी क्षेत्रों की विभिन्न कंपनियां अल्पावधि, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक बिजली खरीद बिक्री समझौते करके बिजली प्राप्त कर सकेंगी। नेपाल और भारत के निजी क्षेत्र भी आवश्यक समझौता करके बिजली का आयात और निर्यात कर सकेंगे।*

**काठमांडू।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय नेपाल यात्रा पर हैं। नेपाल और भारत के बीच बिजली निर्यात पर एक दीर्घकालिक समझौता हुआ है।

दोनों देशों के ऊर्जा सचिवों ने दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे अगले 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात होने के साथ ही दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई सहमति के कार्यान्वयन का रास्ता खुल गया है।

विदेश मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति क्षेत्रों में भूकंप के बाद 59 पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमें त्रिभुवन विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय की नई इमारत भी शामिल है, जिसे भारत सरकार की अनुदान सहायता से बनाया गया है।

### काठमांडू में नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से की मुलाकात

इससे पहले उन्होंने काठमांडू में नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात भी की। नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ मुलाकात का फोटो विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने लिखा, ' मुझे नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से बातचीत कर खुशी हुई। मैंने उन्हें टी20 विश्व कप के लिए चुने जाने पर बधाई दी है। मैंने उन्हें विश्व कप की तैयारियों के लिए भारत के सहयोग का आश्वासन दिया है।' आज विदेश मंत्री भारत लौटेंगे।

### पीएम प्रचंड ने समझौते को ऐतिहासिक कदम बताया

नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने इस समझौते को ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार ने अगले 10 वर्षों में कुल 28 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के लक्ष्य के साथ एक ऊर्जा विकास रणनीति भी तैयार की है।

## 'रेजुपेवे' डामर का उपयोग

# चीन की नाक में दम करेगी सड़क, सीमा पर बढ़ेगी ताकत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत लगातार चीन सीमा के पास तेजी से सड़कों का निर्माण कर रहा है। बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा के पास सेला सुरंग और ए ल जी जी - द म तें ग - यां ग स्टे (एलडीवाय) सड़क पर हाई क्वालिटी तकनीक का इस्तेमाल किया है। बीआरओ ने स्वदेशी सड़क निर्माण तकनीक का उपयोग किया है। भारत के सबसे पुराने और प्रमुख रोड रिसर्च आर्गेनाइजेशन सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक 'रेजुपेवे' कम और जीरो डिग्री तापमान में भी सड़कों के निर्माण में फायदेमंद है।

### ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी आएगी

*रेजुपेवे के इनवेंटर सतीश पांडे ने कहा कि इस तकनीक के इस्तेमाल से बीआरओ को न केवल शून्य से कम तापमान पर सड़कें बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के पुराने संवेदनशील पहाड़ी वातावरण में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी आएगी। ठंडी जलवायु वाले क्षेत्रों में 'रेजुपेवे' डामर का उपयोग करके बनाई गई सड़क अधिक सालों तक चलेगी और कम तापमान की स्थिति में थर्मल क्रैकिंग के प्रति बेहतर प्रतिरोध होगा। सुरक्षाबलों की परिचालन क्षमता में सुधार होगा।*

### 18,000 फीट ऊंचाई पर बनी सड़क

बीआरओ के अतिरिक्त महानिदेशक (ईस्ट) पीकेएच सिंह ने कहा कि बीआरओ द्वारा क्रमशः 14,000 फीट और 18,000 फीट की ऊंचाई पर सेला सुरंग और एलडीवाई सड़क स्थल पर बिटुमिनस सड़कों के निर्माण के लिए कम तापमान वाले बिटुमिनस मिश्रण का उत्पादन करने के लिए 'रेजुपेवे' तकनीक का उपयोग किया गया है। बीआरओ ने कहा कि इससे सड़क निर्माण कंपनियों की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। यह चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तेज गति से एक मजबूत सड़क नेटवर्क बनाने में हमारी मदद करेगा।

## हूती हमलों के खिलाफ यूएस से फ्रांस तक लामबंद

# लाल सागर की रक्षा करेंगे 20 देश हूती विद्रोहियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

लाल सागर में हूती हमलों में तेजी के बीच समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 से अधिक देश अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गए हैं। अमेरिकी नौसेना बल सेंट्रल कमांड के कमांडर वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि कुल मिलाकर 20 से अधिक देश हैं। परिचालनात्मक रूप से, आप जानते हैं, अभी, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस इन जहाजों की प्रधानता प्रदान कर रहे हैं। अमेरिका ने दिसंबर में 'ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन' नामक एक अंतरराष्ट्रीय अभियान शुरू किया था।



### हालात पर करीब से नजर

भारत ने कहा कि वह लाल सागर के हालात पर करीबी नजर रख रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने हूती विद्रोहियों द्वारा क्षेत्र में कई वाणिज्यिक जहाजों पर हमले करने को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच यह बात कही। इससे पहले भारतीय नौसेना ने कहा था कि उसके जहाज और विमान निगरानी बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने के लिए 'मिशन अवस्था में तैनात' रहेंगे।

### हूती विद्रोही बोले-गाजा मे हमले बंद हों

*हूती विद्रोहियों ने कहा है कि वे लाल सागर और अरब सागर में इजराइल से जुड़े जहाजों को तब तक रोकना जारी रखेंगे जब तक गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता। 19 नवंबर से अब तक 23 बार वाणज्यिकि जहाजों पर हमला किया है।*

## निर्दलीय सांसद का प्रस्ताव संसद में पास

# पाक में कड़ाके की ठंड से टल गए फिर आम चुनाव



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाक में एक बार फिर से आम चुनाव टल गए हैं। इसकी वजह ठंड बताई जा रही है। 8 फरवरी को चुनाव होना था। इससे पहले संसद में चुनाव की तारीख टालने को लेकर एक प्रस्ताव पारित कर दिया गया।

### चुनाव टालने यह गिनाए कारण

दिलावर ने कहा कि संविधान में सभी को वोट डालने का अधिकार दिया गया है। जरूरी है कि चुनाव में किसी भी क्षेत्र के लोग अलग ना रह जाएं। इस समय मौसम ठंडा है। ऐसे में ठंडे इलाकों में लोग वोट नहीं डाल पाएंगे। जनवरी और फरवरी में सबसे ज्यादा ठंड पड़ती है। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में लोगों को खासी दिक्कत हो सकती है। माहौल इस तरह का है कि लोगों पर जान का खतरा बना हुआ है। सुरक्षाबलों, नागरिकों पर लगातार आततंकी हमले हो रहे हैं।

# कोहरे के बीच इंडोनेशिया में दो ट्रेनों में भिड़ंत



**जकार्ता।** कोहरे के बीच इंडोनेशिया के पश्चिम जावा के सिसलेंगका में दो ट्रेनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों गाड़ियां टकराकर पलट गईं। इसके बाद क्रेन से मलबे को हटाने की कोशिश की जा रही है।

## 4 में से 2 खेत 2.1 करोड़ में ख़रीदे, इन्हीं ने पहले भी खरीदा था घर

# अजय ने खत्म किया डॉन दाऊद का डर, खरीद ली उसकी संपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम का खौफ अब भारत में खत्म हो चुका है। लोग उसके खिलाफ खड़े होने लगे हैं। सरकार उसकी संपत्ति की नीलामी करा रही है। इसमें लोग शामिल भी हो रहे हैं और इन्हें खरीद भी रहे हैं। इस बीच महाराष्ट्र के रत्नागिरी ज़िले के खेड़ तालुक़ा गांव में उसकी मां अमीना बी के नाम पर 4 खेतों की नीलामी की गई। इन चार खेतों में से दो खेत बिक गए। हालांकि दो अन्य खेतों की नीलामी में कोई भी शामिल नहीं हुआ था।

*सेफेमा के तहत दाऊद की मां के नाम चार खेतों की नीलामी की गई थी। इसमें से दो खेतों को खरीद लिया है। दो खेतों की किसी ने बोली नहीं लगाई।*





**खास बातें**
- अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम का खौफ अब भारत में खत्म
- महाराष्ट्र के रत्नागिरी ज़िले के खेड़ तालुक़ा गांव में 4 खेतों की नीलामी
- लोगों के मन से दाऊद का डर निकालने का है मकसद

### अजय बोले-दाऊद की संपत्ति खरीदने लोन की मांग

कई अजय श्रीवास्तव ने उस समय में दाऊद का मकान ख़रीदा था, जब लोग उसका नाम लेने से भी डरते थे। अजय बताते हैं कि उनका मकसद लोगों के मन से दाऊद का डर निकालने का है। वह कहते हैं कि सरकार जैसे पढ़ाई, घर और गाड़ी के लिए लोन देती है, वैसे ही दाऊद की संपत्ति को खरीदने के लिए भी कम ब्याज दर पर लोगों को लोन दे।

### इससे पहले भी संपत्ति खरीदी

बता दें कि अजय श्रीवास्तव इससे पहले भी दाऊद की कई संपत्तियों को नीलामी में खरीद चुके हैं। इस खेती योग्य जमीन को खरीदने से पहले वह दाऊद का मुंबई में उनका पैतृक घर भी खरीद चुके हैं। 2001 में अजय श्रीवास्तव ने कुछ दुकानों के लिए भी बोली लगाई थी। इस संबंध में कानूनी लड़ाई चल रही है। श्रीवास्तव को जल्द ही दाऊद का पैतृक घर मिल सकता है।

### श्रीवास्तव ने ख़रीदे दो खेत

*इन दो खेतों को अजय श्रीवास्तव नामक एक वकील ने ख़रीदा है। अजय श्रीवास्तव ने 170.98 वर्ग मीटर का खेत 2.1 करोड़ में ख़रीदा। इस खेत की रिजर्व कीमत केवल 15440 रुपए ही थी। वहीं नीलामी लिस्ट में चौथे नंबर पर रखा गया 1730.0 वर्ग मीटर का खेत भी अजय श्रीवास्तव ने ख़रीदा है। इसकी बिक्री 3.28 लाख में हुई।*

## आतंकी हमलों से दहशत

# बारूदी सुरंग में ब्लास्ट होने से फिर दहला पाकिस्तान, 3 बच्चों की मौत



एजेंसी ▶▶ करांची

पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन बच्चों की मौत की खबर है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारूदी सुरंग विस्फोट की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे बकरियां चरा रहे थे।

### बकरी चराते हुए बारूदी सुरंग पर पैर, ब्लास्ट

खजोरी इलाके में ये तीनों चरवाहे बच्चे मैदान में बकरियां चरा रहे थे, उसी दौरान एक बच्चा बारूदी सुरंग पर चला गया। ये बच्चे अक्सर अपने परिवार की बकरियों को चराने के लिए इस मैदान में लाया करते थे। वे पांच से 15 साल तक के थे।

## मानकुंवर मैरिज गार्डन में सुरेंद्र शास्त्री महाराज ने दिए प्रवचन

# श्रीकृष्ण प्रकटोत्सव पर भक्ति में झूम उठे श्रद्धालु

**जबलपुर।** मानकुंवर मैरिज गार्डन दीनदयाल चौक माढोताल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग के पश्चात भगवान श्री कृष्ण के जन्म की मनोहर झांकी देखकर सभी श्रोता भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाने लगे। भक्ति में मंत्रमुग्ध होकर कथा पंडाल में मौजूद भक्तों ने जमकर नृत्य किया। खुशियों के बीच भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से कथा पंडाल के साथ पूरा प्रांगण गूंज गया।

व्यास पीठ से कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा कि हर युग में भगवान अधर्म एवं पापियों का नाश, धर्म का उत्थान एवं अपने भक्तों का कल्याण करने के लिए अवतार लेते हैं। पापियों का संहार करके अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान लीलावती विश्वकर्मा, टीएन कृष्णा विश्वकर्मा, रवींद्र दयावंती कागदीगर एवं प्रदीप विश्वकर्मा ने व्यास पीठ का पूजन किया। पूजन कार्य आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने संपन्न कराया।



भजनों पर नृत्य, पुष्प वर्षा- कथा के दौरान श्री कृष्ण भगवान के प्रकट उत्सव पर भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। भजनों पर कथा पंडाल में मौजूद सभी भक्तों ने भक्ति भाव से जमकर नृत्य किया और श्रीकृष्ण प्रकट उत्सव की खुशियां मनाई। भक्ति में झूम रहे भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई।

लड्डू, हरीरा, फल एवं खिलौने का वितरण- श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान को गुड़ के लड्डू, हरीरा एवं फलों का भोग लगाया गया। कथा के समापन पर भगवान की मंगल आरती हुई एवं उपस्थित भक्तों में प्रसाद एवं खिलौनों का वितरण किया।

ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव गंगाचरण मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी, प्रदेश महासचिव राजेश दुबे, सुनील साहू, विलोक पाठक, राजीव उपाध्याय, चंद्रशेखर शर्मा, विवेक यादव, जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला, महासचिव सुधीर खरे, प्रवक्ता सत्यजीत यादव, संजय साहू, सृजन शुक्ला, श्याम विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 6 स्वर्ण पदक

**जबलपुर।** 27 वीं संगमलाल राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छाए मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला के खिलाड़ी जीते छः स्वर्ण पदक,खेल शिक्षक जयराज चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि 27वीं संगमलाल राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य के कानपुर शहर स्थित अधिवक्ता परिषद भवन सिविल लाइन में दिनांक 30 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तो किया गया था जिसमें मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला के 6 खिलाड़ियो ने भाग लेकर अपने आयु व वजन वर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वियो को हराकर सभी ने स्वर्ण पदक अर्जित करने में सफल रहे।



## स्वच्छता बनाये रखने दिया संदेश

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम एवं सी. एस. आई. श्री पोला राव ज़ी द्वारा व्यापारिक क्षेत्र इंद्रा मार्केट में कचरा प्रथक्कीकरण गतिविधि के तहत लोगो को अपने घरों के आस पास कचरा ना फैलाने, और जबलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए कचरा पृथक्कीकरण होमकम्पोस्टिंग, कचरा नाली और रोड मे न फेंकने, एवं कचरे को डोर टू डोर गाड़ी मे ही डाले सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करने और अपने आस पास साफ सफाई रखने का संदेश दिया गया एवं नगर निगम के कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

## भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत



**जबलपुर।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जबलपुर ग्रामीण जिला संयोजक बाबू सिंह ठाकुर ने पदाधिकारियों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, के नगरागमन पर आत्मीय स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, सहित सभी कैबिनेट मंत्रियो का स्वागत वंदन अभिनदंन जबलपुर मे , प्रथम कैबिनेट बैठक के लिये अभिभूत हुये हमारे सभी जबलपुर वासी, भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर ने आभार धन्यवाद माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं मध्य प्रदेश के सम्माननीय कैबिनेट मंत्रियों का किया।

## डॉ पुष्पराज पटेल ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रथम नगर आगमन के अवसर शहर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल ने उनको पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने यह स्वागत केशव निःशुल्क बहुआयामी चिकित्सा परामर्श केंद्र की ओर से किया। इस दौरान उनकी चिकित्सा क्षेत्र के संबंध में आवश्यक चर्चाएं भी हुई। स्वागत की बेला में दामोदर दुबे, श्री राजेश, हेमंत बडग़ैया, विजय परांजपे आदि मौजूद रहे।

## समन्वय साधना प्रवचन माला का त्रिदिवसीय आयोजन 9 से

**जबलपुर।** समन्वय सेवा केन्द्र के जयनारायण सभागृह में "समन्वय साधना प्रवचन माला" का त्रिदिवसीय आयोजन 09 से 11 जनवरी तक होगा जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि के प्रवचन होंगे। समन्वय परिवार के प्रबंध न्यासी डॉ. कैलाश गुप्ता ने बताया कि समन्वय साधना प्रवचन माला के मासिक सत्संग के उत्तम आयोजन के क्रम में समन्वय सेवा केन्द्र में विविध आनुष्ठानिक कार्यक्रम भी होंगे। प्रवचन का समय शाम 06 बजे से रखा गया है। दिनांक 09 और 10 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे से शिव पूजन एवं रुद्राभिषेक के कार्यक्रम होंगे। 11 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे से समन्वय केन्द्र परिसर में "लघुरुद्र स्वाहाकार यज्ञ" एवं संत सम्मान का आयोजन होगा। समन्वय परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि का 11 जनवरी को 69वां जन्म दिवस धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न होगा एवं सायंकाल गौरीघाट में नर्मदा आरती में सभी सम्मिलित होंगे।

# फुटबॉल क्लब के 33वें स्थापना दिवस पर खिलाड़ी सम्मानित

जबलपुर।

पुलिस ब्वायज फुटबॉल क्लब पुलिस लाइन वर्ष 1990 में नवीनचंद कंडवाल के द्वारा स्थापित किया गया था, तब से पुलिस ब्वायज फुटबाल क्लब द्वारा लगातार फुटबाल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में पुलिस ब्वायज फुटबॉल क्लब, युवा पुलिस ब्वायज एवं सिटी स्पोर्ट्स नाम से तीन टीमें हैं। पुलिस ब्वायज फुटबाल क्लब द्वारा अपने स्थापना के 33 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अतिथियों, पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं ट्रेकशूट देकर सम्मानित किया गया। पीयूष सिंह चीनू द्वारा 100 मोमेंटो एवं डैनी चंदन केमिस्ट द्वारा 60 ट्रेकशूट पुलिस ब्वायज फुटबाल क्लब को प्रदान किए गए थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन घनघोरिया पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पूर्व क्षेत्र एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, डॉ. आशुतोष गर्ग, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मधु यादव, अर्जुन अवार्डी, डॉ. विशाल बन्ने, स्पोर्ट्स डायरेक्टर आरडीवीवी, आदि का सम्मान किया गया।






## संयुक्त मोर्चा का नववर्ष कैलेंडर विमोचित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन सिविक सेंटर माता बगलामुखी मंदिर के महंत चैतन्यानंद महाराज, सलाहकार भाई योगेन्द्र दुबे द्वारा किया गया। कैलेंडर में मप्र शासन के कर्मचारियों की योजनाएं, जनोपयोगी फोन नम्बर, ऐच्छिक, स्वेच्छिक एवं सार्वजनिक अवकाश आदि की जानकारी उपलब्ध है, जिसका कर्मचारियों द्वारा वर्ष भर उपयोग किया जाएगा। विमोचन अवसर पर मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, संतोष मिश्रा, विश्वदीप पटेरिया, संजय यादव, धीरेन्द्र सिंह, रविकांत दहायत, बृजेश मिश्रा, इन्द्रप्रताप यादव, छविकांत कोरी, प्रदीप पटेल, अर्जुन सोमवंशी, राजू मस्के आदि शामिल रहे।

## विधायक लखन घनघोरिया ने अधीक्षण यंत्री का घेराव किया

# बिजली उपभोक्ताओं को बिना रीडिंग के अनाप शनाप भेजे जा रहे हैं बिल

जबलपुर।

पूर्व विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती एवं बिना रीडिंग के अनाप शनाप बिजली बिल उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे हैं जिसका कोई मापदंड नहीं है। किसी भी समय बिजली बंद कर दी जाती है, जबकि दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में कटौती के नाम पर एक मिनट भी लाइट नहीं जाती है। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं उपभोक्ताओं के साथ 05 जनवरी को अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया। घनघोरिया ने कहा कि पूर्व विधानसभा के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं स्मार्ट मीटर के नाम पर सर्वप्रथम पूर्व विधानसभा क्षेत्र में क्यों लगाया जा रहा है, जबकि कैंट एवं पश्चिम में ज्यादा स्मार्ट लोग रहते हैं। इसलिए स्मार्ट मीटर की आवश्यकता वहां पर है। विभिन्न मांगों को लेकर हजारों की संख्या के साथ अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान दिनेश यादव, कदीर सोनी, सौरभ शर्मा, मतीन अंसारी, कल्लन गुप्ता, आजम खान, अभिषेक चंदेल, रिंकू यादव, रमाकांत रावत, गुलाम हुसैन, संजय साहू, मुरलीधर राव सहित अन्य उपस्थित रहे।



## अजीत सिंघ नैय्यर बने अध्यक्ष

**जबलपुर।** गुरु रामदास गुरसेवक सेवा समिति आधारताल के संरक्षक स. हरमिन्दर सिंघ सैनी की अनुशंसा पर स. अजीत सिंघ नैय्यर सीटू को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व अध्यक्ष स. अवतार सिंघ बांगा ने उनका सम्मान कर उन्हें यह सेवा सौंपी है, उनकी इस उपलब्धि पर समूह संगत ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## राजकुमार वर्षे निगम अध्यक्ष नियुक्त



**जबलपुर।** भारतीय सफाई मजदूर संघ से सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री हीरा रानवे एवं प्रदेश अध्यक्ष अमर मेहतेल की सहमति पर एवं नगर अध्यक्ष राजेश मार्वेकर की अनुशंसा पर नगर निगम सफाई प्रकोष्ठ में राजकुमार वर्षे को निगम में अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। संघ के सदस्यों ने नियुक्ति पर शुभकामना प्रेषित की है।

## अमर ग्रावकर निगम उपाध्यक्ष नियुक्त



**जबलपुर।** भारतीय सफाई मजदूर संघ से सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री हीरा रानवे एवं प्रदेश अध्यक्ष अमर मेहतेल की सहमति पर एवं नगर अध्यक्ष राजेश मार्वेकर की अनुशंसा पर नगर निगम सफाई प्रकोष्ठ में अमर ग्रावकर को निगम में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। संघ के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त कर नियुक्ति पर शुभकामना प्रेषित की है।

# खालसा स्कूल रांझी नये परिवेश में

**जबलपुर।** पंजाब एजुकेशन सोसायटी के सहसचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने बताया कि सोसायटी द्वारा संचालित खालसा हायर सेकण्डरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम एवं पब्लिक स्कूल रांझी में विद्यार्थियों को उत्तम वातावरण में शिक्षा प्रदान करने नई कक्षाएं तथा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रीड़ा भवन के साथ प्रसाधन कक्ष तथा नवीन प्राचार्य भवन का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों के सर्वत्र भले की अरदास भाई सतनाम सिंह द्वारा की गई तथा मिष्ठान्न वितरण किया गया। इस अवसर पर पंजाब एजुकेशन सोसायटी रांझी के अध्यक्ष कमलजीत सिंह टीटू जग्गी, सचिव अमरजीत सिंह अलग, सहसचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन, कुलवंत सिंह जॉली, तरनदीप सिंह नंदा, हरदीप सिंह, कंवलजीत सिंह सचदेवा ने शाला प्राचार्य शशि रजक एवं समस्त स्कूल स्टॉफ को शुभकामनाएं प्रेषित की।





# पुराने सुहाने गीतों की दी प्रस्तुति

**जबलपुर।** इजी. अरुण भटनागर द्वारा स्थापित संगीत पारिजात संस्था द्वारा सर्वश्री परसुराम पटेल, प्रोफेसर आलोक वर्मा, तथा शरद वजीरा के पथ प्रदर्शन में एवं दिनेश खड़किया के संगीत निर्देशन में पुराने सुहानी यादों से सजे गीतों का 30 दिसंबर 2023 शनिवार को शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिनका संचालन जबलपुर के हिन्दी साहित्य जगत के जाने माने लोकप्रिय उद्घोषक राजेश पाठक (प्रवीण जी) ने किया। जिसमें ₹तेरे नाम हमने किया है, जीवन अपना सारा सनम, धक-धक करने लगा, मैं हूँ खुशरंग हिना, मेरा प्यार वो है जो मरकर भी तुमको, चंदन सा बदन₹ आदि ओल्ड इज गोल्ड गीतों की प्रस्तुति में लोगों के दिल को छू लेने एवं झूमने पर विवश कर दिया।

## गोरखपुर व्यापारी संघ ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** गोरखपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुधीर सोनकर एवं सचिव मनीष रॉका के नेतृत्व में सम्पूर्ण व्यापारी सदस्यों ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर अस्थायी अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही की मांग की है। बताया गया गोरखपुर बाजार में प्रत्येक बुधवार को साप्ताहिक अवकाश रहता है, इस दिन सैकड़ों फुटपाथी व्यापारी दुकानों की शटर से सड़क तक कब्जा कर लेते हैं, मना करने पर दुकानदारों से विवाद करते हैं। इनके द्वारा किए गए अतिक्रमण से बाजार की सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिससे क्षेत्र की जनता के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी, शासकीय वाहन, फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस जैसे वाहनों का निकलना मुश्किल होता है। अतः शीघ्र अतिक्रमण हटाया जाए। ज्ञापन देते समय गोरखपुर व्यापारी संघ के संरक्षक मांगीलाल चोपड़ा, मनीष रॉका, रामचन्द्र नेचलानी, संतोष यादव, राजेश परसवानी, अमर छाबड़ा, प्रवीण गुप्ता, पुरुषोत्तम गुप्ता, विमल गुप्ता, अर्जुन चोपड़ा, महावीर चोपड़ा, सुदेश केशरवानी, सुनील महावीर, अनिल अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेसजनों ने डुमना विमान तल पर किया जीतू पटवारी का भव्य स्वागत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का जबलपुर अल्प प्रवास पर प्रथम आगमन डुमना विमानतल पर हुआ। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनोज नामदेव, नीरज जैन, सुशीला कनौजिया, श्रीमती इन्दू सोनकर, प्रहलाद पटेल, पप्पू कुशवाहा, विजय गुप्ता, सोनू दुबे, मनोज दुबे, अरुण उसरेटे आदि।

**नाम सुधार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पंकज द्विवेदी पिता हरि प्रसाद द्विवेदी पता 1618/इ अमृत कला निकेतन पंजाब बैंक कॉलोनी चेरीताल जिला जबलपुर 482001 का निवासी हूं मेरी दसवीं की अंक सूची में मेरा नाम पंकज कुमार द्विवेदी दर्ज है जो कि मेरा गलत नाम है मेरा समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम पंकज द्विवेदी दर्ज है जो की सही और पूरा नाम है कृपया आज दिनांक से मुझे इसी नाम से जाना जावे एवं पहचान जावे।

सही नाम
PANKAJ DWIVEDI
गलत नाम
PANKAJ KUMAR DWIVEDI

## रोचक खबरें

### 3608 फीट की ऊंचाई पर है ये चट्टान, दिखता है खूबसूरत नजारा



नार्वे। ट्रोलटुंगा नॉर्वे की सबसे शानदार चट्टानों में से एक है। यह समुद्र तल से लगभग 1100 मीटर (3608.92 फीट) ऊपर स्थित है और पहाड़ से क्षैतिज रूप से आगे निकली हुई है। यह चट्टान रिंगेडल्सवाटनेट झील से लगभग 700 मीटर ऊपर है, जिस पर से लोगों को दुनिया का सबसे खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। वहां पहुंच कर उनको एक अलग ही दुनिया का एहसास होता है। अब इस चट्टान का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

#### सुंदरता से भरा प्राकृति नजारा स्वर्ग जैसा

वीडियो में आप देख सकते हैं इस चट्टान पर से कितना सुंदर प्राकृतिक नजारा दिखता है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, दूर तक बहता पानी, सफेद बादलों से भरा हुआ स्काईब्लू आसमान और सूरज की चारों और बिखरी हुई रोशनी दिखती है। ये सब चीजें इस जगह को स्वर्ग जैसा सुंदर बनाती हैं, इसलिए लोगों को ये जगह बड़ी मनमोहक लगती है। एक बार इस जगह को देखने के बाद वे इसे कभी भूल नहीं पाते हैं।

### यहां मिली 3000 साल पुरानी तलवार अभी भी बरकरार है चमक



नई दिल्ली। जर्मनी में एक प्राचीन तलवार पाई गई है, जिसे आर्कियोलॉजिस्ट्स ने कांस्य युग के दफन स्थान से निकाला है। तलवार को 3000 साल पुराना बताया जा रहा है। इतने सालों के बाद भी ये हथियार इतनी अच्छी हालत में है कि अभी भी चमकता है। यह देख कर पुरातत्वविदों चौंक गए। बताया गया है कि ये तलवार ईसा पूर्व 14वीं शताब्दी के अंत की तीन लोगों की कब्रगाह में मिली है।

#### 'अच्छी तरह से संरक्षित है तलवार'

बयान में आगे बताया, 'तलवार इतनी अच्छी तरह से संरक्षित है, यह अभी भी चमकती है। उसमें कांस्य से बना एक अष्टकोणीय मूठ है, जो अब हरे रंग का है, क्योंकि कांस्य में तांबा होता है। तांबा एक धातु है, जो हवा और पानी के साथ संपर्क आने पर ऑक्सीकरण करती है।

#### 'तलवार की खोज दुर्लभ है'

पुरातत्वविदों ने तलवार का समय ईसा पूर्व 14वीं शताब्दी के अंत का बताया है। टीम ने कहा कि इस तलवार की खोज दुर्लभ है। केवल कुशल लोहार ही अष्टकोणीय तलवारें बना सकते थे। ब्लेड पर कोई कट का निशान या घिसाव का कोई निशान नहीं है, जिससे पता चलता है कि इसका कोई औपचारिक या प्रतीकात्मक उद्देश्य था।

## देश के रक्षा मंत्री आज करेंगे शिलान्यास

# शिक्षा का केन्द्र बनेगा गुरुकुल ज्वालापुर

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस, पतंजलि योगपीठ महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जयन्ती एवं गुरुकुल के संस्थापक पूज्य स्वामी दर्शनानन्द जी की जयन्ती के अवसर पर पतंजलि योगपीठ परिवार विश्व के श्रेष्ठतम तथा विशालतम गुरुकुल "पतंजलि गुरुकुलम" का शिलान्यास करने जा रहा है। इसकी सूचना आज प्रेसवार्ता के दौरान स्वामी रामदेव जी महाराज ने दी। उन्होंने कहा कि स्वामी दर्शनानन्द जी द्वारा 8 वर्ष पूर्व 3 बीघा भूमि, 3 ब्रह्मचारी तथा 3 चवन्नी से प्रारंभ गुरुकुल का नाम हमने स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर रखा है जो शिक्षा की क्रांति का बड़ा केन्द्र होगा।

स्वामी जी महाराज ने कहा कि गुरुकुल ज्वालापुर की भूमि से एक नया इतिहास, नया कीर्तिमान रचा जाएगा। इस गुरुकुल का शिलान्यास देश के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे तथा इस भव्य कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, एमिटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक चौहान सहित आर्य समाज के लगभग सभी विद्वान, विभिन्न गणमान्य, भजनोपदेशक और संन्यासी महापुरुष, हरिद्वार के सभी पूज्य आचार्य महामण्डलेश्वर और संत महात्मा उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि यहाँ से तीन बड़े प्रकल्प संचालित होंगे जिसमें पहला लगभग 250 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला 7 मंजिला भव्य पतंजलि गुरुकुलम होगा। इस गुरुकुल में लगभग 1500 विद्यार्थियों की आवासीय व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त यहाँ लगभग 250 करोड़ की लागत से आचार्यकुलम की शाखा स्थापित जाएगी जिसमें लगभग 5000 बच्चे डे-बोर्डिंग का लाभ ले सकेंगे। साथ ही यहाँ महर्षि दयानन्द अतिथि भवन बनाने की भी योजना है।



स्वामी जी ने कहा कि यहाँ बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ वो संस्कार दिए जाएँगे जिससे वे अपनी संस्कृति व अपनी जड़ों से जुड़ सकें। पूरे देश में सनातन के गौरव का कालखण्ड चल रहा है। एक ओर सनातन का बोध, भारत का बोध और दूसरी तरफ आधुनिक विषयों का बोध, यानि देश की सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक शिक्षा, सनातन की शिक्षा, भारत बोध, चरित्र निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण का, गौरव व स्वाभिमान का भाव बच्चों के भीतर जागृत किया जाएगा।

स्वामी जी ने कहा कि यहाँ श्रेष्ठतम आधुनिक शिक्षा और श्रेष्ठतम प्राच्य विद्या दोनों का संगम होगा। हिन्दी अंग्रेजी संस्कृत से लेकर कम से कम विश्व की 5 भाषाओं का बोध पतंजलि गुरुकुलम व आचार्यकुलम के बच्चों को होगा। उन्होंने कहा कि चौहान समाज के लोगों ने गुरुकुल की सुरक्षा करने में बड़ी भूमिका अदा की है, अतः यहाँ सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। स्वामी जी ने बताया कि यहाँ 1 से 2 वर्ष के भीतर एक कम्यूनिटी सेन्टर बनाया जाएगा जिसका लाभ हरिद्वार के लोगों को मिलेगा।

कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज, पतंजलि ग्रामोद्योग के महामंत्री डॉ. यशदेव शास्त्री, पतंजलि फूड्स लि. के एम.डी. रामभरत, पतंजलि विश्वविद्यालय की कूलानुशासिका साध्वी देवप्रिया, आचार्यकुलम की उपाध्यक्षा बहन ऋतम्भरा, क्रय समिति की अध्यक्षा बहन अंशुल, संप्रेषण विभाग प्रमुख बहन पारूल, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एन.पी. सिंह, पतंजलि योग समिति के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश "भारत" व स्वामी परमार्थदेव, पतंजलि योगपीठ के मुख्य महाप्रबंधक ब्रिगेडियर टी.सी. मल्होत्रा, उपाध्यक्ष-प्रोजेक्ट एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर शिवा प्रसाद गौरू, अनिल गोयल, क्षेत्रपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

# नुआगांव रोड–दशपल्ला रेलवे लाइन, दशपल्ला स्टेशन भवन का आज उद्घाटन करेंगे रेलमंत्री

## खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन की प्रगति को मिली गति

**भुवनेश्वर।** नयी लाइन होगी क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास की उत्प्रेरक उन्नत स्वास्थ्य और शिक्षा सेवा होगी क्षेत्र के लोगों के लिए सुलभ भुवनेश्वरः ओडिशा राज्य में रेल संपर्क और समृद्धि को पुनः परिभाषित करने वाली जन केंद्रित खोरधा रोड-बलांगीर रेल परियोजना के विकास में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों का सामना कर रही खोरधा रोड जंक्शन को बलांगीर से जोड़ने वाली 301 किलोमीटर लंबी यह जीवनरेखा, अब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के रेलवे के सम्पूर्ण विकास के दृष्टिकोण के तहत बाधाओं को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है।






रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के लगातार प्रयासों के कारण, बाधाएं दूर हो रही हैं, और परियोजना अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है। भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और भौगोलिक चुनौतियों जैसे मुद्दों के कारण चुनौतियों का सामना करने के बाद, यह परियोजना अब तेजी से पूरा होने की राह पर है।

कुल 301 किमी लंबी परियोजना में से 153 किमी की दूरी तक रेल लाइन बिछाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है, जिसमें खोरधा रोड से दशपल्ला तक लगभग 106 किमी और बलांगीर से सोनपुर तक 47 किमी शामिल है। यह प्रगति, क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने के लिए रेल मंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।वर्ष 2009 और 2014 के बीच औसत वार्षिक आवंटन 838 करोड़ रुपये की तुलना में ओडिशा के लिए इस वर्ष 10,012 करोड़ रुपये की विकास राशि आबंटित की गई, जो कि लगभग 12 गुना अधिक है। यह भारत सरकार के पूर्वोदय से भारत के विकास के मिशन को रेखांकित करता है। इतनी धनराशि का यह निवेश न केवल वित्तीय प्रोत्साहन, बल्कि चल रही परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए एक नई प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओडिशा में रेलवे परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए न सिर्फ अधिकारियों को निरंतर निर्देश दे रहे हैं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से रेल योजनाओं प्रगति की निगरानी भी कर रहे हैं। 2022-23 में ओडिशा में उल्लेखनीय 459 किलोमीटर रेल लाइनें चालू की गईं, जो 2009 से 2014 की अवधि की तुलना में आठ गुना से अधिक उपलब्धि को दर्शाता है। इस वर्ष 500 किलोमीटर से अधिक रेल लाइनें चालू होने का अनुमान है, जिससे राज्य में रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 6 जनवरी 2024 को नुआगांव रोड–दशपल्ला रेलवे लाइन, दशपल्ला स्टेशन भवन का उद्घाटन करेंगे और दशपल्ला तक ट्रेन सेवाओं के विस्तार को हरी झंडी दिखाएंगे। यह महत्वपूर्ण अवसर न केवल एक रेल लाइन के उद्घाटन का प्रतीक है, बल्कि जिन क्षेत्रों से होकर यह गुजरती हैं, उनके लिए एक उज्जवल भविष्य की शुरुआत भी है। दशपल्ला तक रेल सेवाओं का विस्तार क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए एक उत्प्रेरक होगा। इससे क्षेत्र के निवासियों को कटक और भुवनेश्वर जैसे शहरों में उपलब्ध उन्नत शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा सुलभ होगी। रेल पटरियों से कहीं अधिक, यह नयी रेल सेवा क्षेत्र के लोगों के सपनों, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक समृद्धि को एक नयी उड़ान देगी।

## सिम्बायोसिस ने घोषित की प्रवेश परीक्षाओं की तारीखें

SYMBIOSIS
INTERNATIONAL (DEEMED UNIVERSITY)
APPLICATIONS OPEN
for Symbiosis UG Programmes
via SET | SLAT | SITEEE
76 TEST CITIES
25 PROGRAMMES
2 TEST ATTEMPTS

**जबलपुर।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) एसआईयू ने अपनी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं केलिए आवेदन की तारीखों की घोषणा कर दी है, ये परीक्षाएं युनिवर्सिटी के संस्थानों में विभिन्न अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए ली जाती हैं। इन परीक्षाओं में शामिल हैं एसईटी- जनरल (सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट), एसईटी-लॉ जिसे सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (एसएलएटी) कहते हैं और सिम्बायोसिस इंस्टीटय़ूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (एसआईटीईईई)। इन परीक्षाओं का संचालन देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्टटेस्ट (सीबीटी) मोड में किया जाता है। वे उम्मीदवार जो इन परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे हर टेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिंक को एक्सेस कर सकते हैं।

## पेरिस में होगी 'डायनासोर के कंकाल' की नीलामी, करोड़ों रुपए में बिकने की उम्मीद

**पेरिस।** अभी तक आपने दुर्लभ वस्तुएं और कपड़ों की नीलामी देखी और सुनी होंगी, जिसकी बोली लाखों-करोड़ों रुपये में लगती है। इसी कड़ी में अगले महीने पेरिस में एक और दुर्लभ नीलामी होने वाली है, लेकिन ये अन्य नीलामियों से अलग है और इसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। इस नीलामी में 'डायनासोर का कंकाल' नीलाम होने वाला है, जिसे बैरी के नाम से जाना जाता है। जानकारी के मुताबिक, नीलाम होने वाला डायनासोर का कंकाल कैम्पटोसॉरस प्रजाति का है। यह लगभग 15 करोड़ साल पहले जुरासिक काल के अंत का है।

आवश्यकता

!!! बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर !!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 (भोपाल/12/जनवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने दो सालों में 1 लाख से अधिक कार बेची

**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी कारों की बिक्री की तेज रफ्तार बरकरार रखी है। इसने पिछले दो सालों में 1 लाख से ज्यादा कारों की ब्रिक्री की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। यह भारत को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट्स बनाने की कंपनी की रणनीति का अहम हिस्सा है। इसके तहत भारतीय बाजार के लिए बनाए गए दो विश्वस्तरीय प्रॉडक्ट्स कुशाक और स्लाविया लॉन्च किए गए थे। इन दोनों मॉडल की कारों की बिक्री से कंपनी को दो साल में ही यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हो गई। इससे पहले कंपनी को 1 लाख कारों की बिक्री के आंकड़े तक पहुंचने में छह साल से ज्यादा समय लगा था। कुशाक और स्लाविया जैसी कारों की बड़े पैमाने पर लॉन्चिंग के बाद 2022 में स्कोडा ऑटो इंडिया की कारों की बिक्री ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए।



## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5386

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | |
| | ■ | ■ | 23 | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -5385 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| ब | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| ब | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5396

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENMOHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5395 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |



# करण जौहर ऐसे करवाते हैं अपनी फिल्में हिट...

**मुंबई।** करण जौहर का नाम बॉलीवुड के सबसे सफल निर्देशकों और निर्माताओं में शुमार है। 25 साल से अधिक समय से इंडस्ट्री में रहने के बाद उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें पिछले साल आई आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' भी शामिल है। अब करण ने खुलासा किया कि वह अपनी फिल्में हिट करने के लिए लोगों को पीआर के तौर पर भेजते हैं और फिल्म की तारीफ करने के लिए कहते हैं। एक साक्षात्कार में करण ने बताया, कई बार हम पीआर के तौर पर अपने लोगों को भेजते हैं और कहते हैं कि फिल्म की तारीफ करो। कभी-कभार आप अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रहे होते हैं।

लाइफ Style



# अदिति

## सिद्धार्थ के साथ रिश्ते पर लगाई मोहर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रॉकस्टार' 'मर्डर 3', 'फितूर', और 'पद्मावत' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी पिछले कुछ समय से निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसी चर्चा है कि अदिति साउथ के अभिनेता सिद्धार्थ को डेट कर रही हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा जा चुका है।

अब अदिति ने नए साल की शुरुआत में सिद्धार्थ संग अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया है। साथ ही उन्होंने अपने प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं। सिद्धार्थ का पूरा नाम सिद्धार्थ सूर्यनारायण है और वह साउथ के जाने-माने अभिनेता हैं। वह कुछ हिंदी फिल्मों में काम कर चुके हैं। सिद्धार्थ अभिनेता होने के साथ एक निर्माता और गायक भी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2002 में आई फिल्म 'कन्नथिल मुथामित्तल' के जरिए की थी। 2006 में उन्होंने बॉलीवुड का रुख किया और 'रंग दे बसंती' में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई।

सिद्धार्थ और अदिति ने 2021 में आई फिल्म 'महा समुद्रम' में साथ काम किया है। अदिति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'सुखी, धन्यऔर आभारी। जादुई खुशी और हंसी के लिए आपका धन्यवाद। एक-दूसरे को प्यार करें। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं।' अब इस वक्त सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन हुए हैं। हर शख्स उनके बारे में जानने के लिए बेताब है।

हॉलीवुड मसाला



# दुर्घटना के बाद शुरू किया काम

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर जेरेमी रेनर हादसे के तकरीबन एक साल बाद वापस काम पर लौट आए हैं। एवेंजर्स सीरीज की फिल्मों में सुपरहीरो हॉकआई का किरदार निभाने वाले जेरेमी जनवरी 2023 की शुरुआत में स्नो प्लोइंग करते हुए हादसे का शिकार हो गए थे। बर्फ हटाने वाले औजार से उनके सीने में चोट आई थी। बताया गया था उनकी 30 से ज्यादा हड्डियां भी टूटी थी। इस एक्सीडेंट के बाद जेरेमी की सर्जरी हुई थी। 52 साल के जेरेमी रेनर ने स्नो प्लो एक्सीडेंट के एक साल बाद 'मेयर ऑफ किंग्सटाउन सीजन 3' के काम को फिर से शुरू करने की पुष्टि कर दी है।




# पाउला ने लिथगो पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप...

**लॉस एंजिलस।** अमेरिका की मशहूर सिंगर पाउला अब्दुल ने ब्रिटिश टेलीविजन कार्यकारी निगेल लिथगो पर 'यौन उत्पीड़न' का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। नए मुकदमे के अनुसार, पाउला अब्दुल ने 'अमेरिकन आइडल' के पूर्व निर्माता निगेल लिथगो पर 2000 के दशक की शुरुआत में उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है, जब वह रियलिटी प्रतियोगिता शो में जज थीं। पाउला का कहना है कि 'अमेरिकन आइडल' के शुरुआती सीजन के दौरान लिथगो ने एक लिफ्ट में उसका यौन उत्पीड़न किया था। कोर्ट के दस्तावेजों में कहा गया है कि पाउला अब्दुल ने उसे दूर धकेलने की कोशिश की और लिफ्ट के दरवाजे खुलते ही भाग गई थी। टीएमजेड के अनुसार, लिथोगो ने आरोपों से इनकार किया।



# 45 वर्ष की हुईं विद्या यह थी पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री विद्या बालन 45 वर्ष की हो गईं। पहली जनवरी, 1979 को जन्मीं विद्या बालन बचपन के दिनों से ही अभिनेत्री बनने का ख्वाब देखा करती थीं। वर्ष 1995 में विद्या बालन को जीटीवी पर प्रसारित धारावाहिक हम पांच में काम करने का अवसर मिला। विद्या बालन ने फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2003 में प्रदर्शित बांग्ला फिल्म भालो थेको से की। विद्या ने बालीवुड में अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2005 में प्रदर्शित विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिणीता से की। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया। फिल्म में विद्या बालन के अपोजिट संजय दत्त थे। फिल्म टिकट खिडक़ी पर सुपरहिट साबित हुई।



# रणबीर व कोंकणा की फिल्म वेक अप सिड

**मुंबई।** साल 2009 में आई रणबीर कपूर की फिल्म 'वेक अप सिड' को दर्शकों ने काफी पसंद किया गया था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इसमें रणबीर की जोड़ी अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा के साथ बनी है, जिसे लोगों ने खूब प्यार दिया। अब खबर है कि रणबीर और कोंकणा की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। दरअसल, दोनों ने लगभग 15 साल बाद एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रणबीर कई क्रू सदस्यों के साथ एक स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आ रहे हैं। सामने आए इस वीडियो में कोंकणा की भी झलक देखने को मिली।

टीवी मसाला



# 'झलक दिखला जा' में रेसलर संगीता फोगाट का जलवा ...

**नई दिल्ली।** 'चिकनी चमेली' गाना श्रेया घोषाल ने गया है, जिसे कैटरीना कैफ पर फिल्माया गया है। यह गाना 2012 की एक्शन क्राइम फिल्म 'अग्निपथ' से है, जिसमें ऋतिक रोशन, प्रियंका चोपड़ा और संजय दत्त मुख्य भूमिकाओं में हैं। झलक दिखला जा के 'डांस का अखाड़ा' में जीत हासिल करने वाली टैलेंटेड संगीता फोगाट ने कोरियोग्राफर विवेक चाचेरे के साथ 'चिकनी चमेली' पर अपनी शानदार अदाओं से सभी को हैरान कर दिया। मलायका अरोड़ा ने संगीता के नए अवतार से प्रभावित होकर कहा, 'यह क्या प्रदर्शन था, आपने बहुत अच्छा डांस किया। मुझे वाकई मजा आया। मेरा मतलब है, जब आप डांस करते हैं, तो मेरे चेहरे से मुस्कान कभी नहीं जाती, मुझे वह पसंद है। तारीफों के पुल बांधते हुए अरशद ने कहा, 'आप बहुत प्यारी डांसर हैं, जब आप डांस करती हैं तो हम दंग रह जाते हैं। आपके अंदर की क्यूटनेस आपकी हरकतों से झलकती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इसे कैसे करते हैं, आप हमें बहुत प्यारी लगती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'शानदार कोरियोग्राफी, विवेक आप यह बहुत अच्छा करते हो। आप जिस तरह से सेलिब्रिटी के स्वभाव और व्यक्तित्व के अनुरूप कोरियोग्राफी करते हैं, उसका एक अलग ही आनंद होता है। मुझे वाकई मजा आया।

## बिग बॉस से बेघर होने के बाद नील का बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली।** टीवी के जाने माने एक्टर नील भट्ट हाल ही में सलमान खान के पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' से बाहर हुए हैं। इस शो से निकलते ही नील ने बिग बॉस के मोहल्ले में अपने सफर और अंकिता लोखंडे और विक्की जैन संग अपनी लड़ाई के बारे में खुलकर बात की। इस बातचीत के दौरान एक्टर ने टीवी की संस्कारी बहू अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के रिश्ते से जुड़े कई चौंका देने वाले खुलासे भी कर डाले हैं। 'बिग बॉस' के घर में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन अक्सर एक-दूसरे से लड़ते-झगड़ते नजर आते हैं। अंकिता के प्रति विक्की का व्यवहार सोशल मीडिया पर काफी लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। अब नील भट्ट के लेटेस्ट खुलासों से ये चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है।

# शाहरुख 2024 में भी करेंगे धमाका



**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान के लिए साल 2023 काफी अच्छा रहा है। 'पठान' और 'जवान' के बाद किंग खान की पिछले साल की तीसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डंकी' भी दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही। अब शाहरुख के प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ताजा खबर यह है कि शाहरुख इस महीने के अंत में अपनी 3 नई फिल्मों की घोषणा कर सकते हैं।

***ये हैं शाहरुख की आगामी फिल्में :*** शाहरुख, सलमान खान के साथ यशराज के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'टाइगर वर्सेज पठान' लेकर आने वाले हैं, वहीं एलटी 'जवान 2' पर भी मुहर लगा चुके हैं। इसके अलावा वह अपनी बेटी और अभिनेत्री सुहाना खान के साथ भी बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। दोनों सुजॉय घोष के निर्देशन में बन रही थ्रिलर फिल्म 'किंग' का हिस्सा हैं। इसके एक्शन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनंद को दी गई है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी।

***लंदन में छुट्टियां मना रहे हैं शाहरुख :*** शाहरुख इस समय लंदन में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। वहां से लौटने के बाद किंग खान अपनी आगामी फिल्मों का ऐलान कर सकते हैं। एक सूत्र ने बताया, शाहरुख इस बात से काफी खुश हैं कि उनका पिछला साल अच्छा गुजरा। उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई। फिलहाल उन्हें किसी प्रोजेक्ट पर हस्ताक्षर करने की कोई जल्दी नहीं है। उनके पास कुछ स्क्रिप्ट हैं, लेकिन लंदन से आने के बाद वह उन्हें पढ़ेंगे।

# 'जॉली एलएलबी 3' होगी और ज्यादा मनोरंजक रिलीज समेत सामने आईं कई रोचक जानकारियां

**मुंबई।** सीक्वल फिल्मों को लेकर दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। आने वाले दिनों में बॉलीवुड की कई हिट और सुपरहिट फिल्मों के सीक्वल रिलीज होने वाले हैं। इस फेहरिस्त में 'जॉली एलएलबी' का नाम भी शामिल है। जब से 'जॉली एलएलबी 3' का ऐलान हुआ है, इसे लेकर प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। अब अक्षय कुमार और अरशद वारसी अभिनीत सीक्वल की शूटिंग समेत कई रोचक जानकारियां सामने आई हैं।

### मई में शुरू होने वाली है फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की पूरी टीम शूटिंग शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित है।



फिलहाल इसके नाम को लेकर टीम कश्मकश में है। 'जॉली वर्सेज जॉली' और 'जॉली एलएलबी 3' में से किसी एक नाम पर मोहर लगनी है, जिस पर निर्णय जल्द ही जिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मई में फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है। इस फिल्म का निर्माण अक्षय डिज्नी के साथ मिलकर अपने प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म 2025 में रिलीज होगी।

### पहले से ज्यादा मजेदार होगी फिल्म

रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म की कहानी पिछले दोनों भागों से दिलचस्प होगी। हालांकि, पिछली 2 फिल्मों की तरह, यह भी भारतीय न्यायपालिका की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, वहीं स्क्रिप्ट में मजेदार कॉमेडी का तड़का भी लगाया गया है। अक्षय और अरशद फिल्म में एक केस को लेकर एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। निर्देशक सुभाष कपूर ने बेहद शानदार कहानी तैयार की है, जो दर्शकों को सिनेमाघरों में सीट से उठने नहीं देंगे।

***असल जगहों पर होगी शूटिंग, किसका क्या किरदार :*** जानकारी मिली है कि फिल्म को सेट के साथ-साथ असल जगहों पर शूट करने की तैयारी चल रही है। सुभाष ने फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिलहाल वह शूटिंग के लिए जगहों का मुआयना कर रहे हैं। वह जयपुर में शूटिंग शुरू करने की सोच रहे हैं। जहां सौरभ शुक्ला फिल्म में बतौर जज वापसी करेंगे, वहीं अक्षय वकील जगीश्वर मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं तो अरशद जगदीश त्यागी की भूमिका में वापसी करने वाले हैं।

## बिना गॉडफादर के अपनी जगह बनाने वाले पाटेकर ने मनाया 72वां जन्मदिन

# बचपन में क्रॉसिंग पर पोस्टर्स पेंटिंग करते थे नाना, अभिनय से मनवाया लोहा

*बॉलीवुड में वैसे तो बहुत से ऐसे अभिनेता हुए जिन्होंने बिना गॉडफादर के अपनी जगह बनाई और एक अलग मुकाम बनाया। उसी में से एक हैं 'वेलकम' फिल्म के 'उदय भाई' यानी नाना पाटेकर। नाना पाटेकर का बचपन बहुत ही आर्थिक तंगी में गुजरा। एक ऐसा भी दौर था जब वो 13 साल की उम्र में ही जेब्रा क्रॉसिंग पर पोस्टर पेंटिंग करके अपने घर का गुजारा चलाते थे। एक बेहतरीन कलाकार नाना पाटेकर ने 1 जनवरी को अपना 72वां जन्मदिन मनाया। नाना द्वारा फिल्मों में निभाए गए हर किरदार अपने आप में जीवित हो जाते हैं।*



**मुंबई।** नाना पाटेकर का जन्म महाराष्ट्र के मुरूड-जंजीरा में दिनकर पाटेकर और संजनाबाई पाटेकर के घर 1 जनवरी 1951 को हुआ था। नाना पाटेकर का पूरा नाम विश्वनाथ नाना पाटेकर है। नाना पाटेकर जब बहुत छोटे थे उसी समय उनके पिता की संपत्ति उनके परिवार के एक सदस्य ने हड़प ली जिसके वजह से उनका जीवन काफी अभाव और गरीबी में बीता था। जिसके वजह से काफी उम्र में ही काम करने लगे थे।

**स्मिता लाईं बॉलीवुड में, परिंदा से मिली पहचान :** 'गमन' फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखने वाले नाना पाटेकर को हिंदी सिनेमा में मशहूर अभिनेत्री स्मिता पाटिल ने लाया था। थिएटर करने के शौकीन नाना की एक्टिंग देखकर स्मिता काफी प्रभावित हुई थी जिसकी वजह से उन्होंने उनको रवि चोपड़ा से मुलाकात कराई। नाना को पहचान 'परिंदा' फिल्म से मिली। इस फिल्म में खलनायक की भूमिका नाना ने अदा की थी। जिसके लिए उनको सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था।



### अपनी एक्टिंग और आवाज से दिलों में बनाई जगह

नाना पाटेकर की फिल्में सफल होने के बाद वो एक बाद एक फिल्में करते गए। हर फिल्मों में नाना कि एक्टिंग और उनकी आवाज दर्शकों को उनका दीवाना बना रही थी। तिरंगा में वाघले के रूप में वहीं क्रांतिवीर में प्रताप नारायण तिलक के रूप में। गुलाम-ए-मुस्तफा हो , अपहरण हो,अब तक छप्पन हो या राजनीति से लेकर सभी फिल्मों के किरदार लोगों के दिलों दिमाग में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं।

# सबालेंका की ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत, खिताब से दो कदम दूर



एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

*ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को यहां पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ ब्रिसबेन इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत बेलारूस की हमवतन विक्टोरिया अजारेंका से होगी। सबालेंका ने कसात्किना को 6-1, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत दर्ज की। सबालेंका ने पिछले साल एडीलेड में खिताब जीतने के बाद मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था।*

### अजारेंका ने दर्ज की जीत

ऑस्ट्रेलिया ओपन और ब्रिसबेन में दो बार की चैंपियन अजारेंका को हालांकि सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट तक जूझना पड़ा। अजारेंका ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन और तीसरी वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। सबालेंका और अजारेंका चार साल से अधिक समय पहले इसी कोर्ट पर फेड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोड़ी बनाकर खेले थे।



### युकी-रॉबिन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार रॉबिन हासे ने शुक्रवार को यहां नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत-नीदरलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 36 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 7-6 (5), 7-6 (6) से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में भांबरी-हासे की जोड़ी का सामना इंग्लैंड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

### सेमीफाइनल में रिबाकिना

इस बीच दूसरी वरीय एलेना रिबाकिना ने अनास्तासिया पोटापोवा के चोटिल होने के कारण मुकाबले के बीच से हटने पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विंबलडन 2022 चैंपियन रिबाकिना ने पहला सेट 6-1 से जीत लिया था जिसके बाद 11वीं वरीय पोटापोवा ने पेट में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। रिबाकिना सेमीफाइनल में लिंडा नोसकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 16 साल की माइरा आंद्रीवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।



### सेमीफाइनल में पहुंची कोको गॉफ और नवारो

**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने वर्षा से प्रभावित क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां फ्रांस की वारवरा ग्रेचेवा को सीधे सेट में हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीय और गत चैंपियन कोको गॉफ ने सिर्फ 52 मिनट में मुकाबला 6-1, 6-1 से जीता। कोको गॉफ ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है जबकि पिछले साल भी खिताबी जीत के दौरान उन्होंने एक भी सेट नहीं गंवाया था। सेमीफाइनल में कोको गॉफ की भिड़ंत हमवतन अमेरिकी एम्मा नवारो से होगी जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की पेत्रा मार्टिच को 6-4, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप



### तवांग करेगा कयाकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में अगले महीने तवांग चू नदी पर पूर्वोत्तर के सबसे बड़े कयाकिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। तिब्बत की दो नदियां इस तवांग चू नदी में मिलती हैं जिसके बाद यह भूटान में जाने के बाद अंत में ब्रह्मपुत्र में विलीन हो जाती है। टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कयाकिंग टूर्नामेंट 'तवांगचू टाइड्स' पांच फरवरी से शुरू होगा और छह दिन की रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद 10 फरवरी को समाप्त होगा। यहां होने वाले कयाकिंग टूर्नामेंट में दुनिया भर के 130 खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

### भारत की अगुवाई करेंगी अवनि प्रशांत

**मेलबर्न।** प्रतिभावान गोल्फर अवनि प्रशांत इस महीने होने वाले प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और ऑस्ट्रेलियन



एमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी जिसमें दो पुरुष और दो महिला गोल्फर शामिल हैं। पेशवर बनने की अपनी योजना को कुछ समय के लिए टालने वाली 17 साल की अवनि दोनों प्रतियोगिताओं में हीना कांग के साथ खेलेंगी जबकि पुरुष वर्ग में संदीप यादव और रोहित चुनौती पेश करेंगे।

### मुंबई मैराथन का आकर्षण होंगे हेले

**मुंबई।** गत चैंपियन और प्रतियोगिता के रिकॉर्ड धारक इथोपिया के हेले लेमी बरहानु और एंचियालेम हेमानोट 21 जनवरी को यहां होने वाली टाटा मुंबई मैराथन के 19वें सत्र का आकर्षण होंगे। मुंबई मैराथन विश्व



एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोड रेस है। पिछले साल बरहानु ने दो घंटे सात मिनट 32 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता था। महिला वर्ग में हेमानोव ने पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए दो घंटे 24 मिनट 15 सेकेंड के टूर्नामेंट के रिकॉर्ड समय के साथ खिताब अपने नाम किया था।

### मेलबर्न के विकेटकीपर हार्पर को सिर में चोट

**मेलबर्न।** बिग बैश लीग की टीम मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर सैम हार्पर को शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर



ट्रेनिंग सत्र के दौरान सिर में चोट लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया। हार्पर सिर में चोट लगने के बाद होश में थे और उनकी हालत स्थिर है। उन्हें एंबुलेंस में अस्पताल ले जाया गया जहां रात को उनके स्कैन किए जाएंगे।

## टेस्ट : तीसरे दिन पाक ने 68 रन पर गंवाए 7 विकेट

# जमाल ने पाक को दिलाई बढ़त ऑस्ट्रेलिया की जोरदार वापसी

एजेंसी ▶▶| सिडनी

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान को शुक्रवार को यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में बढ़त दिलाई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी करते हुए मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने तीसरे दिन स्टंप से पहले के सत्र में 68 रन तक पाकिस्तान के सात विकेट चटकाकर उसे एक और संभावित हार की ओर धकेल दिया। जोश हेजलवुड नौ रन देकर चार विकेट चटका चुके हैं जबकि मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और ट्रेविस हेड के खाते में एक-एक विकेट आया।

पाकिस्तान की कुल बढ़त 82 रन की है। दिन का खेल खत्म होने पर मोहम्मद रिजवान छह रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जमाल ने अभी खाता नहीं खोला है। पाकिस्तान की दूसरी पारी में सैम अयूब (33) और बाबर आजम (23) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए हैं। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पिछला टेस्ट 1995 में यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ही जीता था।



### वार्नर की 'बैगी ग्रीन' कैप मिली

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने राहत की सांस ली और आभार व्यक्त करते हुए शुक्रवार को खुलासा किया कि उनकी 'बैगी ग्रीन' (ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट बल्लेबाज को मिलने वाली कैप) यहां रहस्यमयी तरीके से टीम होटल में मिल गई। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन के खेल की शुरुआत से पहले वार्नर ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि उनकी दो बैगी ग्रीन कैप मिल गई हैं। वार्नर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में कहा, 'सभी को नमस्कार, मैं आप सभी को यह बताते हुए बेहद खुशी और राहत महसूस कर रहा हूं कि मेरी बैगी ग्रीन मिल गई हैं।'

### जमाल का कमाल झटके 6 विकेट

*जमाल ने इससे पहले 69 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 299 रन पर समेटकर पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार विकेट 10 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर 2020 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट में पहली पारी में बढ़त गंवाई है। जमाल ने चाय के विश्राम के बाद मिचेल मार्श (54) को मिड ऑफ पर शान मसूद के हाथों कैच कराया। उन्होंने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा और फिर अपने अगले ओवर में लियोन (05) और हेजलवुड (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। जमाल ने इससे पहले उस्मान ख्वाजा (47) और हेड (10) को भी पवेलियन की राह दिखाई थी।*

### अफ्रीकी एथलीट ऑस्कर पैरोल पर जेल से रिहा

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के एथलीट ऑस्कर पिस्टोरियस को पैरोल पर जेल से रिहा कर दिया गया है और अब वह घर पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के सुधार विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभाग ने पिस्टोरियस की रिहाई के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। घोषणा सुबह लगभग साढ़े आठ बजे की गई जिससे पता चलता है कि सुधार अधिकारियों ने ओलंपिक धावक को दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के अटेरिजविले सुधार केंद्र से सुबह रिहा कर दिया।

- साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के लिए अश्विन की चुनौती

## कोहली और जडेजा सोबर्स ट्रॉफी की दौड़ में शामिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और शीर्ष ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में हैं। कोहली और जडेजा को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और टीम के उनके साथी ट्रेविस हेड से चुनौती मिलेगी। आईसीसी ने शुक्रवार को कहा कि अश्विन को हेड और ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी उस्मान ख्वाजा के अलावा इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

## ओलंपिक क्वालीफायर करो या मरो का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढ़ाया है।

उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन यहां 16 से 19 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें मेजबान



भारत सहित आठ देश शीर्ष तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। सविता ने कहा, 'टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं। यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।' टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### प्रज्ञानानंदा का समर्थन करना सौभाग्य की बात

**चेन्नई।** भारतीय शतरंज प्रतिभा आर प्रज्ञानानंदा को दिग्गज व्यवसायी गौतम अडाणी के रूप में नया प्रशंसक मिला जिन्होंने गुरुवार को इस 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर का सहयोग करने के फैसले की घोषणा की। अडाणी ने 'एक्स' पर प्रज्ञानांनदा के साथ



मुलाकात की अपनी फोटो साझा की जिसमें उन्होंने चेन्नई के इस स्टार खिलाड़ी को भारत के अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत करार दिया। अडाणी ने लिखा, 'प्रज्ञानानंदा का समर्थन करना सौभाग्य की बात है, वह शतरंज की दुनिया में लगातार परचम लहरा रहे हैं और भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं।'

**म.प्र. राज्य वन विकास निगम लिमिटेड**
पंचानन भवन, पंचम तल, मालवीय नगर, भोपाल

**वनोपज के घोष विक्रय की सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम के विभिन्न परियोजना मंडलों के काष्ठागारों में माह जनवरी 2024 में विभिन्न स्थलों पर विभिन्न तिथियों में ईमारती काष्ठ, जलाऊ चट्टे, बांस एवं अन्य सामग्री के नीलाम की तिथियां पूर्व से अधिसूचित है। नीलाम की तदर्थ तिथियां, तथा काष्ठागारों में विक्रय हेतु उपलब्ध वनोपज व अन्य सामग्री की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम की वेबसाइट www.mpsfdc.com पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु नीलाम दिनांक से पूर्व वेबसाइट को देखना सुनिश्चित करें।
म.प्र. माध्यम/113137/2024 प्रबंध संचालक

**प्रवेश घोषणा**

**प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएम-एबीएम, 24वां बैच और पीजीडीएम-आईईवी, दूसरा बैच)**

सीसीएस एनआईएएम, जयपुर बैच 2024-26 के लिए पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट) और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट) में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, दोनों पाठ्यक्रम एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित हैं।

प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता आईसीएआर/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि से संबद्ध विज्ञान या किसी अन्य विषय में स्नातक की डिग्री है। दोनों पाठ्यक्रमों का विवरण जैसे पात्रता, चयन मानदंड, आरक्षण, आवेदन पत्र, प्रवेश प्रक्रिया और प्रॉस्पेक्टस संस्थान की वेबसाइट www.ccsniam.gov.in पर अलग से रखे गए हैं। जो उम्मीदवार पीजीडीएम-एबीएम/पीजीडीएम-आईईवी के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनके पास कैट 2023 या सीएमएटी 2024 होना आवश्यक है।

आवेदन पत्र वेबसाइट http://www.ccsniam.gov.in से अलग से भरा जा सकता है। आखिरी तारीख 31 मार्च 2024 होगी।

CBC 01375/12/0009/2324
महानिदेशक
सीसीएस एनआईएएम,जयपुर

**पश्चिम मध्य रेल**
वाणिज्य विभाग, जबलपुर मंडल
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। **Catalogue No.:** JBPC-NFR-30. **Category:** Advt. Category. **Lot No.:** ADVT-JBP-JBP-OSD-98-22-1. **Assets Details:** जबलपुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 22 यूटीएस काउंटरों, 28 पीआरएस काउंटरों, 32 यूटीएस सह पीआरएस काउंटरों और 20 पूछताछ कार्यालयों पर दोहरी प्रदर्शन सूचना प्रणाली (डीडीआईएस). **Auction Start:** 18.01.2024, 12.00 Hrs. **Auction End:** 18.01.2024, 12.30 Hrs. **Category:** Advt. Category. **Lot No.:** ADVT-JBP-JBP-OSN-94-23-1. **Assets Details:** जबलपुर स्टेशन पर फ्लेक्स बोर्ड एवं ग्लो साईन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **Auction Start:** 18.01.2024, 12.00 Hrs. **Auction End:** 18.01.2024, 12.40 Hrs. **Category:** Misc. Category. **Lot No.:** MSS-JBP-JBP-Prkiosk-2-23-1. **Assets Details:** जबलपुर स्टेशन पर ऑनलाईन किओस्क। **Auction Start:** 18.01.2024, 12.00 Hrs. **Auction End:** 18.01.2024, 12.50 Hrs. संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर परिषद, सांईखेड़ा, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Main Road,Saikheda Phone:07791-250320 Email:cmosaikheda@mpurban.gov.in)

पत्र क्र.54/ई-टेण्डर/2023-24 **निविदा सूचना** सांईखेड़ा, दिनांक-04/01/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_323997_1 04/01/2024 | कायाकल्प 2.0 अभियान अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर (कुल 08 स्थानों पर) सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 03 माह 4754027.00 | 5000.00 35660.00 | 08.02.2024 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद,सांईखेड़ा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट**
ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण

बालाघाट जिले के विकासखण्डो में ईल्ड टेस्ट कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10 ( प्रतिशत दर) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रकिया की जावेगी।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| ई-टेंडरिंग पद्धति कमांक | निविदा कमांक /आमंत्रित दिनांक | कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू. लाख मे) | धरोहर राशि राशि (अर्नेस्ट मनी)रू.मै | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन लाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_323396_1 | 114/02.01.2024 | 19.85 | 39710/- | 2000/- | 2 माह | 17.01.2024 | 19.01.2024 | लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीय-कृत पंजीयन |
| 2024_PHED_323397_1 | 115/02.01.2024 | 19.85 | 39710/- | 2000/- | 2 माह | 17.01.2024 | 19.01.2024 | |
| 2024_PHED_323398_1 | 116/02.01.2024 | 19.85 | 39710/- | 2000/- | 2 माह | 17.01.2024 | 19.01.2024 | |
| 2024_PHED_323399_1 | 117/02.01.2024 | 19.85 | 39710/- | 2000/- | 2 माह | 17.01.2024 | 19.01.2024 | |
| 2024_PHED_323401_1 | 118/02.01.2024 | 19.85 | 39710/- | 2000/- | 2 माह | 17.01.2024 | 19.01.2024 | |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं key dates की जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
नोट :-1-सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल( http://www.mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें। 2-निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनो को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेगें निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क केडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर भुगतान कर केवल ऑन लाईन पर ही कय किये जा सकतें है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
G-22621/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)

**कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)**
N.I.T क्र. 46 (E.T.)/निर्माण/न.पा.नि./ 2023-24 **निविदा सूचना** सतना, दिनांक 04.01.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | निविदा क्र.व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमाक | कार्य का नाम | वार्ड क्र. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 46/01 04.01.2024 | 2024_UAD_324069_1 | बाउण्ड्रीवाल व पेवर्स निर्माण दूरदर्शन आफिस के पास | 04 | 22,38,918/- | 44,800/- | 5,000/- | 02 माह |
| 2 | 46/02 04.01.2024 | 2024_UAD_324071_1 | पेवर्स कार्य विभिन्न स्थानों में | 26 | 11,97,185/- | 24,000/- | 2,000/- | 02 माह |
| 3 | 46/03 04.01.2024 | 2024_UAD_324073_1 | प्रतीक्षालय एवं पेवर्स कार्य मारूति नगर मुक्तिधाम | 10 | 10,70,000/- | 21,400/- | 2,000/- | 02 माह |
| 4 | 46/04 04.01.2024 | 2024_UAD_324285_1 | नाली निर्माण सुमित बाजार के पास, चौहान नगर एवं विभिन्न स्थानों में | 29 | 27,45,092/- | 50,000/- | 5,000/- | 03 माह |

शर्ते-1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 05.01.2024 समय 15:30 से दिनांक 03.02.2024 समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)

**कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन जिला सिवनी म.प्र.**
Email – jssjlakhnadon@mp.gov.in/supdtiaillkd@gmail.ccm phon - 07690240750
mptenders.gov.in के माध्यम से
प्रथम ई-निविदा वर्ष 2024-25

जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 19991 / निर्वाह / 23 भोपाल दिनांक 15.12.2023 एवं के.जे. नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक 8635 / निर्वाह / 23 दि. 21.12.2023 के द्वारा वर्ष 2024-25 में खाद्यान्न, सब्जी, स्वच्छता, दवाईयाँ, एवं अन्य विविध सामग्री हेतु निविदा विज्ञप्ति का प्रकाशन सर्किल की जेलों में कराया गया है जिसमें सबजेल लखनादौन भी शामिल सबजेल लखनादौन की ई-निविदा जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर के उक्त आदेश के परिपालन में दिये गये निदेर्शानुसार mptenders.gov.in पर परिरूद्ध बंदियों हेतु दिनांक 22.01.2024 को शाम 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 02.01.2024 | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |
| निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमतरू. 1000/- प्रति फार्म राशि ऑन लाईन लेखा शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जावेगा। | 22.01.2024 को शाम 05:30 बजे तक | बेवसाईट mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 23.01.2024 को शाम 05:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 24.01.2024 को प्रात 12:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |
| ऑन लाईन फाइनेंशियल निविदा खोलने की तिथि | 25.01.2024 को सुबह 12:30 बजे से | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी mptenders.gov.in बेवसाईट पर भी देखी जा सकती है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालयीन समय में ई-मेल या फोन से सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

अधीक्षक (सबजेल)
लखनादौन जिला सिवनी म.प्र.
G-22569/23




## नमी भरी हवाओं की दम पर रंग दिखा रही ठण्ड

# घने कोहरे के बीच गलन भरी ठण्ड



**जबलपुर।** घने कोहरे के साथ ठण्डी हवाओं ने शुक्रवार की सुबह लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया। इतना घना कोहरा था कि 20 फुट दूर का अक्स साफ दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे की वजह से सूर्यदेव ने बहुत देर से दर्शन दिये। दिन का तापमान औसत से 2 डिग्री नीचे रहने के कारण धूप भी कुनकुनी लगती रही। धूप का प्रभाव तेज नहीं रहा। भरी ठण्ड में मासूम बच्चे ठिठुरते हुये स्कूल पहुंचे। बर्फीली हवाओं ने लोगों को आह ऊह करने विवश किया। मौसम विभाग के मुताबिक ग्वालियर चंबल के ऊपर सक्रिय चक्रवाती हवाओं के असर से कोहरा छाया और हवा में नमी बढ़ने की वजह से जाड़े ने अपनी रंगत दिखाई। रात का तापमान भले ही औसत से ऊपर रहा, लेकिन जाड़े की अकड़ में कोई कमी नहीं आई। मौसम विज्ञान के अनुसार पश्चिमी विक्षोप के कारण मौसम में परिवर्तन आया है। अरब सागर से नमी भरी हवाएं आ रही है जिससे बारिश के आसार बन रहे है ठंड भी बढ़ेगी।

इन दिनों शहर में कड़ाके की ठण्ड का दौर चल रहा है। सुबह शाम गलाव भरी ठण्ड और दोपहर में शीतलहर ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। चौबीसों घंटे लोग गर्म वस्त्रों से लदे नजर आ रहे हैं। रात को सड़के जल्दी वीरान हो जाती हैं। ठण्ड से बचने लोग जल्दी घरों में दुबक जाते हैं। वहीं दूसरी ओर सुबह दिनचर्या देर से शुरू होती है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 15.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 94 प्रतिशत और सायंकाल 83 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.53 बजे और सूर्यास्त शाम 5.39 बजे हुआ। उत्तर पूर्वी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला ग्वालियर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक नीचे लुढ़क गया। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारे पड़ सकती हैं। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 20.5 व न्यूनतम तापमान 08.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## दिल्ली से आने वाली ट्रेनें चल रही लेटलतीफ

# कोहरे की मार से ट्रेनों की स्पीड प्रभावित

**जबलपुर।** ठंड के मौसम में कोहरे की छाया से ट्रेनों को बचाने और ट्रेनों की लेट लतीफी रोकने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा फॉग fडिवाईस तकनीक का इस्तेमाल भी काम नहीं आ रहा है। यह डिवाइस कारगार नहीं हुई। कोहरे के बीच लगातार ट्रेनें विलंब से चल रही है। खासकर दिल्ली से आने वाली ट्रेने विलंब से चल रही है। इससे यात्रियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। लोग सही समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच



पा रहे हैं तो कुछ यात्रियों को टिकिटें कैसिंल कराने विवश होना पड़ रहा हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे में इस समय कुल 1046 फॉग पास डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। पमरे के तीनों मण्डलों में जिसमें जबलपुर मण्डल में 346 एफएसडी, भोपाल मण्डल में 299 एफएसडी एवं कोटा मण्डल में 401 एफएसडी सहित कुल 1046 फॉग पास डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है।

फॉग पास डिवाइस एक जीपीएस आधारित नेविगेशन डिवाइस है, जो लोको पायलट को घने कोहरे की स्थिति में ट्रेन चलाने में मदद करता है। यह लोको पायलटों को सिग्नल, लेवल क्रॉसिंग गेट (मानवयुक्त और मानव रहित), स्थायी गति प्रतिबंध, तटस्थ खंड आदि जैसे निश्चित स्थलों के बारे में ऑन-बोर्ड वास्तविक समय की जानकारी (प्रदर्शन के साथ-साथ आवाज मार्गदर्शन) प्रदान करता है। इस प्रणाली से भौगोलिक क्रम में आने वाले अगले तीन निश्चित स्थलों में से लगभग 500 मीटर तक ध्वनि संदेश के साथ-साथ अन्य संकेतक मिलते हैं।



## काले रंग के बायसन कुनबे में आए दो सफेद बायसन

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में सफेद बायसन बने आकर्षण का केंद्र

**जबलपुर।** प्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बायसन का परिवार भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। काले रंग के बायसन कुनबे में दो सफेद बायसन भी नजर आ रहे हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मढ़ई क्षेत्र में इन दिनों पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ है। बड़ी संख्या में पर्यटक वन्यप्राणियों व प्राकृति सौंदर्य को निहारने पहुंच रहे हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के मुताबिक, सफेद रंग के बायसन का दिखना काफी दुर्लभ माना जाता है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में करीब साढ़े छह हजार बायसन हैं, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है। बायसन गौर के कुनबे में दोनों सफेद बायसन की उम्र काफी कम है। रिजर्व क्षेत्र संचालक एल कृष्णमूर्ति का कहना है कि सफेद रंग के बायसन काफी दुर्लभ होते हैं, क्योंकि संख्या में काफी कम होते हैं। दो साल पहले तवा नदी के किनारे सफेद बायसन नजर आया था। अब मढ़ई में नजर आ रहे हैं। यहां सैर के लिए आने वाले पर्यटकों को भी बायसन का झुंड दिखाया जा रहा है, साथ ही सफेद बायसन की जानकारी भी दी जाती है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के मुताबिक, सफेद बायसन की उम्र जैसे-जैसे बढ़ेगी रंग और गहरा होता जाएगा। काले रंग के बायसन के शरीर में घुटने के पास ही सफेद रंग होता हैं।

# तीसरी से सातवी कक्षा की परीक्षा 27 फरवरी से

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने छोटी कक्षाओं की परीक्षाओं को महीनेभर पहले करवाना तय किया है। केंद्र ने तीसरी से लेकर सातवीं कक्षा की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। 27 फरवरी से पेपर शुरू होंगे। ठंड को ध्यान में रखते हुए केंद्र ने परीक्षा का समय दोपहर को रखा है। अधिकारियों के मुताबिक दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे के बीच पेपर होंगे। केंद्र ने पहले पांचवीं और

### टाइम टेबल जारी

आठवीं बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया, जो 6 से 13 मार्च के बीच संपन्न करवाई जाएगी। ऐसा पहली बार हुआ है जब 5वीं-8वीं से केंद्र ने पहले तीसरी, चौथी, छठी और सातवीं कक्षा की परीक्षा करवाएगा, क्योंकि इसके बाद बोर्ड परीक्षाओं में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाए। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं के लिए स्कूल खाली मिल सके। तीसरी और चौथी कक्षा की परीक्षा 27 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगी। केंद्र ने बिना छुट्टी दिए बच्चों की परीक्षा करवाने का फैसला लिया है। पांच विषय के पेपर लगातार रखे गए है। छठीं और सातवीं कक्षा की परीक्षा 27 फरवरी से 4 मार्च तक चलेगी। इन्हें सिर्फ एक दिन की अवकाश रहेगा, क्योंकि 3 मार्च को रविवार आया है। केंद्र ने दिव्यांग विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय देने को कहा है।

## जरूरतमंद यात्रियों को नहीं मिल पा रही बर्थ

# ट्रेनें लेट होने पर टिकट कराए जा रहे रद्द

**जबलपुर।** घने कोहरे के कारण ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं। चार्ट तैयार होने के बाद ट्रेन साढ़े तीन घंटे से अधिक लेट होने पर हजारों की संख्या में यात्री टिकट भी कैंसिल करा रहे हैं। इस सबमें विडंबना यह है कि एक तकनीकी दिक्कत के कारण ट्रेन भले ही खाली चली जाए, लेकिन जरूरतमंद यात्रियों को बर्थ उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ये खाली बर्थ करंट बुकिंग के लिए भी उपलब्ध नहीं हो रही हैं।

देरी से चलने वाली ट्रेनें खाली जा रही हैं और इनमें यात्री जनरल टिकट लेकर स्लीपर क्लास में आराम से बैठकर यात्रा कर रहे हैं। इससे रेलवे को भी घाटा हो रहा है व पैसा देकर सफर करने के इच्छुक यात्री को लाभ नहीं मिल रहा है। रेलवे की व्यवस्था के अनुसार किसी भी ट्रेन का पहला चार्ट तैयार होने के बाद खाली बची सीटों को करंट बुकिंग में 10 प्रतिशत कम राशि पर आरक्षण के लिए दर्शाया जाता है। वर्तमान में कोहरे के कारण ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं। पहला चार्ट बनने के बाद ट्रेन के रवाना होने से पहले जब यात्रियों को पता चलता है कि गाड़ी घंटों लेट है, तो वे रेलवे के तीन घंटे देरी से चलने पर फुल रिफंड मिलने के नियम का लाभ उठाकर टिकट कैंसिल करा लेते हैं। टिकट कैंसिल होने के बाद में खाली बर्थ तुरंत ही बुकिंग के लिए अन्य इच्छुक यात्रियों के लिए शो नहीं होती है। रेलवे के सिस्टम में अपडेट नहीं होने के कारण ये बर्थ तब तक नजर नहीं आती, जब तक ट्रेन उस स्टेशन तक न पहुंचे, जहां के यात्री ने टिकट कैंसिल कराया है। इसके साथ ही जब टीटीइ अपनी हैंडहेल्ड डिवाइस में इस बर्थ को नाट टर्न अप नहीं करेगा, तब तक वह आगे के स्टेशनों पर भी सेकंड चार्ट में करंट बुकिंग के लिए नजर नहीं आएगी।

## लगातार कोहरे और धुंध से फसलों को नुकसान

**जबलपुर।** मौसम इस बार किसानों को कभी खुशी कभी गम जैसा माहौल दिया है रबी सीजन में दिसंबर तक ठंड का माहौल कमजोर रहा तो जनवरी में लगातार कोहरा और धून्ध फसलों को नुकसान पहुंचा रही है किसानों को चिंता है की क्वालिटी तो खराब होगी उत्पादन पर भी इसका असर होगा। रबी सीजन में किसान गेहूं, चना, आलू लहसुन और मटर आदि फसलों को प्रमुखता से लगाते हैं मालवा में दिसंबर के महीने में ठंडी का असर जोरों पर रहता है जो फसलों को भी लाभ पहुंचता है लेकिन दिसंबर में अपेक्षा से कम ठंडी का मौसम रहा वहीं दिसंबर व जनवरी में माउठे की बारिश से फसलों को काफी हद तक मदद की थी किसाने को सिंचाई काम करना पड़ी वहीं अब लगातार कोहरे और धून्ध के गेहूं की बालियां खराब हो रही है।

# पांचवीं-आठवीं बोर्ड की परीक्षाएं छह मार्च से

**जबलपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित पांचवीं-आठवीं की बोर्ड परीक्षा छह मार्च से शुरू होंगी। परीक्षा लोकसभा चुनाव के पहले 14 मार्च तक समाप्त हो जाएगी। राज्य शिक्षा केंद्र ने गुरुवार को समय-सारिणी जारी कर दी है। परीक्षा में निजी व शासकीय स्कूलों के विद्यार्थी शामिल होंगे। पांचवीं और आठवीं में इस साल करीब 24 लाख छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। गौरतलब है कि पिछले साल इन परीक्षाओं में 22 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक पांचवीं की परीक्षा छह से 13 मार्च तक होंगी। परीक्षा का समय सुबह नौ से 11.30 बजे तक रहेगा। परीक्षा में पहला पेपर छह मार्च को प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, उर्दू का होगा। सात मार्च को गणित अथवा दृष्टिबाधितों के लिए संगीत, 11 मार्च को द्वितीय भाषा अंग्रेजी, हिंदी, 12 मार्च को पर्यावरण अध्ययन, 13 मार्च को अतिरिक्त भाषा हिंदी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी का पेपर होगा। जबकि आठवीं की परीक्षा छह से 14 मार्च तक होगी। परीक्षा का समय सुबह नौ से 11.30 बजे तक रहेगा। आठवीं परीक्षा में पहला पेपर छह मार्च को प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी का होगा। सात मार्च को गणित अथवा दृष्टिबाधितों के लिए संगीत का पेपर होगा। 11 मार्च सोमवार को द्वितीय भाषा अंग्रेजी अथवा हिंदी का होगा। 12 मार्च को विज्ञान, 13 मार्च को तृतीय भाषा संस्कृत, हिंदी, उर्दू, मराठी, पंजाबी, गुजराती व मूकबधिरों के लिए चित्रकला की परीक्षा होगी। 14 मार्च को आखिरी पेपर सामाजिक विज्ञान का होगा।

## स्कूल शिक्षा विभाग की अभिनव योजना

# प्रदेश के 7790 विद्यार्थियों को मिली नि:शुल्क ई-स्कूटी

**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग की अभिनव योजना में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पढ़ाई में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर विभाग की अभिनव योजना में नि:शुल्क ई-स्कूटी दी गई हैं। वर्ष 2022-23 में प्रदेश के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्रथम स्थान पाने वाले 7790 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया है। इस योजना पर विभाग ने 80 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है।

### नि:शुल्क साइकिल प्रदाय योजना

स्कूल शिक्षा विभाग की एक अन्य योजना में वर्ष 2022-23 में 5 लाख 30 हजार साइकिल का वितरण किया गया। योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिये प्रोत्साहित किया गया।

### सुपर-100 योजना

विभाग की एक अन्य योजना सुपर-100 में कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भोपाल के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय मल्हाराश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इंदौर में कक्षा-11 एवं 12 में अध्ययन के दौरान नि:शुल्क कोचिंग देने की व्यवस्था की गई है। यह कोचिंग देश के प्रख्यात व्यवसायिक पाठ्यक्रमों जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीए फाउण्डेशन आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रवेश के लिये दी जाती है। विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दिये जाने की व्यवस्था है। पिछले वर्षों में इस कोचिंग के माध्यम से विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन कर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश लिया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240